शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 85 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 20 अक्तूबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

विश्व समुद्री भारत शिखर सम्मेलन अर्थव्यवस्था में आशा लाई — पेज 3
छग विस चुनाव : भाजपा सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा : अमित शाह — पेज 4
मुख्यमंत्री योगी की फटकार के बाद राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में आयी तेजी — पेज 5
पायलट और मेरे बीच अब कोई मतभेद नहीं : गहलोत — पेज 8

## फ्लाईओवर हवाई अड्डा से बरसापाड़ा तक बनेगा : सीएम

### *श्रद्धांजलि फ्लाईओवर का लोकार्पण*



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज कहा कि गुवाहाटी को गेटवे ऑफ नॉर्थ ईस्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए गुवाहाटी में कई और फ्लाईओवर और रोटरी बनाने की योजना पर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से बरसापारा स्टेडियम तक फ्लाईओवर बनाने की योजना पर कार्य चल रहा है। वहीं, गुवाहाटी में एफसीआई से हैंडिक कॉलेज तक 6.5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण जीएनबी रोड पर किया जाएगा। जिसका निर्माण कार्य जनवरी में शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही असम सरकार गुवाहाटी में कई रॉटरी का निर्माण करने की योजना पर कार्य कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने आज राजधानी के आरजी बरुवा रोड में नवनिर्मित श्रद्धांजलि फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ राज्य के शहरी विकास आदि मामलों के मंत्री अशोक सिंघल, गुवाहाटी के विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, अतुल बोरा, रमेंद्र नारायण कलिता, गुवाहाटी नगर निगम के मेयर मृगेन शरणिया, राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह, राज्य के मुख्य सचिव पवन बरठाकुर समेत बड़ी संख्या में सरकारी -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों का होगा पुनर्वास : मुख्यमंत्री



**इंफाल।** मणिपुर हिंसा के दौरान विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि नष्ट हुए घरों में से पक्के घरों के पुनर्निर्माण के लिए 10 लाख और कच्चे घरों के पुनर्निर्माण के लिए पांच लाख रुपए दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत ये राशि दी जाएगी। इसके अलावा *एक परिवार एक आजीविका* के तहत प्रत्येक संकटग्रस्त परिवार को सुविधा दी जाएगी। इस राशि को 10 लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है जो सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा है कि राज्य में हिंसा के दौरान विभिन्न सुरक्षा बलों के शस्त्रागारों से लूटे गए 5669 हथियारों में से अब तक केवल 1350 ही बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों और पुलिस ने राज्य भर में संवेदनशील स्थानों पर चलाए गए विभिन्न तलाशी अभियानों में 1350 हथियार बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। मुख्यमंत्री गुरुवार को इंफाल के प्रथम मणिपुर राइफल्स परेड ग्राउंड में 132वें मणिपुर पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि राज्य पुलिस के शस्त्रागारों से लूटे गए कुछ हथियार और गोला-बारूद वापस कर दिए गए, जबकि कई पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों से सुरक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

## फिलिस्तीन को मानवीय सहायता भेजते रहेंगे : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से फोन पर बात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने युद्धग्रस्त गाजा के अल अहली अस्पताल में हुई नागरिकों की मौत पर संवेदनाएं व्यक्त की। बकौल एजेंसी, फिलिस्तीन के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम फिलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। युद्धग्रस्त गाजा के एक अस्पताल में -शेष पृष्ठ दो पर

## गाजा में फंसे लोगों को निकालना थोड़ा मुश्किल : बागची



**नई दिल्ली।** हाल ही में गाजा के एक अस्पताल पर रॉकेट हमले के बाद भारत ने इसपर चिंता जताया है। भारत ने इजरायल-हमास युद्ध के बीच अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि गाजा में उत्पन्न परिस्थिति को लेकर भारत चिंतित है। गाजा में भारतीयों के फंसे होने के सवाल पर बागची ने कहा कि वहां (गाजा) पहले तकरीबन -शेष पृष्ठ दो पर

## लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ चार्जशीट

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ गुरुवार को अहमदाबाद की एक विशेष अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। एनआईए के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस मामले में ये आरोप पत्र दाखिल किया है वह गुजरात पुलिस द्वारा लगभग 39 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती से जुड़ा है। एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के अलावा, भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

### सुप्रभात

*भाग्य बहादुर और कर्मठ व्यक्ति का ही साथ देता है। पीछे मुड़कर मत देखो आगे, अपार शक्ति, अपरिमित उत्साह, अमित साहस और धैर्य से ही महत्वपूर्ण कार्य निष्पन्न किए जा सकते हैं।*

– **स्वामी विवेकानंद**



## दुर्गा पूजा बेलवरण आज

**गुवाहाटी।** श्री हनुमानमंदिर लाचित नगर में शारदीय नवरात्रा मां दुर्गा देवी के नौ रुपो के पूजा का शुभारंभ गत 15/10/23 से आरंभ हो चुका है। इसी क्रम में दिनाक 20/10/23 को दुर्गा देवी के छठे रूप की पूजा के साथ बेलवरण संध्या 7.30 बजे की जाएगी। महासप्तमी 21/10/23, महाअष्टमी 22/10/23, माहनवमी 23/10/23 एवं विजयदशमी 24/10/23 की पूजा की जाएगी।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में भिड़ीं भाजपा महिला कार्यकर्ता


**जालौन।** भाजपा महिला कार्यकर्ताओं की मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला कार्यकर्ता जमकर लात घुंसे बरसा रही हैं। वीडियो में दिख रहा है कि भाजपा महिला कार्यकर्ताओं -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत दुनिया के लिए कुशल पेशेवर तैयार कर रहा है : पीएम



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए कुशल पेशेवर तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारों को अपने कौशल विकास का दायरा और बढ़ाना होगा। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में स्थापित ये केंद्र ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों की स्थापना को लाखों युवाओं के कौशल विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया और कहा कि विश्व स्तर पर कुशल भारतीय युवाओं की मांग बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए कुशल पेशेवर तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कौशल केंद्र स्थानीय युवाओं को वैश्विक -शेष पृष्ठ दो पर

## अब लाहौर से दिखाई देगा भारत का तिरंगा : गडकरी




**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी गुरूवार को पंजाब के दौरे पर पहुंचे। नितिन गडकरी ने अटारी बाघा बॉर्डर पर देश का सबसे ऊंचे तिरंगा फहराया। अटारी सीमा पर जयंती द्वार के सामने स्थापित इस ध्वज पर 305 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इससे पूर्व कर्नाटक में देश का सबसे ऊंचा झंडा लहर रहा है। गडकरी का आज दोपहर अमृतसर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उनका पंजाब के मंत्री कुलदीप धालीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने स्वागत किया। इसके बाद यहां से गडकरी सीधा श्री दरबार साहिब मत्था टेकने पहुंचे। जिसके बाद वह दिल्ली-कटड़ा नेशनल हाईवे का दौरा करने भी गए। गडकरी ने पंजाब में चल रहे हाईवे प्रोजेक्ट्स की भी जानकारी ली। गडकरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज तो मेरे जीवन का सुनहरा दिन है। मैं पहली बार बाघा बॉर्डर पर आया है। एनएचएआई ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। देश का सबसे ऊंचा झंडा यहां लगाया है। ये राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरणा देने वाली जगह है। उन्होंने कहा कि ये जब परेड देखते हैं तो रोमांचित होते हैं। आज उसका अनुभव मुझे मिलेगा। मैंने जिंदगी में बहुत काम किए हैं लेकिन ये सबसे अद्भुत काम है। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने केंद्रीय सुरक्षाबलों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मैं वीर जवानों का अभिनंदन करूंगा। वो देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। अंत में गडकरी ने भारत माता की जय के नारे के साथ अपनी बात खत्म की। उल्लेखनीय है कि पंजाब में 29 हजार करोड़ रुपए की लागत से पांच ग्रीनफील्ड एवं इकोनॉमिक कॉरिडोर बन रहे हैं। दिल्ली-अमृतसर-कटरा 669 किमी का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बन रहा है। इसके बनने से दिल्ली से अमृतसर 4 घंटे में और दिल्ली से कटरा 6 घंटे में पहुंचा जा सकेगा। अभी दिल्ली से कटरा की दूरी -शेष पृष्ठ दो पर

## पहली रीजनल रैपिड ट्रेन का उद्घाटन आज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी शुक्रवार को देश की पहली रीजनल रैपेड ट्रेन का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इससे पहले खबर आ रही है कि देश की पहली आरआरटीएस ट्रेन को *नमो भारत* के नाम से जाना जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नई रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) रेलगाड़ियों को नमो भारत के नाम से जाना जाएगा। साहिबाबाद से गाजियाबाद के बीच 17 किमी के पहले खंड का पीएम मोदी शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे। इसमें पांच स्टेशन होंगे। ये ट्रेनें दिखने में मेट्रो ट्रेन के समान होंगी, लेकिन इनके कोच में सामान रखने की जगह (लगेज कैरियर) और मिनी स्क्रीन जैसी कई सुविधाएं होंगी। एनसीआरटीसी को दिल्ली और मेरठ के बीच, भारत के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के निर्माण की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। एनसीआरटीसी ने पूर्व में कहा था कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ -शेष पृष्ठ दो पर

## लघु-मध्यम समाचार पत्र की समस्याओं के समाधान को लेकर जनसंपर्क के निदेशक को ज्ञापन

### कोविड के कारण क्षति पहुंचे अखबारों को जिंदा रखने का आह्वान



**गुवाहाटी।** ऑल असम न्यूजपेपर्स एसोसिएशन के एक 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज असम सरकार के सूचना और जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक मानवेंद्र देबरॉय, एपीएस से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में *विकसित भारत समाचार* के संपादक एवं ऑल असम न्यूजपेपर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा के साथ महासचिव और *दैनंदिन वार्ता* गोष्ठी के प्रबंध निदेशक शंकर गोहाईं तथा *प्रात: खबर* के विज्ञापन प्रबंधक नितुल शर्मा सहित 12 सदस्य थे, जिन्होंने देबरॉय को जनसंपर्क निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी और उन्हें शारदीय महोत्सव के लिए शुभकामनाएं दीं। उनसे प्रतिनिधिमंडल ने लघु-मध्यम समाचार पत्रों की समस्याओं के समाधान को लेकर सौहार्दपूर्ण चर्चा की तथा उनको एक ज्ञापन भी सौंपा। असम की राज्य भाषाओं में बड़े समूह के समाचार पत्रों की सीमित संख्या के अलावा, लघु और मध्यम स्तर पर बड़ी संख्या में दैनिक, साप्ताहिक, अर्ध-साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक समाचार पत्र और पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित होती हैं। ये लघु और मध्यम स्तर के समाचार पत्र राज्य की भाषा, साहित्य, संस्कृति, कला, खेल आदि को बढ़ावा दे रहे हैं। जहां बड़े समूह के समाचार पत्र चुनिंदा सीमित संख्या में स्थापित हस्तियों के कार्यों को प्रकाशित करते हैं, वहीं ये छोटे और मध्यम आकार के समाचार पत्र भाषा, साहित्य और रचनात्मकता का पहला प्रतिबिंब होते हैं। किंतु ये घाटे में प्रकाशित हो रहे हैं। रचनात्मकता का पहला क्षेत्र दशकों से लघु और मध्यम मीडिया है। पिछले 2020 से 2021 तक महामारी ने राज्य में मीडिया को बुरी तरह प्रभावित किया है। महामारी ने न केवल असम में बल्कि देश और विदेश में भी मीडिया, विशेषकर प्रिंट मीडिया पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। असम के मामले में, ऐसी प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद, लघु और मध्यम मीडिया आउटलेट कम से कम भारी नुकसान और अनिश्चित भविष्य के साथ नियमित रूप से समाचार पत्र प्रकाशित कर रहे हैं। महामारी की शुरुआत से ही विज्ञापन की होने वाली क्षति मीडिया के लिए अभूतपूर्व रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान सभी सरकारी और गैर-सरकारी विज्ञापनों में तेजी से गिरावट आई है। लघु और मध्यम मीडिया आउटलेट्स को राजस्व सृजन में भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसमें विज्ञापनों के वितरण में पारदर्शी एवं निष्पक्ष नीति के आधार पर बड़े, मध्यम एवं लघु समाचार पत्रों में समान वितरण का आह्वान किया गया है। ज्ञापन में विज्ञापनों के मूल्य निर्धारण के अनुसार बड़े, मध्यम और लघु समाचार पत्रों के लिए तीन स्तर तय करके सभी के लिए समान विज्ञापन की नीति अपनाने की आवश्यकता का भी उल्लेख किया गया है। प्रत्येक समाचार पत्र के लिए, विशेष रूप से लघु और मध्यम उद्यमों के लिए प्रति माह एक निश्चित मात्रा में विज्ञापन जारी करने की नीति की भी मांग की गई है, ताकि एक निश्चित मात्रा में विज्ञापनों के आधार पर एक निश्चित राशि की प्राप्ति सुनिश्चित हो। निदेशालय से आग्रह किया गया है कि विज्ञापन के दर-निर्धारण पर विशेष ध्यान -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# हिमंत और मेरा डीएनए एक जैसा : सुप्रिया सुले



**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के युद्ध को लेकर एनसीपी प्रमुख शरद पवार के बयान पर आलोचनाओं का दौर जारी है। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पवार शायद सुप्रिया सुले को हमास की तरफ से लड़ने के लिए भेजेंगे। शर्मा के बयान को लेकर अब एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने उन्हें कांग्रेसी डीएनए का बता डाला है। मीडिया से बात करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि वो शर्मा के बयान को लेकर आश्चर्यचकित हैं, क्योंकि हिमंत विश्व शर्मा और उनका डीएनए एक जैसा है। उन्होंने कहा कि शर्मा मूल रूप से कांग्रेसी हैं। इस बीच भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी महिलाओं का हमेशा से अपमान करती आई है। इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि शर्मा भाजपा में जाने के बाद बदल गए हैं। सुप्रिया सुले ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि वो हमेशा से हिमंत विश्व शर्मा पर गर्व करती थीं। उनका मानना था कि कांग्रेस डीएनए का कोई आदमी किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री है, यह उनके लिए गर्व की बात थी। इस बीच उन्होंने भाजपा से शरद पवार के बयान को एक बार फिर गौर से सुनने की नसीहत भी दी है। दरअसल, शरद पवार ने मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने फलिस्तीन की मदद की थी। पहली बार हमारे देश के प्रधानमंत्री ने इजरायल को मदद करने में अपनी भूमिका निभाई है। पवार के इस बयान के बाद से राजनीतिक अंचलों में हलचल मची हुई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राकांपा अध्यक्ष के बयान की निंदा करते हुए कहा कि उनके जैसे वरिष्ठ नेताओं को यह समझना चाहिए कि राष्ट्रहित और राष्ट्रीय सुरक्षा से बढ़कर कुछ नहीं है। इसे कभी भी राजनीतिक विचारों से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी शरद पवार के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की मानसिकता ठीक नहीं है, इसे रोकना होगा। हिमंत विश्व शर्मा के बयान पर शरद पवार गुट के नेता डॉ.जितेंद्र आव्हाड ने पलटवार करते हुए कहा कि हिमंत विश्व शर्मा जैसे लोगों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शर्मा के मन में नफरत है, वो नहीं जानते कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति क्या है। आव्हाड ने कहा कि फिलिस्तीन मुसलमानों से जुड़ा हुआ है और मुस्लिम नफरत को भारत में लाना ही भाजपा की एकमात्र योजना है।

## हमास से कम नहीं भाजपा, इतिहास पढ़ें हिमंत विश्व शर्मा : संजय राउत

**मुंबई।** इजराइल-हमास की जंग में भारतीय नेता भी बड़ी दिलचस्पी ले रहे हैं। नेता भी दो धरों में बंटे हुए हैं। यहां भी पक्ष और विपक्ष है। भाजपा नेता खुले तौर पर इजराइल को समर्थन दे रहे हैं तो विवक्षी नेता तर्क के आधार पर फिलिस्तीन के पक्ष में नजर आते हैं। इस बीच मुंबई में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पार्टी शिवसेना के सांसद संजय राउत ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि शर्मा जिस पार्टी से आते हैं वो हमास से कम नहीं है। संजय राउत ने कहा कि कि उन्हें पहले इतिहास पढ़ना और समझना चाहिए। वो भाजपा में हैं तो उन्हें फिलिस्तीन-इजराइल के बारे में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की क्या भूमिका रही है उन्हें जानना चाहिए। बीते दिनों पूर्व प्रधानमंत्री की एक वीडियो क्लिप खासा चर्चा में रही है, जिसमें वह इजराइल को आक्रमणकारी बता रहे हैं। पूर्व पीएम सीधे तौर पर इजराइल को अरबों की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया था और कहा था कि इजराइलियों को अरबों की कब्जे वाली जमीन खाली करनी होगी। सोशल मीडिया पर वाजपेयी के वीडियो क्लिप को बड़े स्तर शेयर किया गया और ताजा युद्ध पर भारतीय नेताओं के स्टैंड की आलोचना की गई। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा के बयान पर राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि यह एक मानवीय संकट है और वे इसका घरेलू फायदा उठाना चाहते हैं।।आप एक बार रिविजट करिए कि फिलिस्तीन को लेकर देश का क्या नजरिया रहा हैु। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हिमंत विश्व शर्मा वही शख्स है जिसके खिलाफ ये लोग (भाजपा) पानी पीकर जांच करते थे। जब से वह भाजपा में शामिल हुए हैं उनके खिलाफ जांच रुक गई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा इन दिनों इजराइल के विरोधियों को निशाने पर लिए हुए हैं।

## पहले मणिपुर संभालें फिर जंग पर बातें करें : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर तीखा हमला बोला है। सौरभ भारद्वाज ने हिमंत विश्व शर्मा को नसीहत दी है कि पहले मणिपुर पर ध्यान दीजिए, फिलिस्तीन, इजराइल बाद की बात है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के अंदर हजारों घरों को जला दिया गया, सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी गई, हेमंत विश्व ने क्या किया मणिपुर में अभी तक? असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध को लेकर शरद पवार के दिए गए बयान के संदर्भ में सुप्रिया सुले को लेकर बयान दिया था। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि उन्हें हमास के साथ लड़ने के लिए भेजा जाना चाहिए। हिमंत विश्व शर्मा के इस बयान पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आम

## छात्रों की संख्या बढ़ने पर सरकार ने 56 स्कूलों को दोबारा खोला

**चंडीगढ़ (हिंस)।** हरियाणा के स्कूलों के अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति नहीं मिलेगी। अध्यापकों को समय-समय पर वोट बनाने, जनगणना, वोटिंग डयूटी आदि जैसे कार्य करने होंगे। इसे लेकर प्रदेश सरकार कोई भी पॉलिसी नहीं बना सकी है। प्रदेश में पिछले 177 दिनों से चल रहे अध्याक संघ के क्रमिक अनशन के बाद गुरुवार को चंडीगढ़ में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यापक संगठनों के साथ बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, निदेशक सेकेंडरी अंशज सिंह, मौलिक निदेशक आरएस ढिल्लों, संयुक्त एवं अतिरिक्त निदेशक सतपाल शर्मा, नीरज शर्मा, विजय यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने राज्य की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

**इटानगर (हिंस)।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने आज राजभवन में राज्य के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन के साथ राज्य की कानून और व्यवस्था परिदृश्य की समीक्षा की। बैठक में अन्य लोगों के अलावा पुलिस महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) चुखू आपा और इटानगर राजधानी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि राज्य में, विशेषकर पूर्वी जिलों में कानून एवं व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने राज्य के डीजीपी को किसी भी अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था में व्यवधान को रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरतने और कार्रवाई करने की सलाह दी। राज्यपाल ने राज्य में व्याप्त शांतिपूर्ण माहौल को निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इस पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी हिंसात्मक कृत्य या कानून-व्यवस्था की स्थिति से दृढ़ता और प्रभावी ढंग से निपटा जाना चाहिए। पुलिस महानिदेशक ने राज्यपाल को अरुणाचल प्रदेश में कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करने में पुलिस की सक्रिय भूमिका के बारे में जानकारी दी, जिसमें तिरप, चांगलांग, लोंगडिंग (टीसीएल) जिलों में विद्रोही गतिविधि पर लगाम कसने के लिए किए गए उपाय और नशीली दवाओं की राज्य में तस्करी से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयास शामिल हैं।

## सिलचर हवाई अड्डे पर भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

**कछार (हिंस)।** गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने सीआईएसएफ के साथ मिलकर सिलचर के कुंभीरग्राम हवाई अड्डे पर ड्रग्स तस्करों के खिलाफ एक अभियान चलाया। अभियान के दौरान 4 पैकेट बरामद किए। जिसमें 4 किलोग्राम मेथामफेटामाइन था। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## गुवाहाटी में पहला बॉश और सीमेंस स्टोर खुला



**गुवाहाटी।** होम एप्लायंसेस इंडस्ट्री में वैश्विक प्रमुख, बीएसएच हॉसगेरेट जीएमबीएच की सहायक कंपनी, बीएसएच होम एप्लायंसेस ने लाइट ऑफ द ईस्ट, गुवाहाटी में अपने पहले बॉश और सीमेंस ब्रैंड स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की है। यह नया स्टोर ग्राहक-केंद्रितता के प्रति बीएसएच के अटूट समर्पण को बखूबी दर्शाता है और उत्तर-पूर्व भारत में ब्रैंड के विस्तार में सफलता का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है। बॉश और सीमेंस ब्रैंड स्टोर के भव्य उद्घाटन में बीएसएच होम एप्लायंसेस के वरिष्ठ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई, जिसमें सैफ खान, एमडी-सीईओ, बीएसएच होम एप्लायंसेस के साथ ही साथ अमित खेमका, डीलर पार्टनर, लाजो एजेंसीज भी शामिल रहे। इस विशिष्ट ब्रैंड स्टोर का उद्घाटन गुवाहाटी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता और नवीनतम प्रीमियम एप्लायंसेस की बढ़ती मांग के सटीक प्रमाण पर जोर देता है। गुवाहाटी को असम के सबसे बड़े शहर और इस क्षेत्र के एक प्रमुख आर्थिक केंद्र के रूप में पहचान प्राप्त है।

## जिला टीबी फोरम की बैठक आयोजित

**इटानगर (हिंस)।** अरुणाचल प्रदेश वेस्ट सियांग जिला के राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) ने आज यहां जिला उपायुक्त कांफ्रेंस हॉल, आलो में जिला टीबी फोरम की बैठक आयोजित की। बैठक कि अध्यक्षता जिला उपायुक्त पेंगा तातो ने की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य और अनेक पंचायत सदस्य भी शामिल हुए जिला टीबी अधिकारी डॉ. न्यादे पादु बागरा ने एनटीईपी की गतिविधियों को प्रस्तुत किया और वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त होने के लिए आगे बढ़ने की चुनौतियों और समाधानों को साझा किया। उन्होंने पश्चिम सियांग के जेडपीसी से टीबी मुक्त पंचायत गतिविधियों के लिए एनटीईपी को सहयोग करने की अपील की। डॉ. डबोम बागरा, डीएमओ आलो ने उस क्षेत्र को चिह्नित करने पर जोर दिया जहां टीबी के मरीज सबसे ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र हैं। वह टीबी रोगी की देखरेख और निगरानी के लिए एनटीईपी को पूर्ण समर्थन भी सुनिश्चित करते हैं। डीडीएसई वेस्ट सियांग ने वेस्ट सियांग जिले के स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम के लिए एनटीईपी, वेस्ट सियांग को पूर्ण समर्थन देने पर भी सहमति व्यक्त की। जिला उपायुक्त पेंगा तातो ने कहा कि टीबी एक सामाजिक कलंक है, इसलिए इस संबंध में जागरूकता फैलना बेहद जरूरी है। उन्होंने पंचायत नेताओं और विभाग के अधिकारीयो से वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने और टीबी मुक्त पंचायत के लिए एनटीईपी के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बीमारी से लड़ने और ठीक होने के लिए टीबी चैंपियन की सराहना की और उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान, उपायुक्त ने टीबी चैंपियन और टीबी चैंपियन के रिश्तेदार को सफलतापूर्वक इलाज पूरा करने के लिए एनटीईपी वेस्ट सियांग की ओर से प्यार के प्रतीक के रूप में उपहार दिया। टीबी चैंपियन ने मरीज को दी गई सर्वोत्तम सेवा के लिए एनटीईपी आलो की सराहना की।

# पृष्ठ एक का शेष

### लघु-मध्यम समाचार पत्र ...

देने, हर संवादपत्र के लिए, विशेषकर लघु और मध्यम संवादपत्र के लिए प्रतिमाह निर्दिष्ट परिमाण में विज्ञापन प्रदान करने की नीति ग्रहण कर निर्दिष्ट परिमाण के विज्ञापन के आधार पर निर्दिष्ट पूंजी प्राप्त करने में सक्षम बनाने का उपाय करने का अनुरोध किया गया है ताकि समाचारपत्र जीवित रह सके। ज्ञापन में क्लासिफाइड विज्ञापन बंद करने से लघु और मध्यम दैनिक समाचार पत्र पाठकों और ग्राहकों से वंचित हो गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि नियमित रूप से प्राप्त विज्ञापनों को अचानक बंद करने से समाचार पत्रों से जुड़े कर्मचारियों की आजीविका को खतरा पैदा हो गया है। जनसंपर्क निदेशक मानवेंद्र देब रॉय से ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक और उचित कदम उठाने की मांग की गई है।

### फ्लाईओवर हवाई अड्डा...

पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उधर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज गुवाहाटी में जू-रोड पर नवनिर्मित श्रद्धांजलि फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ राज्य के शहरी विकास आदि मामलों के मंत्री अशोक सिंघल, भाजपा विधायक अतुल बोरा, अगप विधायक रमेंद्र नारायण कलिता, गुवाहाटी पौर निगम के मेयर मृगेन शरणिया समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि विश्वकर्मा पूजा के दिन मुख्यमंत्री ने कामाख्या गेट पर नवनिर्मित नीलांचल फ्लाईओवर के उद्घाटन के मौके पर यह घोषणा की थी कि दुर्गा पूजा की महापंचमी के शुभ अवसर पर इस पुल का उद्घाटन किया जाएगा। अपनी घोषणा के अनुरूप आज इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया। यह महत्वाकांक्षी फ्लाईओवर निर्धारित समय से 11 महीने पहले बनकर तैयार हो चुका है। गुवाहाटी की दूसरी सबसे लंबी 2.3 किलोमीटर की इस फ्लाईओवर को उद्घाटन के लिए दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। फ्लाईओवर के ऊपर तथा नीचे विभिन्न प्रकार की लाइटें लगा दी गई हैं। फ्लावर के दोनों तरफ ऊपर और फ्लाईओवर के नीचे खंभों, रैलिंग आदि पर विभिन्न प्रकार के पेंटिंग किए गए हैं, जिससे यह फ्लाईओवर काफी आकर्षक दिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए सुबह बताया था कि कुल 316 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह फ्लाईओवर गुवाहाटी की इस व्यस्त सड़क पर ट्राफिक जाम की समस्या को कम करने में सहायक होगा।

### मणिपुर हिंसा के दौरान...

बलों द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान बरामद किए गए। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ही सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस ने कांगपोकपी जिले के फैजॉल और के मोलजोल गांवों से भारी हथियार बरामद की थी। सिंह ने दावा किया कि मणिपुर सरकार द्वारा की गई अपील के जवाब में, कई लोगों ने पुलिस और सुरक्षा बलों पर भरोसा जताते हुए स्वेच्छा से हथियार वापस कर दिए हैं। उन्होंने एक बार फिर से लोगों से अपील की, जिनके पास अवैध हथियार और हथियार हैं, वे उन्हें राज्य सरकार को वापस कर दें। उन्होंने कहा कि स्वेच्छा से लूटे गए हथियार सरेंडर करने वालों के खिलाफ कोई मामला या प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाएगी।

### फिलिस्तीन को मानवीय...

रॉकेट हमले की वजह से 500 से अधिक लोगों की मौत हुई है। इस हमले को लेकर इजरायल और हमास के बीच जमकर जुबानी जंग छिड़ी हुई है। हालांकि, इजरायल ने यह स्पष्ट किया है कि अस्पताल में हुए हमले में उनकी कोई भूमिका नहीं है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो शेयर किया। आईडीएफ के मुताबिक, इजरायली आतंकी संगठन के विफल रॉकेट लॉन्च ने गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल को निशाना बनाया।

### गाजा में फंसे लोगों ...

चार लोग थे, लेकिन अभी स्पष्ट आंकड़े नहीं है। उन्होंने कहा कि गाजा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकलना थोड़ा मुश्किल है। ऑपरेशन अजय को लेकर अरिंदम बागची ने कहा कि अजय ऑपरेशन के तहत पांच विमान से 1200 लोग वापस लाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें 18 नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और भी विमान भेजने का प्लान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने इजरायल पर हुए भीषण हमले की कड़ी निंदा की है और पूरी दुनिया को आतंकवाद से निपटने के लिए एकजुट होना चाहिए। फिलिस्तीन और इजरायल को लेकर अरिंदम बागची ने कहा कि हमने पहले भी बातचीत पर जोर दिया है और अभी भी उसी को दोहरा रहे हैं। बता दें कि मंगलवार को गाजा के एक अस्पताल में एक रॉकेट हमला हुआ था, जिसमें करीब 470 लोगों की मौत हो गई थी। अंतर्राष्ट्रीय समुदायों ने इस घटना की कड़ी निंदा की थी। साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया था। पीएम मोदी ने कहा दुख जताते हुए कहा कि इस युद्ध में निर्दोष नागरिकों की जान लेने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। गाजा के अस्पताल पर हुए हमले को लेकर फिलिस्तीन के अधिकारियों ने इजरायल को दोषी ठहराया है, जबकि इजरायल ने इसे बेबुनियाद बताया है। इस पर इजरायल का कहना है कि ये घटना इस्लामिक जिहाद द्वारा गाजा से लॉन्च किए गए एक रॉकेट के कारण हुई। बता दें कि हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया था। इस हमले में इजरायल में करीब 1400 लोगों की मौत हो गई और 3800 से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इजरायल के जवाबी हमले में गाजा में कम से कम 3300 लोगों की मौत हुई है और 12000 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### लारेंस बिश्नोई के ...

(आपराधिक साजिश), 201 (साक्ष्यों को गायब करना), 465 (जालसाजी) और 471 (धोखाधड़ी) के तहत एक विशेष अदालत में पूरक आरोप पत्र दायर किया है। इसके अलावा, आरोप पत्र में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, और आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अहमदाबाद आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने सबसे पहले इस मामले में 15 सितंबर, 2022 को एक प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद, एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ले लिया। साथ ही 20 अगस्त, 2023 को मामले को फिर से दर्ज किया। बता दें कि बीते साल 14 सितंबर को, गुजरात एटीएस ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक संयुक्त अभियान में कच्छ जिले के जखाऊ बंदरगाह के पास समुद्र के बीच में एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को रोका था। जब नाव की जांच की गई तो उसमें से 200 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 39 किलोग्राम हेरोइन मिली थी। साथ हीा अल तय्यसा नाम की इस नाव पर सवार छह पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था। बाद में जब इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि हेरोइन की खेप को दिल्ली के रहने वाले सरताज मलिक और जग्गी सिंह उर्फ वीरपाल सिंह की मदद से सड़क मार्ग से दिल्ली और पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों में ले जाया जाना था। बाद में उन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया था। जब इस मामले में गिरफ्तार आठों आरोपियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि ड्रग तस्कर मेराज रहमानी और एनी चीफ ओबिन्ना उर्फ चीफ, जो नाइजीरियाई हैं, जेल में बैठकर रैकेट चला रहे थे। रहमानी को कपूरथला और ओबिन्ना को अमृतसर की जेल में रखा गया था। एनआईए का आरोप है कि ये दोनों बिश्नोई के इशारे पर काम कर रहे थे।

### भारत दुनिया के ...

नौकरियों के लिए तैयार करेंगे और उन्हें निर्माण, आधुनिक खेती, मीडिया और मनोरंजन और इलेक्ट्रॉनिक्स में कौशल प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने बुनियादी विदेशी भाषा कौशल, भाषा व्याख्या के लिए एआई टूल का उपयोग जैसे सॉफ्ट स्किल में प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जो उन्हें भर्तीकर्ताओं के लिए और अधिक आकर्षक बनाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों में लंबे समय तक कौशल विकास के प्रति दूरदर्शिता और गंभीरता की कमी थी, जिसके परिणामस्वरूप कौशल की कमी के कारण लाखों युवाओं के लिए नौकरी के अवसर कम हो गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने कौशल विकास की आवश्यकता को समझा और अपने स्वयं के बजटीय आवंटन और कई योजनाओं के साथ इसके लिए समर्पित एक अलग मंत्रालय बनाया। कौशल विकास योजना के तहत 1 करोड़ 30 लाख से अधिक युवाओं को कई विशेषताओं के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जबकि पूरे देश में सैकड़ों से अधिक प्रधानमंत्री कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने उन व्यवसायों का जिक्र किया, जो गांवों में पीढ़ियों से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में बात की, जो नाई, बढ़ई, धोबी, सुनार या लोहार जैसे व्यवसाइयों की मदद के लिए शुरू की गई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इसके तहत प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस पर 13,000 करोड़ रुपए खर्च कर रही है और महाराष्ट्र में 500 से अधिक कौशल केंद्र इसे आगे बढ़ाएंगे। कौशल विकास के इन प्रयासों के बीच, प्रधानमंत्री ने कौशल के प्रकार में सुधार के क्षेत्रों पर जोर दिया, जो देश को और मजबूत करेगा। उन्होंने भारत के विनिर्माण उद्योग में अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों या शून्य दोष वाले उत्पादों की आवश्यकता को रेखांकित किया और उद्योग 4.0 पर भी चर्चा की, जिसके लिए नए कौशल की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारों को सेवा क्षेत्र, ज्ञान अर्थव्यवस्था और आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए नए कौशल पर भी जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण के लिए ऐसे उत्पादों को खोजने पर भी जोर दिया जो देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएंगे। हमें ऐसे उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक कौशल को बढ़ावा देना होगा। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए नए कौशल की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने धरती माता की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती पर जोर दिया। उन्होंने संतुलित सिंचाई, कृषि-उत्पाद प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और लोगों को ऑनलाइन दुनिया से जुड़ने के लिए कौशल का आकलन करने के लिए कौशल की आवश्यकता के बारे में बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की विभिन्न सरकारों को अपने कौशल विकास का दायरा और बढ़ाना होगा। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और अजीत पवार उपस्थित थे।

### अब लाहौर से ...

727 किमी है। इसके बनने से 58 किमी की दूरी कम हो जाएगी। दिल्ली में केएमपी से आरंभ होकर हरियाणा में यह एक्सप्रेस-वे 137 किमी बन रहा है। पंजाब में इसकी लंबाई 399 किमी है, जिसमें 296 किमी का काम शुरु हो गया है। जम्मू कश्मीर में एक्सप्रेस-वे की लंबाई 135 किमी है, जिसमें 120 किमी में काम चल रहा है। पंजाब में यह एक्सप्रेस-वे पटियाला, संगरुर, मलेरकोटला, लुधियाना, जालंधर, कपूरथला, गुरुदासपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्र से गुजरेगा। इस कॉरिडोर की एक प्रमुख विशेषता में ब्यास नदी पर एशिया का सबसे लंबा 1300 मीटर लंबा केबल स्टे ब्रिज शामिल है। यह एक्सप्रेस-वे सिख समाज के प्रमुख धार्मिक स्थलों स्वर्ण मंदिर, कपूरथला जिले में सुल्तानपुर लोधी गुरुद्वारा, गोइंदवाल साहिब गुरुद्वारा, खंडूर साहिब गुरुद्वारा, गुरुद्वारा दरबार साहिब (तरनतारन) को जोड़ते हुए माता के दरबार वैष्णो देवी कटरा तक बनेगा। इसके अलावा 1475 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा 50 किमी लंबा 4-लेन अमृतसर बाईपास का कार्य भी प्रगति पथ पर है। इसके बनने से तरनतारन से अमृतसर एयरपोर्ट के लिए बेहतर कनेक्टिविटी हो जाएगी। अमृतसर की ट्रैफिक की समस्या सुलझाने में यह बाईपास कारगर साबित होगा।

### पहली रीजनल रैपिड...

आरआरटीएस के समूचे 82.15 किलोमीटर लंबे मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन जून 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य है। आरआरटीएस ट्रेन में यात्रियों के लिए सीट के ऊपर सामान रखने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, वाई-फाई और प्रत्येक सीट पर मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा दी गई है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले खंड के उद्घाटन से पहले बुधवार को रैपिडएक्स ट्रेन का मीडिया के सामने पूर्वावलोकन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा रैपिडएक्स नाम की सेमी-हाई-स्पीड क्षेत्रीय रेल सेवा के लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे का निर्माण कराया जा रहा है। एनसीआरटीसी केंद्र सरकार और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम है। ये ट्रेन ओवरहेड लगेज रैक, वाई-फाई और हर सीट पर एक मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग सॉकेट जैसी यात्री सुविधाओं के अलावा कई सुरक्षा सुविधाओं से भी लैस हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हर कोच में लगभग 6 सीसीटीवी कैमरे हैं और इस कॉरिडोर पर यात्रियों की सुरक्षा एक प्राथमिकता है। डिब्बों में अन्य सुविधाओं में एक आपातकालीन दरवाजा, स्वास्थ्य संबंधी समस्या या अन्य प्रकार की आपात स्थिति के मामले में ट्रेन ऑपरेटर से बात करने के लिए एक बटन और आग बुझाने वाले यंत्र शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि ट्रेन के प्रीमियम कोच में एक ट्रेन अटेंडेंट मौजूद रहेगा, लेकिन वह अन्य डिब्बों में भी घूम सकता है। आपात स्थिति में उससे संपर्क किया जा सकता है।

### नारी शक्ति वंदन ...

का दो गुट आपस में भिड़ गया। बीच बचाव करते करते एक दूसरे पर लात-घूसों की बरसात हो गई। वीडियों में एक युवक भी महिलाओं की पिटाई करता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी सपा-कांग्रेस समेत अन्य दल खूब मजे ले रहे हैं। वीडियो यूपी के जालौन का बताया जा रहा है। जहां भाजपा ने नारी शक्ति वंदन सम्मेलन बुलाया था। लेकिन कार्यक्रम में सडक पर ही महिला कार्यकर्ता आपस में उलझ गई। वीडियो में महिलाएं एक दूसरे से मारपीट करती हुई ओर बाल खींचते हुए नजर आ रही है। समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इसका वीडियो वायरल किया है और भाजपा पर तंज कसा है। महिलाओं को जागरुक करने के इरादे से ये सम्मेलन बुलाया गया था लेकिन कार्यक्रम शुरु होते ही विवाद हो गया जिससे सड़क पर जाम लग गया और लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे। बता दें कि केंद्र सरकार विशेष सत्र में पास कराए गए महिला आरक्षण बिल से अवगत कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी नवरात्रि पर हर जिले में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में जालौन के कालपी कस्बे में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में भाजपा महिला कार्यकर्ता आपस में भिड़ गईं। महिलाएं एक दूसरे से बीच सड़क पर हाथापाई करने लगी।

# अंतर-संसदीय संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सांसद तासा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा सांसद कामाख्या प्रसाद तासा को एंगोला के लुवांडा में 23 और 27 अक्टूबर को होने वाले अंतर संसदीय संघ के 147वें सत्र के लिए भारतीय टीम का सदस्य नामित किया है। राज्यसभा सचिवालय से भेजे गए एक पत्र में यह खुलासा हुआ है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि एक भारतीय प्रतिनिधि के रूप में वे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भाग लेने का मौका पाकर धन्य हुए हैं। वे राज्यसभा के सभापति के आभारी हैं। इस सम्मेलन में दो अन्य सांसदों के साथ-साथ राज्यसभा सचिवालय के शीर्ष अधिकारी भी शामिल होंगे।

# विश्व समुद्री भारत शिखर सम्मेलन अर्थव्यवस्था में आशा लाई

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय बंदरगाहों, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में भारत द्वारा *विश्व समुद्री भारत शिखर सम्मेलन 2023* देश की अर्थव्यवस्था के लिए आशाजनक प्रकाश लाया है। मुंबई में आयोजित सम्मेलन बंदरगाह आधुनिकीकरण, हरित हाइड्रोजन और अमोनिया व्यापार और वाणिज्य, जहाज निमानी आदि से संबंधित हैं। इस दौरान 3 लाख रुपए से अधिक का रिकॉर्ड निवेश किया गया और 70 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय से जारी एक बयान में, प्रदेश भाजपा ने केंद्र सरकार के कदम का स्वागत किया है, साथ ही सोनोवाल को विशेष धन्यवाद दिया गया। बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार का यह कदम समुद्री क्षेत्र में भारत की ताकत को मजबूत करने के साथ-साथ देश के जलमार्ग, जहाज चालन आदि मुद्दों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार प्रभारी प्रधानाचार्य

**नगांव ( हिंस )।** एक प्रभारी प्रधानाचार्य को आज रिश्वत लेते हुए रंग हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसमें, आरोप लगाया गया था कि खाद्य शिल्प संस्थान, सामागुड़ी, जिला-नगांव के प्रभारी प्रिंसिपल जलेन बैश्य ने फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट को सब्जियों और किराने की वस्तुओं की आपूर्ति के लिए भुगतान जारी करने के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत के रूप में दो हजार पांच सौ रुपए मांगे थे। बाद में, प्रभारी प्रधानाचार्य ने रिश्वत की राशि को घटाकर दो हजार रुपए कर दिया था।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नगांव ( हिंस )।** जिले के बेबेजिया के पास शेनसोवा में आकाश हुंडई के शोरूम के सामने हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेबेजिया जामुगुरी निवासी भद्रेश्वर नाथ के पुत्र बिद्युत नाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने आज बताया कि कल युवक नगांव के रास्ते बाइक (एएस-02एएच-1911) पर तेज गति से आ रहा था, तभी शेनसोवा में वह बिजली के खंभे से टकरा गया। घायल युवक को नगांव सिविल अस्पताल ले जाया गया लेकिन, गंभीर रूप से घायल युवक ने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिक दर्ज कर लिया है।

# रंगिया : सब्जी की दुकान में छापेमारी, संदिग्ध हेरोइन बरामद




**रंगिया ( विभास )।** गुप्त सूचना के आधार पर रंगिया पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को अबुबक्कर सिद्दीकी पुत्र- स्व. अफास अली ग्राम-उदियाना थाना-रंगिया की सब्जी की दुकान में छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया और एक काले रंग का प्लास्टिक पॉलिथीन बैग बरामद किया गया जिसमें कुल वजन 5.53 ग्राम संदिग्ध हेरोइन से भरे हुए 18 प्लास्टिक के कंटेनर पाए गए। पुलिस द्वारा इस विषय में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्वोत्तर में रेल कनेक्टिविटी: नई ट्रेनों का शुभारंभ

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारत के प्रमुख और महत्वपूर्ण शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न हिस्सों के बीच रेल कनेक्टिविटी में सुधार हेतु प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप दो नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत के साथ सिलचर तक एक ट्रेन और अगरतला तक दूसरी ट्रेन की विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाई गई। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो (डॉ.) मानिक साहा क्रमश: गुवाहाटी और अगरतला रेलवे स्टेशनों पर उपस्थित थे। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव विभिन्न स्टेशनों पर हरी झंडी दिखाने वाले कार्यक्रमों से वर्चुअली जुड़े। विभिन्न स्टेशनों पर इस समारोह के दौरान सांसद, विधायक, मंडल के वरिष्ठ रेल अधिकारी और राज्य के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बराक घाटी के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए असम के मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने गुवाहाटी स्टेशन से ट्रेन संख्या 15617/15618 (गुवाहाटी- दुल्लभछोड़ा- गुवाहाटी) एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। सांसद (लोकसभा) कृपानाथ मल्लाह और विधायक राताबारी बिजय मालाकार दुल्लभछोड़ा स्टेशन पर उपस्थित थे। पूर्वोत्तर सीमा रेल के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव, मुख्यालय के वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे। 21 अक्तूबर से ट्रेन संख्या 15617/15618 (गुवाहाटी-दुल्लभछोड़ा-गुवाहाटी) त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस की नियमित सेवा सोमवार, बुधवार और शनिवार को गुवाहाटी से 22:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दुल्लभछोड़ा 09:45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में यह ट्रेन मंगलवार, गुरुवार और रविवार को दुल्लभछोड़ा से 11:10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन गुवाहाटी 23:15 बजे पहुंचेगी। यह नई ट्रेन असम की राजधानी गुवाहाटी और मिजोरम का सीमावर्ती दुल्लभछड़ा के बीच पहली सीधी सेवा होगी। इससे असम और मिजोरम के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए सुगम यात्रा के साथ बेहतर रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर (डॉ.) मानिक साहा ने अगरतला तक ट्रेन संख्या 12519/12520 (लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस) की विस्तारित सेवा और ट्रेन संख्या 07688/07687 (अगरतला-सबरूम-अगरतला) दैनिक डेमू की सेवा को अगरतला रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई।

# ड्रग्स के साथ दो महिला समेत 4 गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के खानापाड़ा इलाके में ड्रग्स के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गुवाहाटी पुलिस ने आज बताया कि असम पुलिस की विशेष टीम एसटीएफ के छापे में मादक पदार्थों से भरे 86 कंटेनर में 119.5 ग्राम हेरोइन जब्त किए गए। अभियान के दौरान 11 हजार 1 सौ रुपए तथा तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। इस दौरान दो महिला समेत 4 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों में धन राभा (27), ऐनुल शेख (27), काटेप बोड़ो (44) और सूनाबानो बेगम (36) शामिल हैं। राजधानी के वशिष्ठ थाने में तस्करों से पुलिस की पूछताछ जारी है।

# लुइतपरिया कॉलेज छात्र एकता परिषद का चुनाव संपन्न



**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बागबर निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले चरणांचल के एक प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान लुइतपरिया कॉलेज की 2023-2024 छात्र एकता परिषद के लिए आज चुनाव हुआ। कॉलेज के प्राचार्य एवं चुनाव भर्ती अधिकारी डॉ. जसीम उद्दीन अहमद के अनुसार इस चुनाव में सैदुर रहमान को अध्यक्ष, नजीबुल हुसैन को महासचिव, जॉयनल आबेदीन को सहायक महासचिव, जुरल हक को खेल विभाग का सचिव, शाहिनुल इस्लाम को छात्र विश्राम कक्ष विभाग का सचिव,नीलिमा हक को एथलेटिक्स विभाग का सचिव बनाया गया है। हमीदुल इस्लाम को पत्रिका और साहित्यिक संपादक के रूप में चुना गया है। चुनाव अधिकारी डॉ. अनवर हुसैन और अबू अयूब अहमद ने बताया कि कॉलेज के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।

# होजाई जिले में कुल 565 पूजा पंडालों में होंगी मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

**होजाई ( विभास )।** होजाई जिले में दुर्गा पूजा की तैयारी अंतिम चरणों में है। इस वर्ष पूरे जिले में 565 पूजा पंडालो में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाएगी। जहां मूर्तिकार मां की मूर्ति को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। वही टेंट वाले पंडालों व बिजली के द्वारों को अंतिम स्वरूप देने में साथही पूजा को लेकर बाजार में भी रौनक दिखने लगी है। उधर जिला प्रशासन ने भी दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर कमर कस ली है। प्रशासन का एक ही उद्देश्य है कि आयोजन शांतिपूर्वक माहौल में हो व सभी भक्त मां के दर्शन शांति पूर्ण तरीके से कर सकें। होजाई में 1935 से मनाए जाने वाली शिवबाड़ी रोड स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा अपनी विशालकाय प्रतिमा, वेदिक पूजा व मेले के लिए प्रसिद्ध है। यहां हजारों की संख्या में कतर वद होके भक्ति मां के दर्शन को आते हैं। दूसरी तरफ अपनी 18 भुजों की प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध आदर्श दुर्गा पूजा समिति सन 1967 से पूजा का



आयोजन करती आ रही है। उक्त पूजा का आयोजन शहर के बीचोबीच जुगल किशोर केडिया स्मृति भवन में होता है जहां इस वर्ष समिति ने भवन के आगे पंडाल का स्वरूप महल जैसे दिया है। आज यहां समाज की महिलाओं व युवतियों ने हर वर्ष की भांति मां दुर्गा व उनके परिवार के हाथों में मेहंदी लगाई। समिति के सचिव मोहन मोरे ने बताया इस बार हम पूजा को लेकर काफी उत्साहित है। उन्होंने बताया की बेलषष्ठी के पहले दिन महिलाएं व युवतियां मिलकर मां के हाथों में मेहंदी लगाती है, हम इसे अच्छा सगुन मानते हैं। समिति के मनोज शर्मा ने बताया कि हर साल हजारों की संख्या में यहां भक्ति मां के दर्शन को आते हैं। वहीं समिति की तरफ से भक्तों के लिए यहां बैठने, पानी व प्रसाद की व्यवस्था की जाती है। दूसरी तरफ शहर के विष्णुपाली, गोविंदप्पल्ली, कृष्णानगर, साहा पट्टी, केड़ियापुरम, रामकृष्ण मिशन, गोविंदआश्रम, नेपाली मंदिर, राम ठाकुर मंदिर, कालीबाड़ी, मारवाड़ी दुर्गोत्सव समिति, हरिजन कॉलोनी, मणिपुरी समाज की पूजा, व्यवसाय पूजा समिति सहीत सभी पूजा समितियां पूजा को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही है व सभी पूजा की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# दारुल उलूम इस्लामिया हफीजिया मदरसा की वार्षिक धार्मिक बैठक आयोजित



**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बागबर निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्रेटर आलोपति माजर चर मार्केट के तहत दारुल उलूम इस्लामिया हाफिजिया मदरसा के वार्षिक धार्मिक जलसे की व्यापक तैयारियों को चिह्नित करने के लिए स्वागत की एक नई समिति बनाने के लिए बुधवार को आलोपति माजर चर बाजार कार्यालय घर में एक आम बैठक आयोजित की गई। ग्रेटर आलोपति माजर चर ग्राम पंचायत के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और जनता की उपस्थिति में आयोजित बैठक में दारुल उलूम इस्लामिया हफीजिया मदरसा की वार्षिक धर्म सभा की स्वागत समिति का गठन 11 सदस्यीय निर्णायक समिति द्वारा किया गया। समिति में नूर मोहम्मद अली को अध्यक्ष, अंशेर अली अहमद को कार्यकारी अध्यक्ष, अब्दुल अव्वल को महासचिव और नौशाद अली को मुख्य सलाहकार बनाया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त धार्मिक उत्सव इस वर्ष 26 से 29 नवंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। उद्योगपति ईमानदारी से उक्त धार्मिक सभा में सभी लोगों के सहयोग और उपस्थिति की कामना करते हैं।

# सोनाराम फील्ड में रोटरी स्मार्ट सिटी का गरबा उत्सव शुरू

**गुवाहाटी ( विभास )।** समाज सेवा के कार्य में हमेशा तत्पर रहने वाली रोटरी क्लब गुवाहाटी स्मार्ट सिटी के तत्वाधान में आज से सोनाराम खेल मैदान में गरबा उत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनय डीडवानिया ने बताया कि बृहस्पतिवार को नवरात्र डांडिया रास 6 दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निलेश अग्रवाल विधिवत किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईजीपी श्रीमती वॉयलेट बरुआ, एजी सतीश कसेरा, अनुराग जैन, समाजसेवी विष्णु डीडवानिया, विनोद सोनी हरिचंद अग्रवाल, पार्षद सौरभ झुनझुनवाला सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया की आज पहले दिन कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह से नि:शुल्क रखा गया था। इस दौरान प्लेबैक सिंगर प्रिया भट्टाचार्य ने अपने गीतों से लोगों को खूब थिरकाया। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को महानगर वासियों के साथ गरबा व डांडिया नृत्य करने के लिए जाने माने कलाकार सुधांशु पांडे व मंडलसा शर्मा उपस्थिति रहकर महानगर वासियों का मनोरंजन करेगी। वही कार्यक्रम में आने वाले दिनों में अभिनेता गुरमीत चौधरी, देबीना बनर्जी, गौरव खन्ना व सहज




घोषाल के अलावा शुभआरम नमक बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम संयोजक रवि अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब गुवाहाटी स्मार्ट सिटी के तत्वाधान में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में माहेश्वरी युवा संगठन, रोटरेक्ट क्लब ऑफ रोंगली गुवाहाटी व औरा एंटरटेनमेंट सहित पुलिस प्रशासन व मीडिया का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मंटू पाल ने बताया कि रोटरी क्लब का यह एक अर्थ संग्रह कार्यक्रम है इस आयोजन से आए होने वाली संपूर्ण राशि को क्लब पूरे वर्ष पर विभिन्न मानव कल्याण, विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यय करती हैं।

# दुर्गा पूजा के मौके पर रिसॉर्ट्स एवं ढाबों में विशेष व्यंजन की व्यवस्था

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी और इसके आसपास के लोग स्वादिष्ट भोजन का स्वाद चखने के लिए सोनपुर और इसके आसपास के इलाके में स्थित ढाबा और रेस्टोरेंटों का रुख करते हैं। सोनपुर इलाके में स्थित ग्रीनवुड होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, दिचांग रिसॉर्ट, ब्रह्मपुत्र जंगल रिजॉर्ट आदि की ओर से दुर्गा पूजा को देखते हुए विशेष मेनू के अलावा विशेष व्यवस्था की गई है। गुवाहाटी समेत पूरा राज्य में दुर्गा पूजा की पूरी धूम मची हुई है। वहीं सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से दुर्जा पूजा कमेटियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना, साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के साथ ही पंडालों में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धाओं की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों को तैनात करना प्रमुख है। दुर्गा पूजा के मद्देनजर ग्रीनवुड होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में15 से 24 अक्तूबर तक विशेष व्यंजन की व्यवस्था की गई है। ग्रीनवुड होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के प्रबंध निदेशक हिमांशु कलिता ने कहा कि दुर्गा पूजा के समय इस क्षेत्र का सांस्कृतिक महत्व है। पूजा के विशेष व्यंजन शाकाहारी और मांसाहारी दोनों के लिए विशेष व्यंजन की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा हिंदू कैलेंडर के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। असम में पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाया जाता है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है।

# अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों के लिए कार्यक्रम की घोषणा की

**गुवाहाटी ( विभास )।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर ने शिक्षा-शैक्षिक मूल्यांकन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए प्रवेश शुरू कर दिया है। यह कार्यक्रम कम से कम दो वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया है। वे शिक्षक, अकादमिक समन्वयक, शिक्षक प्रशिक्षक, पाठ्यक्रम डिजाइनर, टेस्ट पेपर डेवलपर, पाठ्यपुस्तक लेखक और कोई अन्य एनजीओ पेशेवर हो सकते हैं। यह एक साल का अंशकालिक कार्यक्रम मूल्यांकन के क्षेत्र में सिद्धांत और व्यवहार का एक संतुलित मिश्रण है। इसे ऑनलाइन और ऑन-कैंपस घटकों को मिलाकर मिश्रित मोड में पेश किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों, पाठ्यक्रम डेवलपर्स और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले ऐसे अन्य पेशेवरों सहित प्रमुख हितधारकों के बीच ज्ञान, कौशल और स्वभाव प्रदान करके क्षमताओं का निर्माण करना है जो योजना बनाने, डिजाइन करने और मूल्यांकन का उपयोग करने के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम प्रतिभागियों को मूल्यांकन, सिद्धांतों, दृष्टिकोण और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार में उनकी भूमिका की व्यापक समझ विकसित करने में सक्षम करेगा। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के कुलपति इंदु प्रसाद ने कहा कि अच्छी मूल्यांकन पद्धतियों से बच्चों को बेहतर सीखने में मदद मिलती है और शिक्षक बेहतर तरीके से पढ़ाते हैं। मूल्यांकन प्रथाओं में लगातार सुधार करने के लिए शिक्षा में प्रमुख लोगों-शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों, शिक्षा प्रशासकों, परीक्षा बोर्डों की क्षमता का निर्माण करना महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और कार्यक्रम की सामग्री, पात्रता और शुल्क के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जा सकते हैं। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु की स्थापना कर्नाटक सरकार के अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी एक्ट 2010 के तहत की गई थी। प्रायोजक संस्था अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने एक न्यायसंगत, मानवीय और टिकाऊ समाज की प्राप्ति में योगदान देने के स्पष्ट सामाजिक उद्देश्य के साथ, विश्वविद्यालय को पूरी तरह से परोपकारी और गैर-लाभकारी संस्था के रूप में स्थापित किया।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**दरंग ( हिंस )।** राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं में रोजाना कई लोगों की अकाल मौत हो रही है। सिपाझार में गुरुवार को फिर भीषण सड़क हादसा हो गया। यह दर्दनाक सड़क हादसा सिपाझार के हजारिकापारा में हुआ। हादसे में अपूर्व डेका नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई। पता चला है कि अपूर्व डेका उस समय सड़क के किनारे एक पेड़ से टकरा गया जब वह बाइक पर आ रहा था। हादसे के बाद अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। खबरों के मुताबिक, मृतक युवक का घर सिपाझार के हजारिकापारा देवानंद में है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# श्री गोपाल गौशाला, नगांव की आम सभा आयोजित

**नगांव।** आज श्री गोपाल गौशाला, नगांव की एक साधारण सभा श्री गोपाल गौशाला प्रांगण में नगांव मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष प्रह्लादराय तोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें काफी बड़ी संख्या में समाजबन्धु उपस्थित थे। सभा में आगामी 19 व 20 नवम्बर को आयोजित होने वाले गोपाष्टमी मेले पर विस्तृत चर्चा हुई। मेले को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन के साथ पूजा एवं हवन, बाहर से आमंत्रित कलाकारों के कार्यक्रम, नाम-कीर्तन, राधा कृष्ण बनो प्रतियोगिता, स्वेच्छिक वेष भूषा, छप्पन भोग, सवामणी भोग, विद्युत सज्जा, चाट के स्टॉल आदि




कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न उप समितियों का गठन करने का निर्णय लिया गया। उक्त सभा में राधेश्याम लोहिया के संयोजन में गठित तदर्थ समिति द्वारा पिछले ढाई महीने में गौशाला में किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। सभा में सर्वसम्मति से राधेश्याम लोहिया को वर्तमान सत्र हेतु अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा प्रदीप सोभासरिया एवं विजय कुमार लोहिया को उपाध्यक्ष, रामअवतार अग्रवाल को सचिव, शंकरलाल वर्मा एवं संजय पौद्दार को सह-सचिव, तथा सुरेन्द्र बंका को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष द्वारा शीघ्र ही कार्यकारिणी समिति के नामों की घोषणा की जाएगी। सुरेशजी खेतावत, शंकरलाल वर्मा, राजेन्द्र मुंदड़ा तथा अन्य समाज बंधुओं ने गौशाला के विकास हेतु सुझाव दिए। सह-सचिव संजय पौद्दार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# छग विस चुनाव : भाजपा सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा : अमित शाह



**जगदलपुर, (हि.स.)।** बस्तर जिले के तीन विधानसभा उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार करने के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को जगदलपुर पहुंचे। उन्होंने लालबाग मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन दीपावली मनानी है, पहली त्योहार की, दूसरी 03 दिसंबर को कमल की सरकार बनने पर और तीसरी दीपावली राम मंदिर का शुभारंभ होने पर मनेगी। गृहमंत्री शाह ने कहा कि बस्तर नक्सली क्षेत्र माना जाता था, एक बार फिर से भाजपा को मौका दे दो पूरे छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र ऐसा है, जहां पुलिस का जवान मरता है तो भी आदिवासी मरता है, नक्सली मरता है तो भी आदिवासी मरता है और आम नागरिक मरता है तो भी आदिवासी मरता है। उन्होंने कहा कि आपके पास दो विकल्प हैं, एक नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस की सरकार और दूसरी भाजपा सरकार, जो नक्सलवाद को समाप्त करेगी। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी के विकास के लिए 75 हजार करोड़ रुपये दिए हैं, जिससे पानी, बिजली, स्कूल जैसे सुविधाएं पहुंचाई है। दूसरी ओर भूपेश बघेल की कांग्रेस की सरकार ने शराब बेचने की दुकान खोली और हजारों करोड़ का घोटाला किया। नौकरी को लेकर छत्तीसगढ़ में युवा निर्वस्त्र होकर आपके राज्य में रैली निकालते हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार घोटाले करने वालों को उल्टा लटकाकर कार्यवाही करने का काम करेगी। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने आजादी के बाद एक आदिवासी परिवार के गरीब घर की बेटी को राष्ट्रपति बनाया। आदिवासी लोगों के लिए भाजपा ने कई सारे काम किए। भूपेश बघेल ने 50 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की बात कही, बिजली बिल आधा करने की बात कही थी, बिजली हाफ तो नहीं बिजली गुल कर दी। कांग्रेस ने एक काम किया है, पार्टी के लिए एटीएम बनने का काम किया है। जब भाजपा सरकार में थी, तब पीडीएस शुरू किया, चावल खरीदना शुरू किया, तेंदूपत्ता खरीदना शुरू किया, 27 हजार करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री मोदी ने बस्तर में किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में हजारों की संख्या में जनता व कार्यकताओं के साथ मंच पर जगदलपुर सामान्य सीट के उम्मीदवार किरण देव, चित्रकोट के उम्मीदवार विनायक गोयल, बस्तर विधानसभा के उम्मीदवार मनीराम कश्यप, नारायणपुर विधानसभा के उम्मीदवार केदार कश्यप के साथ पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, बस्तर प्रभारी संतोष पांडे समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

## इन्वेस्टर्स समिट के लिए अब तक 54 हजार करोड़ से अधिक के हुए एमओयू : मुख्यमंत्री धामी




**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तराखंड में आगामी दिसम्बर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अब तक संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और दिल्ली में कुल मिलाकर अब तक चौवन हजार पांच सौ पचास करोड़ (54550 करोड़) के इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को दुबई दौरे से लौटने के बाद दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं, निवेशकों, उद्योगों एवं उत्तराखंड के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि 08-09 दिसम्बर को देहरादून में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट तक हुए सभी करारों को धरातल पर उतारने के कार्य को अंतिम रूप दे रही है। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत पहले लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली में और अभी दुबई और अबू धाबी में विभिन्न निवेशक समूहों के साथ बैठकें हुईं। पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, फार्मा, कृषि, एग्रो के क्षेत्र में निवेशकों से काफी करार हुए हैं। निवेशकों का उत्तराखंड आने के लिए और निवेश के लिए मन में आकर्षण है। हजारों करोड़ के निवेश पर दुबई और आबू धाबी में करार के अलावा बहुत प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। देश के अन्य शहरों में भी निवेशकों के साथ संवाद और रोड शो किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न बैठकों में जो भी सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन सुझावों पर भी अमल किया जायेगा। जो भी करार हुए हैं और प्रस्ताव आये हैं, राज्य के लिए कौन से उपयोगी हैं और भविष्य में फायदेमंद हो सकते हैं, उनका पूरा आंकलन कर आगे के कार्य किये जायेंगे। निवेश के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाले और प्राथमिक सेक्टर को मजबूत बनाने वाले प्रस्तावों एवं करारों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दो दिवसीय यूएई दौरे के दौरान कुल मिलाकर पंद्रह हजार चार सौ पचहत्तर करोड़ (15475 करोड़) के इन्वेस्टमेंट एमओयू किए गए। इसके तहत पहले दिन दुबई में 11925 करोड़ एवं दूसरे दिन अबू धाबी में 3550 करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू शामिल हैं।

**अब तक 54 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू** - मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अब तक संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन व दिल्ली में कुल मिलाकर अब तक चौवन हजार पांच सौ पचास करोड़ (54550 करोड़) के इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन किए जा चुके हैं। इसमें यूएई में 15475 करोड़, ब्रिटेन में 12500 करोड़ और ब्रिटेन में 12 हजार 500 करोड़ एवं दिल्ली में आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों में 26,575 करोड़ के एमओयू (4 सितंबर को 7600 करोड़ एवं 4 अक्टूबर को दिल्ली रोड शो के दौरान 18975 हजार करोड़ रुपये ) किये जा चुके हैं।

## नरेला में विशाल झूले में फंसे लोगों को दमकल विभाग ने बचाया

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला इलाके में सुभाष रामलीला मैदान में लगे मेले में बुधवार रात एक विशाल घूमने वाला झूला बीच में फंस गया, जिसके चलते कई सवार उसमें ऊपर अटक गए। दमकल विभाग ने इसमें फंसे सभी 20 लोगों को बचा लिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि रामलीला मैदान में एक विशालकाय पहिये में कुछ तकनीकी खराबी आने के बाद उसमें से चार बच्चों और 12 महिलाओं सहित 20 लोग फंस गए थे। उन्होंने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आया है। कई लोग विशाल झूले में फंसे हुए दिख रहे हैं और अन्य लोग उन्हें बचाने के लिए झूले पर चढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात 11:10 बजे सुभाष रामलीला मैदान से एक बचाव कॉल मिली थी। इसके बाद दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने सभी 20 लोगों को सुरक्षित बचा लिया।

## गोवा में राष्ट्रीय खेल शुरू, पीएम मोदी 26 अक्टूबर को करेंगे औपचारिक उद्घाटन

**पणजी, (हि.स.)।** 37वें राष्ट्रीय खेलों का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे गोवा में करेंगे। हालांकि औपचारिक उद्घाटन से काफी पहले गुरुवार को बैडमिंटन टूनार्मेंट के इन खेलों की शुरूआत हो गई। गुरुवार सुबह यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, खेल मंत्री गोविंद गौडे और अन्य की मौजूदगी में बैडमिंटन टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, ह्लयह वह सपना है जिसे हमने पिछले 10 वर्षों से संजोकर रखा है और यहां इस कार्यक्रम की मेजबानी के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं। राष्ट्रीय खेलों का यह संस्करण अत्यंत सफल होगा। मुझे उम्मीद है कि यह भविष्य में एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में चमकने के लिए सभी एथलीटों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, "हालांकि गोवा अपने समुद्र और रेत के लिए प्रसिद्ध है, हम चाहते हैं कि इसकी खेल क्षमता के लिए भी इसे समान रूप से मनाया जाए।"

गोविंद गौडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास एक महान दृष्टिकोण है और वह भारत को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए प्रत्येक एथलीट को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, ह्लउसी के अनुरूप, हम 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें यकीन है कि यह टूनार्मेंट बेहद सफल होगा।"

## मनीष सिसोदिया राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए, अब सुनवाई 22 नवंबर को

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में गुरुवार को दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। आज कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। उसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई 22 नवंबर तक के लिए टाल दिया। कोर्ट ने 20 सितंबर को सीबीआई को चार्जशीट से जुड़े दस्तावेज सिसोदिया को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। 22 अगस्त को कोर्ट ने सिसोदिया को विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए पैसा जारी की इजाजत दे दी थी। 25 अप्रैल को सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने पूरक चार्जशीट में सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया है। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 25 नवंबर 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 15 दिसंबर 2022 को पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने आरोपितों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7, 7ए और 8 के तहत आरोप तय किए थे। कोर्ट ने पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया है, जिसमें कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण रामचंद्र पिल्लै, मुत्थू गौतम और समीर महेंद्रू के शामिल हैं।

## नितिन गडकरी ने दरबार साहिब में माथा टेका, देश के सबसे ऊंचे झंडे का करेंगे उदघाटन



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को अमृतसर पहुंचे और दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। वह आज अटारी बॉर्डर पर फहराए जाने वाले देश के सबसे ऊंचे तिरंगे के पोल का उद्घाटन करेंगे। अमृतसर हवाई अड्डे पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप धारीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने गडकरी का स्वागत किया। हवाई अड्डे से गडकरी सीधे दरबार साहिब पहुंचे। गडकरी अमृतसर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से बनाए जा रहे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे का दौरा करेंगे। इसके अलावा वह आज अटारी बॉर्डर पर नए स्थापित तिरंगे के पोल का उद्घाटन करेंगे। अटारी बॉर्डर पर आज फहराया जाने वाले तिरंगे का पोल देश में सबसे ऊंचा है। भारत ने अटारी बॉर्डर पर तिरंगे के लिए लगाए गए पोल की ऊंचाई को पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी 18 फीट ऊंचा कर दिया है। इससे पहले भारतीय तिरंगे के पोल की ऊंचाई 360 फीट थी, जबकि पाकिस्तान झंडे के पोल की ऊंचाई 400 फीट है। अब भारतीय स्वर्ण द्वार के सामने तैयार 418 फीट लंबा ध्वज स्तंभ लगाया गया है। यह दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान में खड़े लोग भारतीय ध्वज को आसानी से देख सकेंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 3.5 करोड़ रुपये में इस ध्वज स्तंभ को स्थापित किया है। यह ध्वज स्तंभ 360 फुट ऊंचे पुराने ध्वज स्तंभ से 100 मीटर की दूरी स्वर्ण द्वार के बिल्कुल सामने स्थापित किया गया है।

## जांच एजेंसियों की साख पर उठ रहे हैं सवाल : गहलोत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया है कि देश की जांच एजेंसियों (ईडी, सीबीआई,आईटी) की साख पर सवाल उठ रहे हैं। ये जांच एजेंसियां केन्द्र सरकार के दवाब में काम कर रही हैं। गहलोत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ईडी, सीबीआई और आईटी के अध्यक्ष से मिलने का समय मांगा था। बड़े दिनों बाद सीबीआई ने समय दिया और फिर अचानक कैंसिल कर दिया गया। वह सीबीआई के मुखिया से मिलने ही दिल्ली आए थे लेकिन सीबीआई ने इसको कैंसिल कर दिया है। यह एक चुने हुए जनप्रतिनिधि के साथ किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में 3 हजार 10 छापे मारे गए हैं, जिनमें से सिर्फ 888 मामलों में चार्जशीट दाखिल हो पाई है। इससे पता चलता है कि जांच एजेंसियों पर किस तरह का दबाव है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार राजनीतिक फायदे के लिए जांच एजेंसियों को मोहरा बना रही है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। आचार संहिता लगी हुई है। उसके बाद विपक्षी नेताओं पर छापेमारी जारी है। इस मुद्दे पर तो चुनाव आयोग को भी संज्ञान लेना चाहिए।

## इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध पर केंद्र सरकार का रुख निराशाजनक : केसी वेणुगोपाल



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से इजराइल फिलिस्तीन युद्ध पर केंद्र सरकार के रुख की आलोचना की है और इसे बेहद निराशाजनक बताया है। केसी वेणुगोपाल गुरुवार को कहा कि यहां तक कि जब हर दिन सैकड़ों लोग मारे जाते हैं, तब भी केंद्र सरकार संवेदना व्यक्त करने से ऐसे हाथ धो देती है, जैसे यह कोई भेंट हो। ये भारत की शैली और रवैया नहीं था। भारत प्राचीन काल से ही फिलिस्तीन के साथ रहा है। भारत ने उन लोगों के अधिकारों के संघर्ष के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है लेकिन भारत ने इजराइल या फिलिस्तीन के किसी भी हमले की कड़ी निंदा नहीं की। वेणुगोपाल ने कहा कि कुछ देश इजराइल द्वारा गाजा को पूरी तरह से खत्म करने के लिए किए जा रहे क्रूर हमले का समर्थन कर रहे हैं और उन्होंने भारत से इसके पीछे नहीं खड़े होने का आग्रह किया। इससे आश्चर्यजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि जब निर्दोष और असहाय महिलाएं और बच्चे, गोलीबारी में फंस जाते हैं, तो भारत इसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाए बिना कैसे खड़ा रह सकता है। ेणुगोपाल ने इस युद्ध के भयावह परिणामों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल ध्यान देने की मांग की है और कहा है कि भारत को शांति लाने और प्रभावितों को राहत प्रदान करने के प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वह परिपक्व और सम्मानजनक रुख है, जिसकी दुनिया भारत से अपेक्षा करती है। वेणुगोपाल ने कहा कि इजराइल हो या फिलिस्तीन, दोनों देश अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों से बंधे हैं। इजराइल में महिलाओं, बच्चों और कमजोर नागरिकों के खिलाफ हमास द्वारा किए गए अत्याचारों को किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लेकिन उस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जांच करना भी जरूरी है, जिसने उन्हें ऐसी परिस्थितियों तक पहुंचाया।

## ईडी ने किया विरोध, सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 6 नवंबर तक बढ़ाई

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 6 नवंबर तक के लिए टल गई है। जैन को स्वास्थ्य आधार पर मिली अंतरिम जमानत तब तक जारी रहेगी। ईडी ने कहा है कि जैन का इलाज हिरासत में भी हो सकता है, इसलिए जमानत रद्द की जाए। मामले की सुनवाई करने वाली बेंच के सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 1 सितंबर को सुनवाई से अपने आपको अलग कर लिया था। जस्टिस प्रशांत मिश्रा के बेटे ईडी के वकील के रूप में पेश हो चुके हैं। 25 अगस्त को सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि जैन की स्पाइनल सर्जरी हुई है और उन्हें आराम की जरूरत है। सिंघवी ने जैन की अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की। सिंघवी की दलील का ईडी ने विरोध करते हुए कहा था कि जैन को सरेंडर करने का आदेश दिया जाना चाहिए। उनकी अंतरिम जमानत एक दिन भी नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। जैन को आम कैदी की तरह समझा जाना चाहिए।

कोर्ट ने 24 जुलाई को जैन को मिली अंतरिम जमानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी। 10 जुलाई को कोर्ट ने 24 जुलाई तक की अंतरिम जमानत बढ़ाने का आदेश दिया था। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को सत्येंद्र जैन को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को अपनी पसंद के निजी अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी थी। सुनवाई से पहले ईडी ने जवाब दाखिल कर कहा कि सत्येंद्र जैन अपने प्रभाव के चलते बीमारी के बारे में गलत रिपोर्ट हासिल करते रहे हैं। ईडी ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने लोकनायक जयप्रकाश हॉस्पिटल की रिपोर्ट ठुकरा दी थी। ईडी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत तभी मिलती है, जब बीमारी से जान का खतरा हो।

सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया था। जैन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जैन के खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया था और कहा कि जेल में जैन का वजन 35 किलोग्राम कम हो गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 6 अप्रैल को सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और वो गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

ईडी ने जमानत याचिका का दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध करते हुए कहा था कि अगर जैन को जमानत दी जाती है तो मामले के गवाहों की जान को खतरा हो सकता है। ईडी ने कहा था कि सत्येंद्र जैन प्रभावशाली व्यक्ति हैं और बड़े राजनीतिक पद पर रह चुके हैं। वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। ईडी ने कहा था कि जैन को जमानत के लिए तय ट्रिपल टेस्ट को भी पास करना होगा। 17 नवंबर, 2022 को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था।

# वायु सेना को एचएएल से 6 साल बाद मिलेगा पहला स्वदेशी तेजस एमके-2 फाइटर जेट

**- अमेरिका से जीई-414 इंजन के अनुबंध पर एक साल में हस्ताक्षर होने की उम्मीद**
**- सौदा पूरा होने पर 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** फ्रांसीसी लड़ाकू राफेल की ताकत वाला 4.5 जेनरेशन का मीडियम वेट फाइटर जेट स्वदेशी तेजस एमके-2 वायु सेना को 6 साल बाद मिलेगा। अमेरिका से जीई-414 इंजन का सौदा एक साल में होने की उम्मीद है और अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा। भारत में ही जीई-414 इंजन बनने के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री 60 फीसदी से बढ़कर 75 प्रतिशत हो जाएगी। भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। अभी तक इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कंपनी के साथ भारत में ही जीई-414 इंजन बनाने का अनुबंध एक साल में होने की उम्मीद है। इस पर एचएएल सीएमडी ने कहा है कि अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहला विमान रोल आउट होने के बाद तमाम तरह के परीक्षण होंगे, इसलिए तेजस मार्क-2 का उत्पादन होने और वायु सेना में शामिल होने में 6 साल का वक्त लगेगा। अभी फिलहाल तेजस एमके-1ए में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन 'मेड इन इंडिया' जीई-414 जेट इंजन के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री बढ़कर 75 फीसदी हो जाएगी। भारतीय वायु सेना स्वदेशी शक्तिशाली लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 की डिजाइन को लगभग दो साल पहले ही मंजूरी दे चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। अब अमेरिका से जीई-414 जेट इंजन का सौदा होने के बाद केंद्र सरकार ने एलसीए तेजस मार्क-2 के छह प्रोटोटाइप पर काम शुरू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। हालांकि अमेरिकी कांग्रेस से मंजूरी अभी भी लंबित है। इसके बावजूद इस सौदे को अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 15 साल या उससे अधिक की अवधि में लगभग 230 एलसीए मार्क-2 विमानों का निर्माण करेगा। एलसीए मार्क-2 कार्यक्रम से भारत की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही वायु सेना का हवाई बेड़ा भी मजबूत होगा। भारतीय वायु सेना शुरूआत में 108 विमानों का ऑर्डर दे सकती है। बाद में इनकी अंतिम गिनती 230 हो सकती है, जिसके बाद 2030 तक भारत के हवाई बेड़े में लड़ाकू विमान शामिल होंगे।

# जिला जज ही करेंगे ज्ञानवापी परिसर के व्यासजी के तहखाना मामले की सुनवाई



**वाराणसी, (हि.स.)।** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को जिलाधिकारी को सौंपने के मामले की सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी। जिला जज ने व्यास परिवार का आवेदन मंजूर करते हुए गुरुवार को कहा कि इस केस को सिविल जज सीनियर डिवीजन से वापस लेकर जिला जज की अदालत में सुना जाएगा। व्यासजी के तहखाने को लेकर वादी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में वाद दाखिल किया था। इसके बाद उन्होंने इस मामले को जिला जज की अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। व्यास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुभाष नंदन चतुर्वेदी और सुधीर त्रिपाठी ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में यह याचिका दाखिल की थी। ज्ञानवापी परिसर से जुड़े अन्य मामले जिला जज की अदालत में चल रहे हैं। इस वाद को भी जिला जज की अदालत में स्थानांतरित किए जाने की अपील की गई थी। इस फैसले के बाद अब ज्ञानवापी के मूल वाद समेत नौ मामलों की सुनवाई एक साथ जिला जज की अदालत में होगी। हिंदू पक्ष की इस मांग पर प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दर्ज कराई थी। इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट ने भी स्थानांतरण आवेदन में मूल वाद की संख्या और वर्ष का उल्लेख नहीं किए जाने पर उसे अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण बताया और इसे खारिज किए जाने की मांग की थी। दरअसल, ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे जारी है। परिसर में स्थित व्यासजी के तहखाने को लंबे समय बाद सर्वे के दौरान खोला गया तो व्यास परिवार ने पूजा का अधिकार मांगा। याचिकाकर्ता शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने बीते 25 सितंबर को वाद दाखिल किया था। उन्होंने कहा था कि व्यासजी का तहखाना वर्षों से उनके परिवार के कब्जे में रहा है। वर्ष 1993 के पहले से पूजा-पाठ और राग-भोग होता चला आ रहा था। 1993 के बाद उस तहखाने को तत्कालीन राज्य सरकार के आदेश पर घेर दिया गया। साथ ही पूजा-पाठ से उनके परिवार को वंचित कर दिया गया। पाठक ने याचिका में कहा कि नंदीजी के सामने स्थित व्यासजी के तहखाने का दरवाजा वर्तमान में खुला है। उस जगह वादी और उनके परिवार को जाने से रोका जाता है।आशंका है कि अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी तहखाने पर कब्जा कर लेगी। इसके साथ ही पाठक ने विराजमान नंदी के सामने गेट को खुलवाकर आवागमन की बात भी कही। ज्ञानवापी मूल वाद के अलावा अब नौ मामलों की एक साथ सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी।

# मुख्यमंत्री योगी की फटकार के बाद राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में आयी तेजी



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फटकार के बाद राजस्व के लंबित मामलों के निपटारे में तेजी दर्ज की गयी है। वर्तमान में राजस्व वाद के लंबित मामलों के निस्तारण की अनुपात शत-प्रतिशत दर्ज की गयी है। जबकि राजस्व के मामलों के निस्तारण का अनुपात 90 प्रतिशत पार कर गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितम्बर को एनेक्सी में सीएम कमांड सेंटर की रिपोर्ट की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने राजस्व के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई थी। उन्होंने अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए एक माह का वक्त दिया था। उसी का असर है कि एक माह में करीब-करीब पांच लाख राजस्व वादों का निपटारा किया गया है। जबकि एक वर्ष से पांच वर्ष के विचाराधीन 2.6 लाख वादों का निपटारा किया गया।

**लखनऊ ने एक माह में एक लाख से अधिक राजस्व वादों का किया निपटारा –** अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 अक्टूबर को राजस्व की समीक्षा बैठक में राजस्व के लंबित मामलों के निस्तारण के शत-प्रतिशत अनुपात पर खुशी जाहिर की जबकि राजस्व के अन्य मामलों के निपटारे का अनुपात 95 प्रतिशत करने के निर्देश दिये। सर्वाधिक राजस्व वादों का निस्तारण लखनऊ (1,00,307 वाद), बलिया (70,761 वाद), प्रयागराज (65,771 वाद), गोरखपुर (62,906 वाद), गोंडा (58,264 वाद) द्वारा किया गया है। इसी तरह पैमाइश के मामलों के निपटारे में टॉप पांच जिलों में बलिया, आजमगढ़, एटा, गाजीपुर और लखनऊ शामिल हैं। कुल 5,33,089 मामले रजिस्टर्ड हुए, जिनमें से 4,36,921 मामले निस्तारित किए जा चुके हैं। पिछले एक माह में 29,032 मामलों को निपटाया गया है। इन मामलों को उपजिलाधिकारी स्तर पर 90 दिनों में निपटाने का प्राविधान है।

**नामान्तरण के मामले निपटाने में बलिया, गोंडा और शाहजहांपुर ने मारी बाजी –** नामान्तरण के 1,26,29,738 आवेदन आए, जिसमें से 1,18,86,265 आवेदन का निस्तारण किया गया, जिसका रेश्यो 94 प्रतिशत से अधिक रहा। इनमें बलिया, गोंडा, शाहजहांपुर, लखनऊ और बस्ती का अच्छा प्रदर्शन रहा। इसी तरह कुर्रा बटवारा के 4,82,238 आवेदन आए, जिसमें से 31,282 आवेदन का निस्तारण किया गया। इनमें बलिया, गोंडा, गाजीपुर, कुशीनगर और आजमगढ़ का अच्छा प्रदर्शन रहा। मालूम हो कि कुर्रा बटवारा के मामलों को निपटाने की समय सीमा 6 माह है, जिसे उप जिलाधिकारी स्तर से निपटाया जाता है।

# किसानों की हर समस्या का समाधान होगा : जिलाधिकारी



**जालौन, (हि.स.)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में गुरुवार को "किसान दिवस का आयोजन विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं का निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि रवि की बुआई का कार्य किसानों द्वारा किया जा रहा है, किसानों को रोस्टर अनुसार विद्युत आपूर्ति दी जाए। साथ ही खाद व बीज की पर्याप्त व्यवस्था रहे। ताकि आसानी से किसानों को उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नहर में निर्धारित समय पर पानी दिया जाए। इससे किसान अपनी फसल के लिए पलेवा कर सकेंगे। उन्होंने कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता रहे। खाद बीज की कालाबाजारी व भंडारण करने वालों पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जनपद के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में रोस्टर अनुसार निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे।

# गाजा युद्ध को लेकर भारत ले स्टैण्ड : मायावती

**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गाजा में चल रहे युद्ध को मानवता और विनाशकारी बताया है। उन्होंने युद्ध को विश्व में अर्थव्यवस्था में असर डालने वाला बताया। बसपा प्रमुख ने इस युद्ध में भारत को मजबूती से स्टैण्ड लेने बात कही है। मायावती ने गुरुवार को ट्वीट कर लिखा कि यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी ने जब यह कहा कि 'ळॅर२ ८२ ल्लङ्ग३ ल्ल ी१ ङ्का ६१' अर्थात आज का युग युद्ध का नहीं है, तो इसकी प्रशंसा पश्चिमी नेताओं ने खूब की और अब गाजा युद्ध को लेकर भी भारत को अपने इस स्टैण्ड पर ऐसी मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है जो सबको अनुभव हो। उन्होंने कहा कि युद्ध दुनिया में कहीं भी हो आज के ग्लोबल वर्ल्ड में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था एक-दूसरे पर काफी हद तक जुड़ी/निर्भर है। यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है व दुनिया इससे प्रभावित है। इसीलिए विश्व में कहीं भी नया युद्ध मानवता के लिए कितना विनाशकारी होगा इसका अन्दाजा



लगाना मुश्किल नहीं। मायावती ने कहा कि भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए तथा नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है, जिसकी प्रेरणा और शक्ति उसे उसके समतामूलक एवं मानवतावादी संविधान से मिली है। दुनिया में भारत की यह पहचान बनी रहनी चाहिए।

# 'हर घर नल जल' योजना में यूपी का औरैया जिला अव्वल



**औरैया, (हि.स.)।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में जनपद में कराये जा रहे विकास कार्यों के तहत जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत हर घर नल जल योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के तहत सतत निरीक्षण समीक्षा का परिणाम है कि प्रदेश स्तर पर की गयी समीक्षा में इस योजना में जनपद ने 74.92 प्रतिशत नल कनेक्शन करके जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अधिशाषी अभियंता जल निगम अरुण कुमार ने गुरुवार को बताया कि जनपद में नल कनेक्शन कराए जाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को अवगत कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत जानकारी दी जा रही है कि शुद्ध जलापूर्ति से जीवन स्वस्थ रहेगा तथा हर माह दूषित जल से होने वाली बीमारियों पर व्यय होने वाली धनराशि भी बचेगी और भविष्य भी सुधरेगा। उन्होंने कहा कि इसी के दृष्टिगत गांवों में अधिक से अधिक नल कनेक्शन देने में सुविधा हुई और किसी ने विरोध प्रकट नहीं किया। जनता के सहयोग का परिणाम है कि विभाग ने कार्यदायी संस्थाओं से तेजी से कार्य कराने में सफलता प्राप्त की और जनपद में 74.92 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन से जोड़ने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पेयजल की टेस्टिंग आदि के लिए ग्रामवार समितियां बनायी गयी जो उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता जांचेंगी। विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पेयजल की बबादी को बचाने के लिए उसकी आवश्यकता, उपलब्धता तथा गुणवत्ता के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

# अब रामगढ़ जिले में व्यापार हुआ आसान, एसबीआई ने खोला आरबीओ, एसएमई ब्रांच का भी उद्घाटन



**रामगढ़, (हि.स.)।** जिले के व्यापारियों के लिए बेहद सुखद समाचार है। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक ने गुरुवार को रामगढ़ में ही रीजनल बिजनेस ऑफिस (आरबीओ) खोल दिया है। इस ऑफिस के उद्घाटन के साथ ही मुख्य महाप्रबंधक ने एसएमई ब्रांच का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने कहा कि रीजनल बिजनेस ऑफिस रामगढ़ और चतरा जिले के 32 शाखाओं को सीधे तौर पर डील करेगा। इससे पहले यहां के ग्राहकों को अपने लोन के लिए रांची की दौड़ लगानी पड़ती थी लेकिन अब उनके सारे काम रामगढ़ में ही हो जाएंगे। आज इन दोनों जिलों के बैंकों के मैनेजर यहां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि रीजनल बिजनेस ऑफिस के साथ एसएमई ब्रांच का भी उद्घाटन किया गया है। जितने भी छोटे से बड़े व्यापारी इस बैंक के साथ जुड़ना चाहते हैं, वे सीधे तौर पर यहां आ सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने कहा कि विकास में बैंकों की भूमिका हमेशा रही है। आज जब रामगढ़ में भारतीय स्टेट बैंक बिजनेस ऑफिस खोल रहा है, तो इसका सीधा असर रामगढ़ के व्यापार जगत से पड़ेगा। व्यापारी बड़े हों या छोटे स्तर के। उन सभी को सीधा बैंकों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। जो व्यापारी पहले अपने लोन के लिए रांची का चक्कर लगाते थे अब उनके सारे काम इसी जिले में होंगे। जब दस्तावेजों का काम आसानी से होगा तो उनका व्यापार पर भी इसका असर पड़ेगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभास बोस, उप महाप्रबंधक विजय कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक रंधीर मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

# पति पर इतना बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये : हाई कोर्ट




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को पारिवारिक विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करना पति का नैतिक दायित्व है लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि वैवाहिक जीवन शैली बनी रहे, इसके लिए पति पर इस हद तक बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये। दरअसल, धनबाद फैमिली कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।इसपर हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी ने दहेज और घरेलू हिंसा का आरोप लगाया और वैवाहिक घर छोड़कर माता-पिता के साथ रहने लगी। पत्नी ने आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ता एक आर्थिक रूप से समृद्ध व्यवसायी, कोयला और कोक विनिर्माण संयंत्रों सहित कई स्त्रोतों से पर्याप्त आय अर्जित करता है और उसकी कुल मासिक आय 12.5 लाख रुपये होने का अनुमान है। इसके बाद धनबाद फैमिली कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि पति पत्नी को 40 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण) दे। धनबाद कोर्ट के इस फैसले को बदलते हुए हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया कि फैमिली कोर्ट का निर्णय गलत निष्कर्षों पर आधारित था और तय की गयी भरण-पोषण की राशि अनुचित थी। इसके बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 25 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण ) के तौर पर देने का निर्देश दिया है।

# जीवन अनमोल है, सड़क पर सावधानी बरतें : पीडीजे



**लोहरदगा, (हि.स.)।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार आउटरीच कार्यक्रम के तहत आज लिवेंस एकेडमी, लोहरदगा में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा, राजेंद्र बहादुर पाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को बतलाते हुए सचेत किया कि जीवन अनमोल है। इसकी हिफाजत करना आपके हाथ में है। बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं। सड़क पर हमेशा सावधानी बरतें। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग्स एवं अन्य नशा से बच्चों को सचेत किया और कहा कि जब आप उच्चतर शिक्षण संस्थानों में जाएंगे तो ऐसे लोग जो नशा के कारोबार में संलिप्त हैं आपको अपना शिकार बनाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों से हमेशा सचेत रहें। आज के कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे, जिनका उपस्थित अतिथियों ने जवाब दिया। साथ ही आज भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले 15 छात्र-छात्राओं को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया जबकि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा फादर थॉमस उपस्थित थे।

# फारबिसगंज थाना में पदस्थापित जमादार की मौत, पुलिस लाइन में दी गई श्रद्धांजलि

**अररिया (हि.स.)।** अररिया के फारबिसगंज थाना में पदस्थापित एएसआई चिरंजीवी पांडेय की मौत डेंगू से हो गई।वह फारबिसगंज थाना में इन दिनों पदस्थापित थे और कुछ दिन पहले ही उनका स्थानांतरण जोगबनी थाना से फारबिसगंज थाना में पदस्थापित किया गया था। बीती देर रात अचानक नाक और मुंह से ब्लड निकलने के बाद उनकी तबीयत खराब होने के बाद परिजन उसे फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल ले गए।जहां से उनकी नाजुक हालत देखते हुए पूर्णिया रेफर किया गया था।रास्ते में ही जाने के क्रम में उनकी मौत होने की बात कही गई। मृतक वैशाली जिला के परवाहा थाना क्षेत्र के लालगंज के लौतन गुरमिया गांव के रहने वाले चिरंजीवी पांडेय पिछले कुछ दिनों से डेंगू से पीड़ित थे और फारबिसगंज में ही वह अपना इलाज करा रहा था।परिजनों के अनुसार उनके प्लेटलेट्स में उतार चढ़ाव हो रहा था।अचानक रात में तबीयत खराब होने के बाद मुंह और नाक से ब्लड जाने लगा।जिसके बाद आनन फानन में पहले फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया और फिर नाजुक हालत देखकर उनको रेफर कर दिया गया।जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस केंद्र में मृतक जमादार के शव को रखकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।जहां एसपी अशोक कुमार सिंह,सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह,सार्जेंट, मेजर सहित पुलिस के अधिकारियों और बलों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि सभा के बाद उसके पुत्र विशाल कुमार को शव सौंपा गया।

# बेगूसराय में लव और लैंड जिहाद, हिंदुओं की बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं : गिरिराज



**बेगूसराय (बिहार), (हि.स.)।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार की तुष्टीकरण नीति के कारण बेगूसराय में लव जिहाद तथा लैंड जिहाद चल रहा है। हिंदू परिवार की बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। शासन-प्रशासन गरीब हिंदुओं को सुरक्षा देने में नाकाम है। बेगूसराय के बलिया थाना क्षेत्र स्थित हुसैनीचक में 16 अक्टूबर को अगवा की गई लड़की के परिजनों तथा सरौंजा गांव में गोली लगने से घायल से अस्पताल में मिलने के बाद गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यहां हिंदू सुरक्षित नहीं है, डरा हुआ है। हिंदुओं पर कहर बरपाया जा रहा है। इसके लिए अब हिंदुओं को जगना और प्रतिकार करना होगा। उन्होंने कहा कि कटहरी, सरौंजा एवं हुसैनीचक में 12 से अधिक हिंदू परिवार की बहू-बेटियों को मुसलमान जबरदस्ती लेकर भाग गए। हुसैनीचक में स्कूल से लौट रही अति पिछड़ा गरीब परिवार की लड़की को रिक्शा पर से उतार कर जबरदस्ती ले भागा। परिजन थाना गए तो प्रशासन ने केस नहीं लिया, 16 अक्टूबर का मामला 18 अक्टूबर को दर्ज किया गया लेकिन बेटी की वापसी नहीं हुई है। यदि बेटी वापस नहीं हुई तो हम अनशन करेंगे, हिंदुओं को जगाएंगे। सभी अमीर-गरीब हिंदुओं को एकजुट होकर प्रतिकार करना पड़ेगा, तभी सुरक्षा हो सकेगी। समाज एकजुट हो और प्रशासन इस पर कार्रवाई करे। गिरिराज सिंह ने कहा कि जिस गांव में मुसलमान अधिक होते हैं वहीं से हिंदू की बहू-बेटी भगाई जाती हैं। जिस गांव में मुसलमान कम हैं, वहां कोई हिंदू मुसलमान की बहू-बेटी भगा कर नहीं ले जाता है। बिहार सरकार द्वारा हिंदुओं को टुकड़े-टुकड़े में बांट कर वोट लिया जाता है और मुसलमानों को इकट्ठा करीब 18 प्रतिशत दिखाकर आरक्षण भी दिया जाता है, यह तुष्टिकरण है। उन्होंने कहा कि पचवीर में एनएच की जमीन पर कब्जा कर लिया। पपरौर में कब्रिस्तान नहीं हटाए जाने से फोरलेन के सर्विस लेन का काम बाधित है। गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू, नीतीश और कांग्रेस सब दिन से आतंकवाद के साथ हैं। जम्मू कश्मीर में पाकिस्तानी हो या हमास का आतंकी, ये लोग सबके साथ हैं। देश का दुर्भाग्य है कि यह लोग वोट की खातिर आतंकवादियों के साथ रहते हैं। ओवैसी जिन्ना की भाषा क्यों बोल रहे हैं। यदि आबादी बढ़ी है तो कहें कि मुसलमान अब अल्पसंख्यक नहीं हैं। इस मौके पर विधायक कुंदन कुमार, सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र अमर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा भी उपस्थित थे।

# आत्मरक्षा एवं शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी ताइक्वांडो : डॉ. अनामिका



**बेगूसराय, (हि.स.)।** झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने के लिए माया कौशल्या फाउंडेशन द्वारा जनसहयोग से संचालित बच्चों की पाठशाला में जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विजेता हुए खिलाड़ियों के बीच आज प्रमाणपत्र का वितरण स्त्री प्रसूति एवं डॉ. अनामिका एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी दिनेश टिबड़ेबाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को संस्था की ओर से पौधा प्रदान कर किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डॉ. अनामिका ने बताया कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। शरीर के विकास में फिजिकल खेल का महत्वपूर्ण योगदान है, इससे हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। चर्चित व्यवसायी दिनेश टिबड़ेबाल ने कहा कि जो बच्चे खेल के मैदान से अपना मुंह मोड़ते हैं, वह बच्चे अपने बचपन को जल्द खो देते हैं। इसलिए बच्चों को हर दिन कम से कम दो घंटे अपना समय खेल के मैदान में देना चाहिए। नौ सेना अधिकारी अमित कुमार ने जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में विजेताओं को शुभकामनाएं दी तथा अधिक से अधिक मेहनत करने की अपील किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अहम योगदान निभाने वाले अभिमन्यु एवं वीरू ने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की। रक्तवीर सुमित एवं विवेक ने ताइक्वांडो कोच मणिकांत के मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव सह बच्चों की पाठशाला के संचालक रौशन कुमार ने किया। इस मौके पर सभी शिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# एनसीसी निदेशालय का नौका अभियान दल नौकायन करते हुए पहुंचा बेगूसराय



**बेगूसराय, (हि.स.)।** एनसीसी निदेशालय बिहार-झारखंड की ओर से चलाया गया दस दिवसीय नौका अभियान अपनी यात्रा के सातवें दिन आज बेगूसराय के मटिहानी स्थित गंगा तट पहुंचा। जहां लोगों के बीच विभिन्न सामाजिक मुद्दों को नुक्कड़ नाटक एवं संभाषण के माध्यम से जागरूकता फैलाते हुए अगले गंतव्य के लिए रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि एनसीसी निदेशालय बिहार-झारखंड के वन बिहार लेवल यूनिट एनसीसी पटना द्वारा नौका अभियान-गंगा दर्शन की शुरूआत की गई है। दस दिवसीय इस नौका अभियान-गंगा दर्शन अभियान की शुरूआत 13 अक्टूबर को पटना से की गई है। अभियान का समापन 22 अक्टूबर को भागलपुर में किया जाएगा। कमांडिंग ऑफिसर सन्नी कुमार गुप्ता ने बताया कि अभियान में 35 बालक कैडेट एवं 25 बालिका कैडेट शामिल हैं। अभियान में शामिल बालिका कैडेट नवादा की समानता कुमारी एवं बालक कैडेट पटना के सागर कुमार ने बताया कि नौका अभियान-गंगा दर्शन अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों नशा मुक्त भारत, दिनचर्या में स्वच्छता, गंगा बचाओ, प्लास्टिक मुक्त भारत, जनसंख्या नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, एनसीसी में शामिल होने सहित भारतीय नौसेना के शौर्य की जानकारी देना है। अभियान दल द्वारा स्थानीय ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकताओं और स्कूली बच्चों के बीच नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति कर उपरोक्त सामाजिक मुद्दों पर जनजागरण का कार्य करते हैं। फिर अपने अगले पड़ाव के लिए नौकायन पर निकल पड़ते हैं। बोट पुलिंग के लिए मजबूत इच्छा शक्ति की आवश्यकता होती है। कैडेट साल भर इसका अभ्यास करते हैं। अपने देश की रक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को एनसीसी में शामिल होकर भारतीय सेना में शामिल होना चाहिए।

## संपादकीय

# समलैंगिक विवाह अमान्य

**संविधान** में विवाह एक मौलिक अधिकार नहीं है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने समलैंगिकों के हितों और कुछ अधिकारों को संरक्षण देने की पैरवी जरूर की है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह के मद्देनजर विशेष विवाह अधिनियम में संशोधन करने या मान्यता देते हुए पंजीकरण करने से भी इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड़ दिया गया है। एक सुझाव जरूर दिया गया है कि सरकार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे, जो समलैंगिक विवाह के तमाम आयामों पर विमर्श करने के बाद अपनी रपट सरकार को सौंपे। उसके आधार पर संसद में बहस की जा सकती है। संविधान पीठ ने यह निर्देश भी दिया है कि केंद्रीय कानून के अभाव में राज्य भी कानून बना सकते हैं। हालांकि चार न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसले दिए, असहमतियां भी व्यक्त कीं, लेकिन समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने पर पूरी पीठ एकमत थी। समलैंगिक विवाह को 'विशेष विवाह अधिनियम' के तहत मान्यता देने और अन्य संबद्ध पहलुओं को लेकर 21 याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दाखिल की गई थीं। सवाल यह भी था कि क्या 'लैंगिक अल्पसंख्यक' भी जीवन, आजादी, समानता और गैर-भेदभाव सरीखे मौलिक अधिकारों के पात्र हैं? क्या विशेष विवाह अधिनियम को 'लैंगिक तटस्थ' बनाया जा सकता है? वे एक 'भारतीय पारिवारिक ईकाई' के तौर पर धार्मिक वैधता या सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मांग रहे थे, लिहाजा साफ है कि वे 'विवाह' की संस्था के मायने, उसके उत्तरदायित्व, समर्पण, सहवास और जिम्मेदारियों के मायने बदलने के पक्षधर हैं। दरअसल भारतीय समाज में, किसी भी समुदाय में, विवाह एक पुरुष और एक स्त्री के बीच सम्पन्न कराए जाते हैं। यही प्रकृति का भी नियम है। पुरुष को 'पति' और स्त्री को 'पत्नी' का दर्जा दिया जाता है। विवाह एक सामाजिक-धार्मिक अनुष्ठान है। उसके कानूनी पक्ष भी हैं। दो विपरीत लिंगी 'सहवास' करते हैं, तो एक नया जीव, प्राणी इस दुनिया में जन्म लेता है। कोख में मानवीय शरीर की संरचना ही इस ब्रह्मांड का सबसे अनूठा करिश्मा है। इसे कोई नकार नहीं सकता। सृष्टि ऐसे ही आकार लेती रही है और उसका विस्तार भी होता रहा है। कानूनी रूप से समलैंगिक समुदाय को बच्चा गोद लेने की भी अनुमति नहीं है। समलैंगिक विवाह एक मनोविकार है और कुदरत को नकारने का एक बौना-सा, निरर्थक प्रयास है। एक शहरी, पढ़ी-लिखी, कथित आधुनिक जमात इस मनोविकार की बीमार है। अदालत ने 2018 में समलैंगिक संबंधों को 'अपराध से मुक्ति' देने का फैसला सुनाया था। उसी के बाद ऐसे विवाह को संवैधानिक मान्यता देने का मुद्दा भडका है। हम ऐसे विवाह और संबंधों को अनैतिक, असामाजिक, अप्राकृतिक और अपवित्र मानते हैं। बेशक अपना जीवन-साथी चुनने का अधिकार सभी को है। यदि यही होता, तो संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार क्यों कर दिया? क्या एक सामान्य जोड़े और समलैंगिक साथियों के 'संवैधानिक अधिकार' समान हैं? अदालत ने गेंद अब संसद और सरकार के पाले में डाल दी है। यदि बहस और विमर्श के बाद संसद ऐसे संबंधों पर मुहर लगाती है, तो समाज की भ्रांतियां भी ध्वस्त हो जाएंगी। अभी तक समलैंगिक लोगों पर समाज की सवालिया और संदेहास्पद दृष्टि रही है। संसद की स्वीकृति मिलने के बाद वे अपनी पहचान सार्वजनिक कर सकेंगे। चूंकि समलैंगिक विवाह का मसला सामाजिक-सांस्कृतिक और जैविक है, लिहाजा संसद को भी गंभीरता से इस पर अपना निर्णय लेना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड़ दिया गया है। एक सुझाव जरूर दिया गया है कि सरकार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे, जो समलैंगिक विवाह के तमाम आयामों पर विमर्श करने के बाद अपनी रपट सरकार को सौंपे। उसके आधार पर संसद में बहस की जा सकती है। संविधान पीठ ने यह निर्देश भी दिया है कि केंद्रीय कानून के अभाव में राज्य भी कानून बना सकते हैं। हालांकि चार न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसले दिए, असहमतियां भी व्यक्त कीं, लेकिन समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने पर पूरी पीठ एकमत थी। समलैंगिक विवाह को 'विशेष विवाह अधिनियम' के तहत मान्यता देने और अन्य संबद्ध पहलुओं को लेकर 21 याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दाखिल की गई थीं। सवाल यह भी था कि क्या 'लैंगिक अल्पसंख्यक' भी जीवन, आजादी, समानता और गैर-भेदभाव सरीखे मौलिक अधिकारों के पात्र हैं? क्या विशेष विवाह अधिनियम को 'लैंगिक तटस्थ' बनाया जा सकता है? वे एक 'भारतीय पारिवारिक ईकाई' के तौर पर धार्मिक वैधता या सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मांग रहे थे, लिहाजा साफ है कि वे 'विवाह' की संस्था के मायने, उसके उत्तरदायित्व, समर्पण, सहवास और जिम्मेदारियों के मायने बदलने के पक्षधर हैं। दरअसल भारतीय समाज में, किसी भी समुदाय में, विवाह एक पुरुष और एक स्त्री के बीच सम्पन्न कराए जाते हैं।

## कुछ अलग

# एक मुट्ठी भर कोशिश

**मुट्ठी** भर कोशिश भी बदल देती है कदमों की रफ्तार, यहां रास्ते हमेशा आपके सफर के मोहताज रहे हैं। हिमाचल में अतीत से अब तक कमोबेश समाज, सरकार और प्रशासनिक ढांचे ने कोशिश ही तो की और नतीजे में बदलाव की घंटियां और विकास का सफर तय हुआ। कई मानक हैं इस छोटे से पर्वतीय राज्य के और इसी प्रक्रिया में सुक्खू सरकार भी इतिहास के पन्नों पर समय को चिन्हित करने की कोशिश में दिखाई देती है। परिवहन निगम की बीओडी बैठक, जंगल में पर्यटन की खोज और राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का खाका अपनी कोशिश को सुनहरा बनाने की हिम्मत दिखा रहा है। वनों में पर्यटन का प्रवेश यूं तो सदियों से जीवन की जरूरतें तय करने के साथ-साथ प्रकृति से मुखातिब रहा और इसे प्रमाणित करतीं कई धार्मिक यात्राएं और भेड़-बकरियों को चरागाहों के सान्निध्य में पालते गडरिए मिल जाएंगे, लेकिन इस आर्थिक पहलू के बीच कब वन संरक्षण कानून आ कर खड़ा हो गया, हमें मालूम ही नहीं हुआ। ऐसे में 11 नई ईको टूरिज्म साइट्स का चिन्हित होना, पर्यटकों की बढ़ती कतार की दिशा तय करेगा। यह दीगर है कि इनमें केवल कांगड़ा, मंडी, शिमला और कुल्लू तक ही खाका बन रहा है, जबकि इस तरह की परिकल्पना को हर मंदिर के समीप, झीलों के नजदीक, हाईवे के सान्निध्य और पूरे प्रदेश के नक्शे पर आना होगा। मसलन ऊना-हमीरपुर के जंगल में ईको टूरिज्म का प्रसार शिमला-कुल्लू से भले ही भिन्न हो, मगर जंगल की पलकें वहां भी खुलनी चाहिएं। इसी के साथ ईको टूरिज्म से जुड़ी निगरानी, प्रबंधन, परिवहन तथा मौसम संबंधी जानकारियों का राज्य स्तरीय मैकेनिज्म स्थापित करना पड़ेगा। ऐसी साइट्स के नजदीक कैंपिंग और मनोरंजन की विकरालता का अर्थ अक्सर दिशा भटकने के साथ-साथ मौत के फरमान सरीखा इसलिए भी हो जाता है, क्योंकि हर साल हादसों की वजह में पहाड़, जंगल और मौसम दोषी माने जाते हैं। बिलिंग के पास सोमवार को कार सवार तीन लोगों की मौत ऐसी ही साइट्स के खतरों में शुमार हो रही है। बहरहाल पर्यटन की कोशिश में परिवहन निगम की बीओडी का उद्देश्य भी आशाजनक है। भले ही यह सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों को वेतन-भत्तों का आश्वासन दिला रही है, लेकिन सुर्खी यह भी है कि चलने के लिए रास्तों का इतंखाब जरूरी है। धार्मिक पर्यटन के रास्ते पर परिवहन की जरूरतों का एक हल सार्वजनिक क्षेत्र में एचआरटीसी के टायरों पर घूम सकता है, लेकिन इसकी व्यापकता में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। कहना न होगा कि जहां बीओडी की बैठक के मार्फत हम एचआरटीसी को पूज रहे हैं, वहां सैलानियों को पुष्प गुच्छ सौंप रहे निजी बसों के आपरेटरों से भी मुलाकात होनी चाहिए।

## एक दिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकार्ड वाले सचिन तेंदुलकर को आज भी महानतम क्रिकेटर माना जाता है

# श्रमेव जयते!

पीके खुरराना

**हम** सब ऐसे बहुत से लोगों को जानते हैं जो सफल हैं, बहुत सफल हैं, प्रसिद्ध हैं और पैसा सचमुच उनके हाथ की मैल है। हम ऐसे लोगों को भी जानते हैं जो प्रतिभाशाली थे, सफलता की राह पर थे लेकिन फिर धीरे-धीरे पिछड़ते चले गए। अच्छे नेता, अच्छे प्रशासक, अच्छे अभिनेता, अच्छे खिलाड़ी, लिस्ट लंबी है, जो प्रतिभाशाली थे, उनकी शुरुआत बहुत अच्छी हुई, लेकिन वे अपनी गति कायम नहीं रख सके और फिर या तो पिछड़ गए या फिर भीड़ में खो ही गए। क्या फर्क होता है उनमें जो आगे बढ़ते रहते हैं और वो जो पिछड़ जाते हैं? मैं व्यक्तिगत रूप से ऐसे बहुत से लोगों से मिलता रहा हूं जो इन दोनों श्रेणियों में आते हैं, यानी वो जो सफल हैं और वो भी जो किसी भी कारण से सफलता का वह मुकाम नहीं छू सके, जिसके कि वे काबिल थे। आज मैं खिलाडियों की एक ऐसी जोड़ी के बारे में बात करूंगा जिन्होंने अपनी प्रतिभा का सिक्का जमाया, वाहवाही लूटी, लेकिन उनमें से एक ऐसा है जिसे हम आज भी सम्मानपूर्वक याद करते हैं, जबकि दूसरा खिलाड़ी जो कि कदरन ज्यादा प्रतिभाशाली था, अपनी प्रतिभा के बावजूद धीरे-धीरे चमक गंवा बैठा और अपनी उस मंजिल से वंचित रह गया जिसका कि उसे हकदार होना चाहिए था। मैं बात कर रहा हूं दो स्टार क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली की। लगभग दस साल पहले एक मित्र के माध्यम से सचिन तेंदुलकर से मेरी संक्षिप्त सी मुलाकात हुई और उस मुलाकात में विनोद कांबली का भी जिक्र आया। सचिन तेंदुलकर ने विनोद कांबली का जिक्र बहुत इज्जत से किया और स्वीकार किया कि प्रतिभा के मामले में विनोद कांबली उनसे कहीं आगे हैं। इसके बावजूद सचिन तेंदुलकर ने जो मुकाम हासिल किया, विनोद कांबली वहां तक पहुंचने की सोच भी नहीं सकते। ऐसा नहीं है कि विनोद कांबली भीड़ में खो गए हैं। वे छोटी स्क्रीन पर दिखाई देते रहे हैं और उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है और वे सचिन तेंदुलकर की क्रिकेट अकादमी में कोच भी हैं, लेकिन सचिन तेंदुलकर की तुलना में वे बहुत पीछे हैं। ग्यारह साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू करके सचिन तेंदुलकर ने 16 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट में कदम रखा, जब वे कराची में पाकिस्तान की टीम के साथ खेलने के लिए चुने गए। टेस्ट मैच और एक दिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकार्ड वाले सचिन तेंदुलकर को आज भी महानतम क्रिकेटर माना जाता है। अर्जुन पुरस्कार, खेल रत्न, पद्मश्री, पद्म विभूषण और अंततः भारत रत्न सम्मान से नवाजे जा चुके मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर



राज्यसभा में भी रहे हैं। सन-2010 में उन्हें टाइम मैगजीन ने विश्व के सौ सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया था। सन-2013 में सचिन ने क्रिकेट से पूर्ण संन्यास लिया। सचिन अब क्रिकेटर नहीं हैं, लेकिन आज भी वे भारतीयों के लिए एक सम्मानित सांस्कृतिक राजदूत हैं। सचिन को पहली गंभीर प्रेरणा तब मिली जब सन-1973 में कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी। तब उन्होंने ठान लिया कि एक दिन उनके नेतृत्व में भारतीय टीम विश्व कप जीतेगी। उस कच्ची उम्र में जब वे भी पेशेवर क्रिकेट में ही नहीं आए थे, यह निश्चय उनका जुनून बन गया। पर यह सपना अकेले सचिन ने ही नहीं देखा। बहुत से उदीयमान खिलाडियों ने यह सपना पाला होगा, पर सच कितनों का हुआ, और अगर सचिन तेंदुलकर का यह सपना साकार हो सका तो उसका राज क्या था? प्रतिभा के बिना लगन हमेशा सर्वश्रेष्ठ परिणाम नहीं दे सकती। सचिन तेज गेंदबाज होना चाहते थे लेकिन डेनिस लिली ने समझ लिया कि उनमें तेज गेंदबाज बनने की काबीलियत नहीं है। इसलिए उन्होंने सचिन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने की सलाह दी, और सचिन ने अपना फोकस बदला तो फिर उन्हें कभी पीछे मुडक़र देखने की आवश्यकता नहीं पड़ी। क्रिकेट कोच रमाकांत अचरेकर ने उनकी प्रतिभा को संवारा, तराशा और उन्हें अन्य बच्चों की तरह सुबह-सवेरे मैदान के चक्कर लगाने को नहीं कहा। अचरेकर उनसे मैदान के चक्कर तब लगवाते थे जब वे बल्लेबाजी करके थककर चूर होते थे और वो भी हाथ में बल्ला उठाए और पैड पहने हुए। इसका लाभ उन्हें तब मिला जब अपने क्रिकेट करिअर में उन्हें रन बनाने के लिए बल्लेबाजी से थकावट के बावजूद पिच के एक कोने से दूसरे कोने तक भागना होता था। प्रशिक्षण लेने की उम्र में कांबली जो काम आसानी से कर दिखाते थे, सचिन को वह करने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ता था। कांबली की प्रतिभा के सामने सचिन कमजोर खिलाड़ी थे। परिश्रम और अनुशासन के बल पर सचिन ने अपनी कमजोरियों पर काबू पाया और सफलता की सीढियां चढ़ते चले गए। अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैच में जब वे पाकिस्तान के विरुद्ध बल्लेबाजी कर रहे थे तब पाकिस्तान की टीम में दो नामचीन तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार युनूस कहर ढा रहे थे। उस मैच में वकार युनूस की एक गेंद सचिन के नाक पर लगी, नाक की हड्डी टूट गई और खून बह निकला। सब उनकी ओर दौड़े और उन्हें रिटायर होने को कहा, लेकिन सचिन ने रिटायर होने से इन्कार किया, पिच पर जमे रहे और खून सनी नाक सहित खेलते हुए उस महत्वपूर्ण मैच में 57 रन का बहुमूल्य योगदान दिया। प्रसिद्धि की सीढियां चढ़ते हुए कांबली ने फैशनेबल जीवन पद्धति अपनाई, देर रात की पार्टियां उनका शगल हो गईं लेकिन सचिन ने सादा जीवन को नहीं छोड़ा। सुबह-सवेरे सबसे पहले पिच पर पहुंचना, लगातार कठोर अभ्यास करना उनका जीवन बन गया। सचिन उत्तेजित नहीं होते थे, किसी से झगड़ा नहीं करते थे। एक मैच के दौरान पाकिस्तानी स्पिनर अब्दुल कादिर ने उन पर ताना कसा तो वे चुप रह गए, लेकिन अगले ही ओवर में चार छक्के लगाकर उन्होंने अब्दुल कादिर को अपना मुरीद बना लिया। सन 1999 के विश्व कप मैच के दौरान उनके पिता का स्वर्गवास हो गया तो वे उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत आए, लेकिन अंतिम संस्कार के तुरंत बाद वे फिर मैच खेलने के लिए वापस लौट गए। भारत विश्व कप नहीं जीत सका। बाद में भी 2003 और 2007 में भी भारत विश्व कप से महरूम रहा। सन-2011 के विश्व कप की तैयारी के समय सचिन को स्पष्ट हो गया कि वे अगर इस बार भी विश्व कप नहीं जीत पाए तो 2015 के विश्व कप मैच में वे नहीं खेल सकेंगे। तब उन्होंने अपना निश्चय फिर दोहराया, अपनी फिटनेस पर फोकस किया, खेल के लिए और मेहनत की और ज्यादा अच्छा खेलना शुरू किया। सन 2011 विश्व कप मैच के दौरान सचिन की बेहतरीन फार्म के बावजूद शुरुआती असफलताएं मिलीं। तब सचिन ने पहली बार अपने साथी खिलाडियों को झिडक़ा भी और प्रेरित भी किया। परिणाम यह रहा कि क्वार्टर फाइनल में कई बार विश्व चैंपियन रह चुके आस्ट्रेलिया को हराया, सेमिफाइनल में पाकिस्तान को हराकर वाहवाही लूटी और फाइनल मैच में श्रीलंका को हराकर विश्व कप अपनी झोली में डाला। यह उनके श्रम, निश्चय और अनुशासन के कमाल की अनूठी कहानी है जिससे हम सब कुछ न कुछ जरूर सीख सकते हैं।

तब उन्होंने अपना निश्चय फिर दोहराया, अपनी फिटनेस पर फोकस किया, खेल के लिए और मेहनत की और ज्यादा अच्छा खेलना शुरू किया। सन-2011 विश्व कप मैच के दौरान सचिन की बेहतरीन फार्म के बावजूद शुरुआती असफलताएं मिलीं। तब सचिन ने पहली बार अपने साथी खिलाडियों को झिडक़ा भी और प्रेरित भी किया। परिणाम यह रहा कि क्वार्टर फाइनल में कई बार विश्व चैंपियन रह चुके आस्ट्रेलिया को हराया, सेमिफाइनल में पाकिस्तान को हराकर वाहवाही लूटी और फाइनल मैच में श्रीलंका को हराकर विश्व कप जीता

# पश्चिम एशिया में आतंकवाद से कराहती मानवता

**इस** समय सारी दुनिया में इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग को लेकर बहस हो रही है। अपनी स्थापना के समय से ही इजरायल का अपने पड़ोसी राष्ट्रों के साथ संघर्ष और विवाद का इतिहास रहा है और यह लड़ाई पिछले 75 वर्षों से बदस्तूर जारी है। पिछले सप्ताह सात अक्टूबर को आतंकवादी संगठन हमास ने इजरायल के खिलाफ 'ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म' शुरू किया और हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के ऊपर 5 हजार से ज्यादा रॉकेट्स दागे और इतना ही नहीं, हमास के सैंकड़ों लड़ाके दक्षिण की तरफ से इजरायल की सीमा के भीतर घुस आए और पार्टी कर रहे या घरों और सडक़ों पर विचरण कर रहे निर्दोष इजरायलियों को मौत के घाट उतार दिया और कईयों को बंधक बनाकर गाजा पट्टी ले जाया गया। हमास के मिलिट्री विंग के चीफ कमांडर मोहम्मद दाइफ ने इस हमले की प्लानिंग तैयार की थी जो इतनी खुफिया थी कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद तक को इसकी भनक नहीं लगी। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया है और इजरायल ने गाजा में हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया है तथा 10 लाख फिलिस्तीनियों को गाजा के दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा गया है। गाजा में अभी तक 2329 लोगों की मौतें हुई हैं और 9042 लोग घायल हुए हैं। गाजा में इस्लामिक जिहाद परिषद का मुख्यालय ध्वस्त करने के अलावा हमास के शीर्ष कमांडर बिलाल अल केदारा और पैरा ग्लाइडर्स द्वारा हवाई हमला करने के सूत्रधार अबू मुराद को इजरायल की सेना ने मार गिराया है। हमास के ताजा आतंकवादी हमलों में 1500 से ज्यादा इजरायलियों की भी मौतें हुई हैं। हमास लड़ाकों द्वारा निरीह, निहत्थे इजरायली नागरिकों पर आक्रमण एवं मासूम बच्चों का कत्लेआम आतंकवाद का प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है तो और क्या है? लिहाजा अब यदि इजरायल हमास को सबक सिखाने के लिए उद्यत है तो कट्टरपंथियों को तकलीफ क्यों? भारत विगत 4 दशकों से आतंकवाद की विभीषिका झेल रहा है। जब हम आतंकवाद की बात करते थे तो हमारा उपहास उड़ाया जाता था, लेकिन आज जब अमेरिका, यूरोप एवं विश्व के अनेक देश आतंकवाद की चपेट में हैं तो उनकी समझ में आ रहा है कि आतंकवाद का कोई धर्म-मजहब और उसूल नहीं होता है। जब दुनिया भर में यहूदियों पर अत्याचार हो रहे थे और जिस प्रकार से द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर की नाजी सेना ने करीब 40 लाख से ज्यादा यहूदियों को गैस चैंबर में भर कर उनका नरसंहार किया था, तभी से यहूदियों को यह महसूस हो गया था कि यूरोप भी उनके लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। लिहाजा उन्होंने फैसला किया कि फिलिस्तीन के अलावा उनके लिए कोई ऐसी जगह नहीं है जहां वे सुरक्षित रह सकते हैं, क्योंकि सुरक्षा की गारंटी उन्हें सिर्फ अलग यहूदी राष्ट्र ही दे सकता था। चूंकि यहूदी 1000 ईस्वी पूर्व (बीसी) से वहीं रहते आ रहे थे, जहां आज का इजराइल और फिलिस्तीन है, इसलिए धीरे-धीरे यहूदी उसी स्थान पर आकर बसने लगे, अरब वहां पहले से थे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा फिलिस्तीन के विभाजन को (संयुक्त राष्ट्र संघ के 181 घोषणा पत्र) नवम्बर 29, 1947 के तहत मान्यता दी गई थी, जिसके अन्तर्गत क्षेत्र का विभाजन दो राज्यों में होना था, एक अरब और एक यहूदी। इस व्यवस्था को यहूदियों द्वारा तुरन्त मान्यता दे दी गई और 14 मई 1948 को यहूदी समुदाय ने ब्रिटिश से पहले स्वतन्त्रता की घोषणा कर दी और इजराइल को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। चारों ओर से विरोधी राष्ट्रों के प्रतिरोध को झेल रहे इजरायल ने विगत सात दशकों से अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जबर्दस्त मेहनत की है और यही वजह है कि आज इजराइल को सैन्य, आर्थिक और औद्योगिक विकास में दक्षिण-पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में सबसे उन्नत एवं मजबूत राष्ट्र माना जाता है। इजराइल की अत्याधुनिक गुणवत्ता से परिपूर्ण शिक्षा को देश की उच्च प्रौद्योगिकी दर और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार समझा जाता है। सीमित प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद, पिछले दशकों में कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के गहन विकास और अनुसंधान ने इजरायल को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया है। इजरायल में पानी की कमी ने उसे जल संरक्षण तकनीकों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है और इजराइल अलवणीकरण और जल पुनर्चक्रण के तकनीकी मोर्चे पर भी अग्रणी है। इजराइल ने सौर ऊर्जा प्रणाली को अपनाया है। इसके इंजीनियर सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी हैं और इसकी सौर कम्पनियां दुनिया भर में परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। इसी बीच इजरायल में पढ़ाई कर रहे अथवा नौकरी-व्यापार के सिलसिले में फंसे भारतीयों की सुरक्षित भारत वापसी के लिए भारत सरकार ने आपरेशन अजेय शुरू किया है और 447 भारतीयों की इजरायल से वापसी भी हुई है। जहां तक इन दो देशों के बीच विवाद को लेकर भारत के रुख का सवाल है, तो संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज का कहना है कि इजरायल और फिलिस्तीन के बीच स्थायी शांति की गारंटी के लिए दो-राज्य समाधान का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि सीधी बातचीत ही शांति का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि भारत हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ हमेशा खड़ा रहा है। इजराइल पर हमास के हमले से भारतीय नेतृत्व को भी सबक लेने की जरूरत है। सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हमारी सशस्त्र सेनाओं को निरंतर तैयार रखें। दूसरे, प्रौद्योगिकी पर पूर्ण निर्भरता को पूर्ण सुरक्षा नहीं माना जा सकता है, इसलिए जमीन पर भी सतर्क एवं सन्नद्ध सैनिकों की तैनाती महत्वपूर्ण है। सैनिकों की पेंशन को व्यर्थ का बोझ नहीं समझा जाना चाहिए, यह एक अपरिहार्य और अनिवार्य आवश्यकता है, क्योंकि जब कोई भी युवा राष्ट्र के लिए अपने जीवन को कम तनख्वाह और सुविधाओं के बदले समर्पित करता है तो उसे बोझ नहीं माना जाना चाहिए। लिहाजा अग्निवीर भर्ती प्रणाली के स्थान पर नियमित सैनिकों की भर्ती जरूरी है। राष्ट्रीय सुरक्षा इतना गंभीर मामला है कि इसे गंभीरता से न लेने वाले राजनीतिज्ञों/नौकरशाही (लालफीताशाही) के जिम्मे कतई नहीं छोड़ा जा सकता है।

पिछले सप्ताह सात अक्टूबर को आतंकवादी संगठन हमास ने इजरायल के खिलाफ 'ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म' शुरू किया और हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के ऊपर 5 हजार से ज्यादा रॉकेट्स दागे और इतना ही नहीं, हमास के सैंकड़ों लड़ाके दक्षिण की तरफ से इजरायल की सीमा के भीतर घुस आए और पार्टी कर रहे या घरों और सडक़ों पर विचरण कर रहे निर्दोष इजरायलियों को मौत के घाट उतार दिया और कईयों को बंधक बनाकर गाजा पट्टी ले जाया गया। हमास के मिलिट्री विंग के चीफ कमांडर मोहम्मद दाइफ ने इस हमले की प्लानिंग तैयार की थी जो इतनी खुफिया थी कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद तक को इसकी भनक नहीं लगी। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया है और इजरायल ने गाजा में हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया है तथा 10 लाख फिलिस्तीनियों को गाजा के दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा गया है।

## देश दुनीया से

# तालाब बचेंगे तो कम आएंगे भूकंप, भूजल के दोहन पर सख्ती की दरकार

**बीते** चार अक्तूबर को लगभग पूरे उत्तरी भारत सहित दिल्ली-एनसीआर में करीब 15 सेकेंड तक धरती कांपती रही। यह झटका रेक्टर स्केल पर पर 6.2 तीव्रता का था, जिसे अति गंभीर माना जाता है। तबसे बीते 15 दिनों में दिल्ली के आसपास तीन बार और भूकंप आ चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के बीते 63 वर्षों के आंकड़ों के आकलन में पाया है कि एक जनवरी, 1960 से लेकर 31 मार्च, 2023 के दौरान 63 वर्षों में दिल्ली-एनसीआर में अधिकेंद्र वाले कुल 675 भूकंप आए हैं। लेकिन वर्ष 2000 तक जहां केवल 73 भूकंप दर्ज किए गए, वहीं इसके बाद के 22 वर्षों में 602 भूकंप रिकॉर्ड किए गए। अकेले वर्ष 2020 में दिल्ली व उसके आसपास कुल 51 बार धरती थर्राई। भारत के कुल क्षेत्रफल का करीब 59 फीसदी हिस्सा भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित है। दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन चार में रखा गया है, जहां भूकंप आने की आशंकाएं ज्यादा हैं। भूकंप संपत्ति और जन हानि के नजरिये से सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा है। एक तो इसका सटीक पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है, दूसरा इससे बचने के कोई कारगर तरीके नहीं हैं। महज जागरूकता और अपने आसपास को इस तरह से सज्जित करना कि कभी भी धरती हिल सकती है, बस यही है इसका निदान। हमारी धरती जिन सात टेक्टोनिक प्लेटों पर टिकी है, यदि इनमें कोई हलचल होती है, तो धरती कांपती है। एनसीएस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में आने वाले भूकंप अरावली पर्वतमाला के नीचे बने छोटे-मोटे फाल्टों के कारण आते हैं, जो कभी-कभी ही सक्रिय होते हैं। यहां प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया भी बहुत धीमी है। शुरुआत में भूकंप झटके बहुत सामान्य थे, जिनकी तीव्रता 1.1 से 5.1 तक थी, लेकिन जैसे-जैसे इस समग्र महानगर में जल निधियां सूखने लगीं, वर्ष 2000 के बाद भूकंप की तीव्रता में तेजी आने लगी। खासकर यमुना के सूखने और उसके किनारे की जमीन पर अंधाधुंध निर्माण ने भूकंप से नुकसान की आशंका को बढ़ा दिया। यमुना लाखों वर्ष पुरानी नदी है और धरती के भीतर भी जलमार्ग हैं। इन जल मार्गों के सूखने और नष्ट होने से धरती के धंसने और हिलने की आशंका में इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि भारत आस्ट्रेलियन प्लेट पर टिका है और हमारे यहां अधिकतर भूकंप इस प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं और इसी से प्लेट बाउंड्री पर तनाव ऊर्जा संग्रहित हो जाती है। यह ऊर्जा भूकंपों के रूप में कमजोर जोनों एवं फाल्टों के जरिये सामने आती है। हालांकि कोई भूकंप कब, कहां और कितनी अधिक ऊर्जा (मैग्नीट्यूट) के साथ आ सकता है, इसकी अभी कोई सटीक तकनीकी विकसित हो नहीं पाई है। आज जरूरी है कि जिन इलाकों में बार-बार धरती कांप रही है, वहां भू-वैज्ञानिक अध्ययनों से उप-सतही संरचनाओं, फाल्टों एवं रिजों के विन्यास की जांच होनी चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सवा तीन करोड़ लोगों की बसावट का चालीस फीसदी इलाका अनाधिकृत है, तो 20 फीसदी के आसपास बहुत पुराने निर्माण। बाकी रिहाइशों में से बमुश्किल पांच फीसदी भूकंपरोधी है। शेष भारत में भी आवासीय परिसरों के हालात कोई अलग नहीं है। लोग इस चेतावनी को गंभीरता से ले नहीं रहे कि उनका इलाका भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआइ), हैदराबाद के एक शोध से स्पष्ट हुआ है कि भूकंप का एक बड़ा कारण धरती की कोख से जल का अंधाधुंध दोहन करना भी है। भू-विज्ञानियों के अनुसार, भूजल धरती के भीतर लोड यानी एक भार के तौर पर उपस्थित होता है। इसी लोड के चलते फाल्ट लाइनों में भी संतुलन बना रहता है। देश के जिन इलाकों में यदा-कदा धरती कांपती रहती है, उन सभी इलाकों में पारंपरिक जल-निधियों-जैसे तालाब, झील, बावड़ी, छोटी नदियों को पानीदार बनाए रखना जरूरी है। साथ ही जरूरी है कि शहरों में आबादी का घनत्व कम किया जाए, जमीन पर मिट्टी की ताकत मापे बगैर कई मंजिला इमारत खड़ी करने और बेसमेंट बनाने पर रोक लगाई जाए।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के बीते 63 वर्षों के आंकड़ों के आकलन में पाया है कि एक जनवरी, 1960 से लेकर 31 मार्च, 2023 के दौरान 63 वर्षों में दिल्ली-एनसीआर में अधिकेंद्र वाले कुल 675 भूकंप आए हैं। लेकिन वर्ष 2000 तक जहां केवल 73 भूकंप दर्ज किए गए, वहीं इसके बाद के 22 वर्षों में 602 भूकंप रिकॉर्ड किए गए। अकेले वर्ष 2020 में दिल्ली व उसके आसपास कुल 51 बार धरती थर्राई। भारत के कुल क्षेत्रफल का करीब 59 फीसदी हिस्सा भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित है। दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन चार में रखा गया है, जहां भूकंप आने की आशंकाएं ज्यादा हैं।

## दृष्टिकोण

# आइना घर...

**वह** आदमकद आइने में अपना चेहरा देख कर मुस्करा देते हैं। जब-जब वह इस प्रकार आइने में झांकते हैं, उन्हें लगता है कि केवल वह ही नहीं, उनकी सारी रियाया उन्हीं के आइने में से झांकती हुई उनके साथ मुस्करा रही है। ठीक है इसे वह इस लोकतांत्रिक युग में अपनी कोई छुपी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति दिखा कर उन्हें मंच से कभी अपनी रियाया नहीं कहेंगे, बल्कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र की रियाया कहेंगे। कितना संतोष होता है कि इस बिगड़े समय में भी जब-जब कोई नेतागिरी का सर्वेक्षण होता है, उन्हें सबसे लोकतंत्र नेता करार दे दिया जाता है। आइने की कृपा से मापने के पैमाने थोड़े से और विस्तृत होते जा रहे हैं, इसलिए उन्हें लगता है, वह इस देश ही नहीं पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। अब इन पैमानों के नजर बचा लेने की ही बात है। ललमुंहे अंग्रेजों का देश, कि जिनके साम्राज्य में कभी सूरज नहीं डूबता था, आज वह कब उगता है? कब डूब जाता है? कुछ पता ही नहीं चलता, बल्कि इस कम्बख्त महामारी के रंग-रूप का भी पता नहीं चलता। रूप बहुरूप वाली इस महामारी ने तेवर बदलना था तो क्या यहां ही बदलना था? देखिये दुनिया में इस महामारी से लडने के लिए टीका हमने बनाया, लेकिन कम्बख्त इसके बावजूद हमारी नेतागिरी को ग्रहण लग गया। ये सर्वेक्षण बताते हैं कि हम तो लोकप्रियता खोने की कुछ और मंजिलें तय कर गए। किस शत्रु ने बता दिया कि हम दुनिया के सबसे अलोकप्रिय नेता बन गए? अरे अलोकप्रियता की घोषणा करनी थी तो क्यों अपने को दुनिया का सबसे धनी देश कहने वालों के नेता के अलोकप्रिय होते चले जाने की घोषणा कर देते। वह तो चुनाव हार गए थे, चाहे काफी दिन तक अपनी पराजय स्वीकार न करने का तैश उन्होंने रखा। टीका उन्होंने भी तो ईजाद कर लिया है। इसके लिए .70 डिग्री शीत के तापमान का प्रबंध करना होगा। हमारा टीका तो आपके फ्रिज के गले लग कर जी ही लेगा। उनके यहां तो इस महामारी के प्रकोप ने मौतों के अम्बार लगा दिए, फिर भी वह नकाब से मुंह ढके बिना महामारी को चुनौती देते हैं। जवाब मापक यंत्रों के परिणाम अनोखे हैं। इन्होंने फिर भी उनकी लोकप्रियता हमसे अधिक बता दी। वे अगले चुनाव के लिए गद्दी संभालने वास्ते लंगर लंगोटे भी कस रहे हैं। अन्तरराष्ट्रीय से राष्ट्रीय पर चलें। जनाब वह राजनीति के खेल निराले हैं, जिनके नारे चल निकले वह सबसे लोकप्रिय हो गए। जबकि महामारी ने कई देशों का हुलिया हमारे देश की तरह ही बिगाड़ा। यहां काम-धंधा सब उखड़ गया। लोग रिकार्ड स्तर पर बेकार हो गए, महंगाई की बुलन्दियों का अंत नहीं, भ्रष्टाचार अब भी शबाब पर है। भ्रष्टाचार का नया सूचकांक आ गया है। यहां अपने देश को लेकर भ्रष्टाचार के उसी पायदान पर खड़े हैं, जहां इससे पहले बरसों में खड़े थे। दुनिया के सबसे बड़े रिश्वतखोर देशों में उनकी गिनती होने लगी, लेकिन उनके आइने में उभरती उनकी चौड़ी मुस्कान में तनिक भी अंतर नहीं आया।



# इजराइल–हमास के बीच युद्धविराम की मांग करने वाला रूस का प्रस्ताव खारिज

**वॉशिंगटन।**
संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में गाजा में जारी हिंसा पर लाया गया रूस का प्रस्ताव खारिज हो गया। दरअसल रूस के प्रस्ताव में गाजा में आम नागरिकों के खिलाफ हो रही हिंसा की निंदा करते हुए युद्धविराम की मांग की गई थी, लेकिन इसमें हमास या उसके द्वारा इजराइली नागरिकों पर किए गए बर्बर हमले का जिक्र ही नहीं किया गया था। ऐसे में पश्चिमी देशों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। 15 सदस्यों वाली सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पास होने के लिए 9 वोटों की जरूरत थी लेकिन प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ चार देशों ने मतदान किया। वहीं चार देशों ने इसके खिलाफ वोट दिया। रूसी प्रस्ताव के समर्थन में जिन देशों ने वोट किया, उनमें चीन, संयुक्त अरब अमीरात, मोजाम्बिक और गैबोन शामिल हैं। वहीं प्रस्ताव के खिलाफ वोट करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और फ्रांस शामिल हैं। छह अन्य देश मतदान में शामिल ही नहीं हुए। बता दें कि इजराइल और हमास के बीच छिड़ी लड़ाई को लगभग दो हफ्ते का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक संयुक्त राष्ट्र की सबसे अहम निकाय सुरक्षा परिषद, जिस पर वैश्विक शांति और सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वह इस हिंसा को रोकने में विफल रही है। बीती सात अक्तूबर को फलस्तीन के आतंकी संगठन हमास ने इजराइली सीमा में घुसकर 1400 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। वहीं इजराइल के जवाबी हमले में अब तक गाजा पट्टी में 2750 के करीब लोगों की जान जा चुकी है। गाजा पर रूसी प्रस्ताव पर मतदान से पहले रूसी राजनयिक वेसिली नेबंजिया ने सदस्य देशों से समर्थन मांगते हुए कहा कि गाजा संकट अभूतपूर्व है और इसमें हताहतों की संख्या हर घंटे बढ़ रही है। रूसी राजनयिक ने इजराइल और गाजा में आम नागरिकों की मौतों की कड़ी निंदा की। वहीं रूसी प्रस्ताव खारिज होने के बाद वेसिली नेबंजिया ने कहा कि एक बार फिर साबित हो गया है कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी देशों के स्वार्थों की बंधक है और यह बीते दशक की सबसे गंभीर हिंसा रोकने के लिए एकजुट संदेश देने में विफल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### गाजा के अस्पताल पर हुए हमले में मौतों को लेकर इजराइली सेना का बड़ा खुलासा, अब फलस्तीन से ही पूछे सवाल



**यरुशलम ।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध में करीब पांच हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच, मंगलवार को गाजा के अल–अहली अस्पताल में विस्फोट हुआ था, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई। इस हमले का आरोप हमास और इजराइल एक दूसरे पर मढ़ रहे हैं। इस बीच, इजराइल ने इस हमले में मारे गए लोगों के शवों पर सवाल खड़ा कर दिया। इजराइल सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गुरुवार को अपने ऊपर लगाए आरोपों को नकारने के साथ ही इस हमले के लिए फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही उस दावे पर सवाल खड़े कर दिए, जिसमें कहा जा रहा कि कई लोग मारे गए थे। अपने दावों के समर्थन में, इजराइल ने वीडियो जारी की है, जिनमें से एक में रॉकेट की चपेट में आने से पहले और बाद में अस्पताल और उसके आसपास के क्षेत्र को दिखाया गया है। आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि रॉकेट पार्किंग में फटा था और ऐसा लगता है कि घटना में कोई नहीं मारा गया। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा, 'हम देख सकते हैं कि जहां विस्फोट हुआ वहां का क्षेत्र काला पड़ा हुआ है। ऐसा लगता है कि वहां भयानक आग लगी थी। यह वास्तव में केंद्र है, जहां रॉकेट ने प्रभावित किया है। मैं जो देख पा रहा हूं वहां लगभग 15 कारें हैं, जो हमले से प्रभावित हुई थीं।

### सऊदी में ओआईसी की बैठक में ईरान की अपील, इजरायली राजदूतों को निकाल, कारोबार बंद कर दें



**रियाद।** फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास और इजरायल की जंग के बीच ईरान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी की बैठक में सभी सदस्य देशों से इजरायल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने की अपील की है। ईरान ने कहा है कि संगठन के सभी सदस्य देश इजरायल के साथ तेल समेत अन्य तरह के सभी कारोबार पर प्रतिबंध लगा दें। साथ ही जिन सदस्य देशों के इजरायल के साथ राजनयिक संबंध हैं, वह इजरायली राजदूतों को बर्खास्त कर दें। दरअसल, गाजा के एक अस्पताल में ब्लास्ट होने की वजह से बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। इसी पर चर्चा करने के लिए बुधवार को सऊदी अरब के जेद्दा शहर में ओआईसी की एक आपातकाल बैठक बुलाई गई। इस बैठक में ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान शामिल हुए और इजरायल पर बैन लगाने की अपील की। ईरान के विदेश मंत्री ने बैठक में कहा कि सभी मुस्लिम देश इजरायल पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दें, जिनमें तेल से लेकर सभी चीजें शामिल हों। साथ ही जिस मुस्लिम देश के इजरायल के साथ राजनयिक संबंध हैं, वह देश तत्काल रूप से अपने यहां इजरायली राजदूतों को बर्खास्त कर दें। वहीं ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने कहा कि इजरायल की ओर से गाजा में हो रहे संभावित युद्ध अपराधों को दर्ज करने के लिए इस्लामिक वकीलों की एक टीम भी बनाई जानी चाहिए।

### गाजा के अस्पताल में हुए विस्फोट के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं, व्हाइट हाउस ने कहा- हम आगे की जांच कर रहे

**वाशिंगटन ।** गाजा के अल–अहली अस्पताल में हुए विस्फोट का फलस्तीनी सरकार लगातार इजराइल पर आरोप लगा रही है। इस बीच, अमेरिका ने इजराइल का पक्ष लिया है। व्हाइट हाउस का कहना है कि गाजा अस्पताल विस्फोट के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं है। व्हाइट हाउस ने खुफिया तस्वीरों और सूत्रों से मिली सूचनाओं के आधार पर कहा कि जांच से संकेत मिला है कि गाजा के अस्पताल में मंगलवार को हुए घातक विस्फोट के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं है। बता दें, अमेरिका का यह बयान बुधवार को उसी दिन आया, जब राष्टपति जो बाइडन ने अपनी यात्रा के दौरान इजराइल के साथ एकजुटता दिखाई। गौरतलब है, फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अल–अहली अस्पताल में हुए भीषण विस्फोट में 471 लोगों की मौत हो गई, जबकि 314 अन्य घायल हो गए। व्हाइट हाउस की राष्टीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएन वाटसन ने एक बयान में कहा, अमेरिकी सरकार का आकलन है कि गाजा पट्टी के अल अहली अस्पताल में कल हुए विस्फोट के लिए इजराइल जिम्मेदार नहीं है।' उन्होंने खुफिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि गाजा पट्टी में कुछ आतंकियों का मानना है कि विस्फोट फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा किए गए गलत रॉकेट या मिसाइल लॉन्च के कारण हुआ था।

## फलस्तीनियों के नरसंहार की फंडिंग कर रहे बाइडन

# इजराइल को मदद देने के खिलाफ अमेरिकी सांसद राशिदा तलैब

**यरुशलम ।**
आतंकी संगठन हमास के खिलाफ जंग में इजराइल की मदद को लेकर अमेरिकी सांसद ने अपने ही देश की सरकार को घेर लिया। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में डेमोक्रेट पार्टी की सांसद राशिदा तलैब ने राष्ट्रपति बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार फलस्तीनियों के नरसंहार की फंडिंग कर रही है।

**क्या बोलीं अमेरिकी सांसद** - अमेरिकी संसद में इकलौती फलस्तीनी–अमेरिकी सांसद राशिदा तलैब ने कैपिटल हिल पर फलस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दौरान इजराइल–हमास के बीच जंग में तुरंत युद्धविराम लागू करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने गाजा में अस्पताल में हुए हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। अपने भाषण के दौरान राशिदा भावुक हो गईं और मंच पर ही रोने लगीं। उन्होंने कहा, यह बहुत दर्दनाक है। यह देखना कि लोग एक अस्पताल, जहां बच्चे मौजूद थे, उस पर बमबारी देखकर भी ठीक हैं। आप जानते हैं क्या देखना और मुश्किल है, ऐसे वीडियो जिनमें लोग बच्चों से कह रहे हैं कि रोना मत, लेकिन उन्हें रोते ही रहने देते हैं। ये बच्चे कांपते दिखते हैं, लेकिन लोग उन्हें शांत कराने की कोशिश करते हैं। ऐसे वीडियो को देखकर अगर हम नहीं रोते तो कुछ तो गलत है। राशिदा ने कहा, मैं आपको बता रही हूं राष्ट्रपति बाइडन, इस मुद्दे पर पूरा अमेरिका आपके साथ नहीं है। आपको यह समझना होगा। हम लोगों को नरसंहार करते और बड़ी संख्या में कुछ को मरते देख रहे हैं, लेकिन फिर भी हम कुछ नहीं करते और मूक दर्शक बने रहते हैं।





### खून के छींटों से रंगीं दीवारें, कटे अंगों के साथ पहुंचे लोग, अस्पताल पर धमाके के बाद का भयावह मंजर

**यरुशलम।** गाजा के अल–अहली अस्पताल पर हुए हमले के बाद फर्श पर हर जगह शव दिखाईदिए। उन्हीं के बीच से घायल लोग डॉक्टरों के लिए चीख–पुकार मचाते दिखे। धमाके होते ही कई लोग अस्पताल के दूसरे हिस्से की तरफ भागे। किसी का हाथ कटा था तो कोई पैरों को खोने के बाद इलाज की उम्मीद में आ रहा था। मरीजों की संख्या एकदम बढ़ गई। अंधेरे मेंडॉक्टर भी बिना एनेस्थीसिया (बेहोश करने का रसायन) ही फर्श पर उनकी सर्जरी करने को मजबूर हो गए। मेडिकल सामग्री की कमी के चलते अस्पताल में पहले से ही हालात बुरे थे। प्लास्टिक सर्जन गासन अबू सित्ता ने कहा, एक जोरदार धमाके के साथ उनके ऑपरेशन कक्ष की छत गिर गई। घायल लड़खड़ाते हुए हमारी ओर भागे। हमने सैकड़ों मृत और गंभीर रूप से घायल लोगों को देखा। अस्पताल परिसर में शवों के टुकड़े बिखरे दिखे। विस्फोट स्थल पर जली हुई कारें बिखरी पड़ी थीं और जमीन पर मलबे का अंबार था। पीड़ितों को गंभीर चोटें हैं, कुछ के सिर फटे हुए थे जबकि कुछ के अंग कटे या गायब थे। ऑर्थोपेडिक सर्जरी प्रमुख फादेल नईम ने कहा, लोग चीख रहे थे। अस्पताल क्षत–विक्षत शवों और घायल लोगों से भर चुका था। डॉ. नईम ने कहा, जिसे भी बचाया जा सकता था, हमने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन लोग बहुत ज्यादा थे और मेडिकल टीम बहुत छोटी। सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन और तुर्किये ने अल–अहली अस्पताल पर बमबारी के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। जबकि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मौतों के लिए 'गाजा में क्रूर आतंकवादियों' को जिम्मेदार ठहराया है।

**अमेरिकी सरकार के बयान के उलट दावे करती रही हैं राशिदा** - इजराइल–हमास जंग को लेकर राशिदा तलैब लगातार अमेरिकी सरकार से उलट दावे करती रही हैं। गाजा के अस्पताल पर हमले के ठीक बाद उन्होंने बिना तथ्यों की पुष्टि किए इसके आरोप इजराइल पर लगा दिए थे, जबकि इजराइल ने साफ किया था कि यह हमले फलस्तीनी संगठन फलस्तीन इस्लामिक जिहाद की तरफ से किए गए। खुद अमेरिकी सरकार, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भी अब तक के विश्लेषण में गाजा के अस्पताल में हमले के पीछे इजराइल का हाथ नहीं पाया है।

## इजराइल पर हो रहे हमलों से जुड़ा बड़ा खुलासा

# हमास को पड़ोस से नहीं बल्कि उत्तर कोरियाई से मिल रहे हथियार



**प्योंगयांग।**
इजराइल और हमास के बीच युद्ध में करीब पांच हजार लोगों की मौत हो गई। गाजा पट्टी में अभी तक 3500 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, इजराइल में 1400 लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच, एक वीडियो सामने आ रहा है, जिससे संभावना जताई जा रही है कि सात अक्तूबर को हमास द्वारा इजराइल पर अचानक हुए हमले में उत्तर कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। एक वीडियो और इजराइल द्वारा जब्त किए गए हथियारों से पता चलता है कि उत्तर कोरिया इनकार करने के बावजूद वह हमास को हथियार बेचता है।

**एफ–7 का इस्तेमाल** - वीडियो का विश्लेषण उत्तर कोरियाई हथियारों के दो विशेषज्ञों द्वारा किया गया था। युद्ध के दौरान जब्त किए गए हथियारों और दक्षिण कोरियाई सैन्य खुफिया जानकारी के विश्लेषण के साथ वीडियो दिखाता है कि हमास ने एफ–7 रॉकेट–प्रोपेल्ड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया है। बता दें, एफ–7 रॉकेट, एक कंधे से दागा जाने वाला हथियार है, जिसे लड़ाकू आमतौर पर बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। ये सबूत हथियारों के अवैध व्यापार की उस दुनिया पर रोशनी डालते हैं, जिसका प्रतिबंधों से जूझ रहा उत्तर कोरिया इस्तेमाल कर रहा है।

**इन लोगों ने किया दावा** - कंसल्टेंसी आर्मामेंट रिसर्च सर्विसेज के निदेशक के रूप में काम करने वाले हथियार विशेषज्ञ एनआर जेनजेन–जोन्स कहते हैं कि एफ–7 का सीरिया, इराक, लेबनान और गाजा पट्टी की लड़ाइयों में इस्तेमाल किया गया है।जोन्स ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, 'उत्तर कोरिया लंबे समय से फलस्तीनी आतंकवादी समूहों का समर्थन करता रहा है और उत्तर कोरियाई हथियार संघर्ष के दौरान पहले भी मिल चुके हैं। प्योंगयांग के हल्के हथियारों के बारे में लिखने वाले स्मॉल आर्म्स सर्वे के वरिष्ठ शोधकर्ता मैट श्रोएडर ने बताया कि हमास ने अपनी ट्रेनिंग की तस्वीरें जारी की हैं। इसमें लड़ाकू विमानों को एक हथियार के साथ दिखाया गया है, जिसके वारहेड पर एक लाल पट्टी है। इसके अलावा, इसकी डिजाइन भी एफ–7 से मेल खा रही है।

# महिला पुलिसकर्मी ने बच्चे को थप्पड़ मारा प्रत्यक्षदशी ने केस किया, मिली सजा

**लंदन।**
**बर्मिंघम में एक पूर्व महिला पुलिसकमी ने एक 12 साल के बच्चे को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना को लेकर एक प्रत्यक्षदशी को काफी गुस्सा आया और उसने मामला दर्ज करा दिया। प्रकरण कोर्ट में पहुंचा तो महिला को सजा दी गई और कहा गया कि यदि दोषी महिला नौकरी में होती तो बखाश्ती जरूर होती,चूंकि नौकरी में नहीं है कि इसलिए केवल सजा ही दी जा रही है।**



दरअसल पूर्व महिला पुलिसकमी शरणजीत कौर ने पिछले महीने वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस कांस्टेबल के पद से इस्तीफा दे दिया था। ब्रिटेन के इंडिपेंडेंट ऑफिस फॉर पुलिस कंडक्ट (आईओपीसी) की ओर से जांच किये जाने के बाद कौर को आरोपित किया गया था। पिछले हफ्ते, 41–वर्षीय कौर बर्मिंघम मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश हुई थी जिसने उसे 12 महीने की सामुदायिक सजा सुनाई। यदि किसी दोषी व्यक्ति का अपराध जेल की सजा देने लायक नहीं होता है तो न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट सामुदायिक आदेश सुना सकता है।

आईओपीसी के क्षेत्रीय निदेशक डेरिक कैंपबेल ने कहा, ''पुलिस अधिकारी केवल तभी बल प्रयोग कर सकता है जब यह आवश्यक, आनुपातिक और परिस्थितियों की दृष्टि से उचित हो। महिला पुलिस अधिकारी के पास उस लड़के पर हमला करने का कोई पुलिसिंग उद्देश्य या अन्य उचित कारण नहीं था, क्योंकि अधिकारी को कोई वास्तविक खतरा नहीं था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, ''महिला अधिकारी के प्रहार से लड़के के गाल पर जख्म हो गया था। जब एक दर्शक ने उसे चुनौती दी तो उसने खुद को एक पुलिस अधिकारी बताया। अदालत ने कहा कि यदि वह (पूर्व अधिकारी) अब भी पुलिस कांस्टेबल के रूप में सेवा कर रही होती, तो उसे बर्खास्त कर दिया गया होता। कौर को 'कॉलेज ऑफ पुलिसिंग की प्रतिबंधित सूची में भी शामिल किया जाएगा, ताकि उसे भविष्य में ब्रिटिश पुलिस सेवा में नौकरी करने से रोका जा सके।

# गाजा में अमेरिकी मदद पहुंचाने को मिस्र तैयार पर बाइडन ने दी आतंकी संगठन को चेतावनी

**यरुशलम।**
आतंकी संगठन हमास की ओर से इजराइल पर किए गए हमले के 13 दिन बाद भी दोनों पक्षों के बीच संघर्ष जारी है। गाजा पट्टी से हमास के आतंकी लगातार रॉकेट हमले कर रहे हैं। हालांकि, इजराइल भी इनका माकूल जवाब दे रहा है। इस बीच इजराइल की ओर कई कड़े कदम उठाने की वजह से गाजा में मानवीय संकट पैदा हो गया है। एक दिन पहले ही गाजा में एक अस्पताल में हुए धमाके में सैकड़ों लोगों की मौत भी हुई थी। इन स्थितियों के मद्देनजर अमेरिका ने गाजा पट्टी में राहत सामग्री पहुंचाने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह मदद इजराइल की सीमा की तरफ से न भेजकर मिस्र की गाजा से लगती सीमा पर मौजूद राफा क्रॉसिंग से भेजी जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से हुई लंबी बातचीत के बाद मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल–सिसी इस क्रॉसिंग को खोलने पर सहमत हो गए हैं। मिस्र ने पहले चरण में अमेरिका की ओर से गाजा के लिए 20 ट्रक की शुरुआती मदद भेजने पर सहमति जता दी है। मिस्र इसके लिए राफा क्रासिंग खोलेगा। हालांकि, इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर आतंकियों ने इस राहत सामग्री को हड़पने की या उस पर कब्जा करने की कोशिश की तो, यह मानवीय मदद यहीं बंद कर दी जाएगी। बाइडन ने कहा, अल–सिसी गाजा के लिए 20 ट्रक भेजने के लिए राफा क्रॉसिंग के गेट खोलने पर सहमत हो गए हैं। उनका मानना है कि इन ट्रकों को पहुंचने में आठ घंटे लगेंगे। यह काफी स्पष्ट समझौता रहा। हम चाहते थे कि जितने ज्यादा से ज्यादा ट्रक पहुंचाए जा सकें, उन्हें भेजा जाए। मुझे लगता है 150 के आसपास...हमारे बीच प्रतिबद्धता है कि जैसे ही यह ट्रक सीमा पार करेंगे, गाजा की तरफ मौजूद संयुक्त राष्ट्र के लोग इन्हें लोगों को बांट देंगे, जिसमें कुछ समय लगेगा। लेकिन अगर हमास के लोगों ने इसे जब्त करने की कोशिश की या आगे नहीं बढ़ने दिया तो यह राहत सामग्री मिलना तुरंत ही बंद हो जाएगी, क्योंकि हम ऐसी कोई मदद भेजेंगे ही नहीं। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति इजराइल दौरे पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की और अमेरिका के इजराइल के साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरे के बाद उन्हें इजराइल के पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों से भी मिलना था और गाजा के लिए मानवीय मदद मुहैया कराने पर बात करनी थी।





# भ्रष्टाचार के दो मामलों में नवाज शरीफ को इस्लामाबाद एचसी से राहत, 24 अक्टूबर तक मिली जमानत

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड और अल–अजीजिया भ्रष्टाचार मामलों में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 24 अक्टूबर तक सुरक्षात्मक जमानत दे दी है। पाकिस्तान लौटने से पहले नवाज शरीफ को इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने शनिवार को अस्थायी राहत दिया है। इसी बीच, पाकिस्तान की एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने तोशाखाना वाहन मामले में उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया।


**तोशाखाना वाहन मामले में गिरफ्तारी वारंट निलंबित** - पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) सुप्रीमो ने एक वकील काजी मुशाहिद के माध्यम से इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत नंबर 1 से संपर्क किया, जिसमें दो साल पहले जारी किए गए स्थायी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने की मांग की गई थी।

बताया जा रहा है कि नवाज शरीफ का गिरफ्तारी वारंट इसलिए निलंबित किया गया, क्योंकि वे एक मामले में उपस्थित होने में विफल रहे थे। उल्लेखनीय है कि 73 वर्षीय राजनेता को एवेनफील्ड और अल–अजीजिया मामलों में दोषी ठहराया गया था और तोशाखाना वाहन मामले में घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

यह दोनों मामले इस्लामाबाद में एक जवाबदेही अदालत के समक्ष लंबित है। नवाज इन मामलों में जमानत पर थे, जब वह 2019 में इलाज के लिए यूके चले गए थे। यह राहत 21 अक्टूबर को नवाज शरीफ के पाकिस्तान आगमन से कुछ ही दिन पहले आई है, जिससे लंदन में लगभग चार साल का आत्म–निर्वासन समाप्त होगा।

याचिका के अनुसार, नवाज अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने और न्याय की उचित प्रक्रिया को प्रस्तुत करने और कानून के तहत अनुमत उपायों का लाभ उठाने के लिए सुरक्षात्मक जमानत की मांग कर रहे थे।

**शरीफ को 24 अक्टूबर तक मिली सुरक्षात्मक जमानत** - याचिका में इस्लामाबाद हाईकोर्ट से 21 अक्टूबर को देश लौटने पर नवाज को हवाई अड्डे से गिरफ्तार करने से अधिकारियों को रोकने का निर्देश देने की मांग की गई, ताकि उन्हें अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने की अनुमति मिल सके। जस्टिस मुहम्मद बशीर ने याचिका पर सुनवाई की और वारंट निलंबित करने का आदेश दिया, जब उन्हें बताया गया कि नवाज अदालत के सामने पेश होना चाहते हैं।



अदालत ने सुनवाई की तारीख 24 अक्टूबर तय की है और तब तक वारंट निलंबित कर दिया है। हालांकि, जज ने नवाज के उपस्थित होने में विफल रहने पर गिरफ्तारी आदेश बहाल करने की चेतावनी दी है। अदालत के फैसले ने तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षित वापसी से पहले एक बाधा दूर कर दी।

उन्हें इस्लामाबाद हाईकोर्ट से भी राहत मिलने की उम्मीद है, जहां उन्होंने भ्रष्टाचार के दो मामलों में सुरक्षात्मक जमानत के लिए बुधवार को याचिका दायर की थी। पिछले महीने, पीएमएल–एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने पुष्टि की थी कि उनके बड़े भाई नवाज शरीफ आम चुनाव के लिए पार्टी के अभियान का नेतृत्व करने के लिए 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौट रहे हैं। इसके बाद, पार्टी ने घोषणा की कि नवाज लंदन से लौटने पर सभी प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

**क्या है पूरा मामला** - नवाज ने 2017 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में पद छोड़ दिया था, जब उन्हें प्राप्य वेतन की घोषणा नहीं करने के कारण सुप्रीम कोर्ट द्वारा सार्वजनिक पद संभालने से जीवन भर के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। लाहौर हाईकोर्ट द्वारा उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने की चार सप्ताह की अनुमति दिए जाने के बाद वह 2019 से लंदन में रह रहे हैं। नवाज अल–अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की कैद की सजा काट रहे थे, लेकिन 2019 में उन्हें 2019 चिकित्सा आधार पर लंदन जाने की अनुमति दी गई थी। बाद में 2020 में एक अदालत ने तोशाखाना वाहन मामले में नवाज को भगोड़ा घोषित कर दिया था। उन पर इन वाहनों की कीमत का केवल 15 प्रतिशत भुगतान कर ट्रेजरी हाउस से लग्जरी कारें प्राप्त करने का भी आरोप है। नवाज को 2018 में अल–अजीजिया मिल्स और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में दोषी ठहराया गया था।

## फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की दी धमकी, केस दर्ज

**पलवल ( हिंस )।** पलवल में एक नव विवाहिता के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर, शादीशुदा जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने पति-पत्नी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने गुरुवार को 4 नामजद सहित 7 के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक नव विवाहित महिला ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी 21 जून 2023 को हुई थी। उसकी शादी की बात पहले जल्ली नामक व्यक्ति से चली थी। वह अपने परिजनों के साथ उसके मायके उसे देखने आया था। उस दौरान आरोपी ने उसके परिजनों से अपने मोबाइल में घर वालों को दिखाने के लिए उसके कुछ फोटो ले लिए थे। इसके बाद उसके परिजनों को पता चला की जल्ली शराबी है, तो उसका रिश्ता करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसके पिता ने उसी गांव में दूसरे युवक से उसकी शादी कर दी। इससे आरोपी उनसे रंजिश रखने लगा और उसके पति को धमकी देने लगा कि तेरी पत्नी तो पहले मेरी थी, उसके मेरे पास फोटो हैं, उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर समाज में तुम्हारी इज्जत खराब कर दूंगा। महिला ने बताया कि इसके बाद 15 अक्तूबर को आरोपी रात के साढ़े 12 बजे बुरी नीयत से उसके घर में घुस आया और उसे लिपट गया। उसके पति ने विरोध किया तो उन दोनों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। उसके कुछ देर बाद अजीज, साद व मतीन अपने साथ 2-3 अन्य लेकर आए और उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी ने गुरुवा को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के अनुसार दी गई शिकायत के आधार पर 4 नामजद सहित 7 के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पायलट और मेरे बीच अब कोई मतभेद नहीं : गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए वे और सचिन पायलट टिकट चयन के सभी फैसलों में शामिल हैं। हम सारे मतभेद भुला चुके हैं। पायलट के साथ जो लोग मानेसर (बगावत के वक्त 2020 में) गए थे, उनके सारे टिकट क्लीयर हो रहे हैं, मैंने एक भी सीट को लेकर ऑब्जेक्शन नहीं किया है। गहलोत गुरुवार को दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में दोहराया कि कांग्रेस में कभी मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए। जो उम्मीदवार बनता है, वो कभी सीएम नहीं बनता है। मैं जब सीएम बना तो उस समय मैं उम्मीदवार नहीं था। मुझे सोनिया गांधी ने चुना। मैं पहले भी कह चुका हूं कि सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा और यह छोड़ेगा भी नहीं। कुछ तो कारण होंगे कि हाईकमान और गांधी परिवार मुझ पर इतना विश्वास जता रहे हैं।



वसुंधरा राजे के समर्थक विधायकों और नेताओं के टिकट कटने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि वसुंधरा को मेरे कारण सजा नहीं मिलनी चाहिए, यह उनके साथ अन्याय होगा। मेरी कुछ बातों को फ्लेवर लगाकर पेश किया गया था। 2020 में जब मेरी सरकार पर संकट था तो कैलाश मेघवाल ने बयान दिया कि राजस्थान में इस तरह सरकार गिराने की परंपरा नहीं रही है। गहलोत ने कहा कि जब भैरोंसिंह शेखावत मुख्यमंत्री थे और वो इलाज के लिए अमेरिका गए थे तो पीछे से उनके कुछ नेता सरकार गिराना चाहते थे। मेरे पास कुछ नेता आए कि सरकार गिराने में सहयोग कीजिए। मैंने साफ मना कर दिया। उस समय प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और राज्यपाल बलिराम भगत थे। मैंने उन्हें भी कहा था कि सरकार गिराने में सहयोग करना उचित नहीं होगा। कैलाश मेघवाल को इस बात की जानकारी थी। जब सियासी संकट आया तो उन्होंने कह दिया कि हमारे यहां इस प्रकार सरकार गिराने की परंपरा कभी नहीं रही। मुझे भाजपा के मेरे मित्रों से ही पता चला कि वसुंधरा राजे का भी यही मानना था। कुछ महीनों पहले धौलपुर में गलती से मेरे मुंह से निकल गया कि मेरी सरकार जब संकट में थी तो वसुंधरा राजे की भावना वही थी, जो भैरोंसिंह शेखावत की सरकार के वक्त मेरी थी। इसे फ्लेवर लगाकर पेश किया गया।

## मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कर रहे विशेष उपलब्धि वालों से बातचीत : मनीष

**हिसार ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं, इसलिए जन जन का इससे वाकिफ होना बहुत जरूरी है। वे गुरुवार को नारनौंद, आदमपुर, नलवा व हिसार विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की वर्चुअल बैठक को संबोधित कर रहे थे। इन बैठकों में मंडल अध्यक्ष, मंडल पालक, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र प्रमुख व बूथ प्रमुख शामिल रहे। बैठकों की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने की। जिला प्रभारी ने कहा कि इस बार मन की बात कार्यक्रम 29 अक्तूबर को होगा। मन की बात कार्यक्रम में विशेष बातों के अलावा प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त नागरिकों से बात करके उनका हौंसला भी बढ़ाते हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। जिला प्रभारी ने कहा कि सभी बूथ प्रमुख अपने-अपने पन्ना प्रमुखों से समय-समय पर बातचीत करते रहें व ध्यान रखें कि कोई भी पात्र व्यक्ति केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का विस्तार से जिक्र किया और कहा कि सरकार ने अंत्योदय की भावना को ध्यान में रखते हुए काम किया है। जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र ने बैठक में कहा कि जिले में हर मंडल, यहां तक कि हर बूथ पर प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम बहुत उत्साह के साथ सुना जाता है। इसके अलावा जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता केंद्र सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने में भी अग्रणी है।

## बाइकर्स ने निकाली रैली, मतदान का दिया संदेश





**बीकानेर ( हिंस )।** मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से बाइक रैलियां निकाली गई। इनमें बीएलओ, सुपरवाइजर, शिक्षकों और विभिन्न विभागों के कार्मिकों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमजन ने भागीदारी निभाई। जिला स्तरीय रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली यहां से तुलसी सर्किल, अंबेडकर सर्किल, मेजर पूर्ण सिंह सर्किल, कैप्टन चंद्र चौधरी सर्किल, संभागीय आयुक्त कार्यालय से वीर दुर्गादास सर्किल, चौधरी भीमसेन सर्किल, डूडी पेट्रोल पंप, नत्थूसर गेट, दशनाम गोस्वामी मोहल्ला, मोहता सराय, गोगागेट के बाहर से रानीबाजार पुलिया होती हुई पुनः कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली में पारंपरिक वेशभूषा में सजे धजे रोबीले और महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई। वहीं अनेक अधिकारी भी रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन ने कहा कि जिले का प्रत्येक मतदाता अपने मतदान केंद्र तक पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करे, इसके प्रति जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। रैली में बाइकर्स ने जागरूकता से जुड़ी तख्तियों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। इस दौरान जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नित्या के., नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारठ, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पचीसिया, बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष मनमोहन कल्याणी, इनटेक के पृथ्वीराज रतनू, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक अनिल राठौड़, सहायक निदेशक कुमार, राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र पुरोहित, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के एलडी पंवार, रोजगार विभाग के सहायक निदेशक हरगोविंद मित्तल, कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत, विकास अधिकारी भोम सिंह इंदा, स्वीप के गोपाल जोशी आदि मौजूद रहे।

## अमृतसर से हैदराबाद के लिए शुरू होगी फ्लाइट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पंजाब के अमृतसर से हैदराबाद के लिए फ्लाइट शुरू करने का फैसला लिया है। यह फ्लाइट तीन घंटे में एक शहर से दूसरे शहर पहुंचाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह फ्लाइट 17 नवंबर से शुरू होगी। एयरलाइंस ने इस रूट पर बुकिंग शुरू कर दी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के इस फैसले के बाद दोनों शहरों में व्यापार व टूरिज्म को बूस्ट मिलेगा। दोनों शहरों के बीच उड़ान 17 नवंबर से शुरू हो रही है। अमृतसर के श्री गुरु रामदासजी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एयरलाइंस की फ्लाइट रोजाना सुबह 11 बजे उड़ान भरेगी। तीन घंटे बाद ये फ्लाइट हैदराबाद में दोपहर दो बजे लैंड हो जाएगी। इसी तरह ये फ्लाइट हैदराबाद से रोजाना सुबह 7.30 बजे उड़ान भरेगी और 2 घंटे 45 मिनट बाद सुबह 10.15 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड होगी। एयरलाइंस की और से इस फ्लाइट के लिए शुरुआती कीमत छह हजार रुपए रखी है।

### भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर आज दिल्ली में मंथन

# कोर ग्रुप के बाद हो सकती है सीईसी की बैठक

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी इसी सप्ताह में अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। इसे लेकर आज दिल्ली में कोर ग्रुप में मंथन होगा। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी प्रस्तावित है। कांग्रेस भले ही अपने प्रत्याशियों को लेकर आम सहमति नहीं बना पा रही हो, लेकिन भाजपा अपनी दूसरी प्रत्याशियों की सूची जारी करने की तैयारी में है। भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची को लेकर मंथन पूरा हो चुका है। कुछ नामों पर गुरुवार को दिल्ली में एक बार फिर मंथन का दौर जारी है। शाम करीब चार बजे कोर ग्रुप की बैठक होगी। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी प्रस्तावित है। प्रदेश भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक दिल्ली में हो रही है। इसमें करीब 80 से ज्यादा सीटों पर दोबारा चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि विधायकों की सीटों पर तो चर्चा हो चुकी है, बाकी सीटों पर विस्तार से एक बार फिर चर्चा होगी। बीजेपी शेष सभी सीटों पर सिंगल और दो नाम के पैनल तैयार कर रही है। संभवतः आज शाम को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है, जिसमें



कोर ग्रुप 80 से ज्यादा सीटों के नाम रख सकता है। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो गुरुवार शाम या फिर शुक्रवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें दावेदारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। यानी, बीजेपी इसी सप्ताह में दूसरी प्रत्याशियों की सूची जारी कर सकती है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली कोर ग्रुप की बैठक में भाग लेने के लिए नेता दिल्ली पहुंच रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी बुधवार रात को दिल्ली पहुंच गए। इस बैठक में प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, सह प्रभारी विजया राहटकर, सह चुनाव प्रभारी नितिन पटेल, कुलदीप विश्नोई, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौघरी शामिल होंगे।

## हरियाणा के सभी स्कूलों में 21 को रहेगा अवकाश

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने एक आदेश जारी करके 21 अक्तूबर को प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में अवकाश का ऐलान किया है। यह फैसला ग्रुप डी की परीक्षा के मद्देनजर लिया गया है। राज्य सरकार ने गुरुवार को इस संबंध में दोबारा आदेश जारी किए हैं। इससे पहले बुधवार की रात जारी आदेशों में केवल 17 जिलों की सूची संलग्न करके अवकाश का ऐलान किया गया था। जिसे लेकर संशय की स्थिति बन गई थी। बुधवार को जारी आदेशों में यह साफ नहीं था कि जिन स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं वही स्कूल बंद रहेंगे या आदेश सभी स्कूलों पर लागू होंगे। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जा रही ग्रुप डी की परीक्षा के लिए प्रदेश के 17 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में कुल 13 लाख 75 हजार परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। गुरुवार को नए सिरे से जारी आदेशों में साफ किया गया है कि ग्रुप डी की परीक्षा के चलते शनिवार को प्रदेश के सभी सरकारी तथा निजी स्कूल बंद रहेंगे। सरकार ने साफ किया है कि अगर जरूरत पड़ती है तो शनिवार को किए जा रहे अवकाश की भरपाई आगामी दिनों में किसी सरकारी अवकाश के दिन स्कूल लगाकर पूरी की जा सकती है। सरकारी आदेशों के अनुसार जिन अध्यापकों की ग्रुप डी परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई है उन्हें छोड़कर कोई भी अध्यापक शनिवार को स्कूल में नहीं आएगा।

# ग्रुप-डी परीक्षा : जिलों में सिटी कॉर्डिनेटर और ऑब्जर्वर किए गए नियुक्त

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा में ग्रुप-डी के 13, 536 पदों की भर्ती के लिए होने वाली कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी) के लिए राज्य सरकार ने कड़े इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने परीक्षा की समुचित तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को चंडीगढ़ में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल आयुक्तों, जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, रेंज आईजी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। ग्रुप डी पदों के लिए सीईटी परीक्षा 21 और 22 अक्तूबर, 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसका संचालन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) कर रही। इस परीक्षा के लिए 13, 75, 151 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। सीईटी परीक्षा के लिए चंडीगढ़ समेत प्रदेश के पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम, फरीदाबाद, कैथल, हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा, पलवल, मेवात में नारनौल और रेवाड़ी में 798 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह और शाम दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। सुबह 10.00 बजे से 11.45 बजे तक और दोपहर 3 बजे से 4.45 तक दो सत्रों में परीक्षा आयोजित होगी। इस प्रकार, एक शिफ्ट में करीब साढ़े 3 लाख बच्चे परीक्षा देने आने की संभावना है। मनोहर लाल ने कहा कि पेपर लीक, पेपर आउट, नकल या किसी और के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति परीक्षा देने दे जैसे मामले न हों, इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टाफ की इस बार अदला-बदली की जाए, ताकि उन्हें स्वयं भी यह न पता हो कि किस परीक्षा केंद्र पर उनकी ड्यूटी लगेगी। साथ ही, परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक व फेस ऑथेंटिकेशन जैसी तकनीकों से परीक्षार्थियों की पहचान की जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर की तैनाती और वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने व निगरानी के लिए अलग से अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 21 व 22 अक्तूबर को सप्तम व अष्टमी का उत्सव है, इसलिए परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टाफ विशेषकर महिला अध्यापकों के लिए फलाहार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जिलों में अभ्यर्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए उपायुक्त अपने-अपने जिलों में धर्मशालाओं को चिन्हित कर लें। साथ ही, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के साथ भी समन्वय स्थापित कर पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

## राज विस चुनाव : नौ दिन में पुलिस ने चार करोड़ रुपए का कैश व अन्य सामान किया जब्त

**अलवर ( हिंस )।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की लगी आचार संहिता के बाद अलवर पुलिस एक्टिव मोड में है। नौ दिन में अब तक करीब चार करोड़ रुपए की कार्यवाई पुलिस कर चुकी है। जिसमें नगदी, शराब सहित अन्य सामान जब्त करना है। अलवर पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नौ अक्तूबर को आचार संहिता लगने के बाद पुलिस नाकेबंदी के दौरान अब तक नौ दिनों में करीब एक करोड़ 70 लाख रुपए की अवैध रूप से जा रही शराब, 12.50 लाख रुपए के मादक पदार्थ, 90 लाख रुपए की नगदी और 57 लाख रुपए के वाहन व अन्य प्रेशर मेटल भी बरामद किए गए हैं। कुल मिलाकर नौ दिनों में चार करोड़ रुपए का सामान सीज किया गया है। व्यापारी वर्ग द्वारा अपनी राशि ले जाने के मामले में उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के सख्त निर्देश हैं नाकेबंदी के दौरान जो भी राशि जब्त होती है उसके पेपर नहीं होने व संतोषजनक जवाब नहीं देने पर वह कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि 10 लाख से कम राशि जब्त होने पर पुलिस अपने आप सीज की कार्रवाई करती है, जबकि 10 लाख से अधिक की राशि जब्त होने पर आयकर विभाग के साथ सूचना को साझा कर कार्रवाई की जाती है।

## नितिन गडकरी ने दरबार साहिब में माथा टेका देश के सबसे ऊंचे झंडे का करेंगे उदघाटन



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को अमृतसर पहुंचे और दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। वह आज अटारी बॉर्डर पर फहराए जाने वाले देश के सबसे ऊंचे तिरंगे के पोल का उद्घाटन करेंगे। अमृतसर हवाई अड्डे पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप धारीवाल और हरभजन सिंह ईटीओ ने गडकरी का स्वागत किया। हवाई अड्डे से गडकरी सीधे दरबार साहिब पहुंचे। गडकरी अमृतसर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के माध्यम से बनाए जा रहे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस वे का दौरा करेंगे। इसके अलावा वह आज अटारी बॉर्डर पर नए स्थापित तिरंगे के पोल का उद्घाटन करेंगे। अटारी बॉर्डर पर आज फहराया जाने वाले तिरंगे का पोल देश में सबसे ऊंचा है। भारत ने अटारी बॉर्डर पर तिरंगे के लिए लगाए गए पोल की ऊंचाई को पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी 18 फीट ऊंचा कर दिया है। इससे पहले भारतीय तिरंगे के पोल की ऊंचाई 360 फीट थी, जबकि पाकिस्तान झंडे के पोल की ऊंचाई 400 फीट है। अब भारतीय स्वर्ण द्वार के सामने तैयार 418 फीट लंबा ध्वज स्तंभ लगाया गया है। यह दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान में खड़े लोग भारतीय ध्वज को आसानी से देख सकेंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 3.5 करोड़ रुपए में इस ध्वज स्तंभ को स्थापित किया है। यह ध्वज स्तंभ 360 फुट ऊंचे पुराने ध्वज स्तंभ से 100 मीटर की दूरी स्वर्ण द्वार के बिल्कुल सामने स्थापित किया गया है।

## पंजाब विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आज से, राजनीतिक दलों की तैयारी पूरी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब विधानसभा का विशेष दो दिवसीय सत्र शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र को लेकर भले ही पंजाब सरकार व राज्यपाल आमने-सामने हैं, लेकिन राजनीतिक दलों ने अपने तैयारी पूरी कर ली है। पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को चंडीगढ़ में कांग्रेस विधायक दल की बैठक ली। बैठक में पंजाब सरकार को घेरने के लिए मुद्दों पर चर्चा की गई। विपक्ष ने इस सत्र के दौरान सरकार को एसवाईएल, कानून व्यवस्था, खनन तथा कर्ज के मुद्दे पर घेरने की योजना बनाई है। इस सत्र के आयोजन पर राज्यपाल के प्रश्नचिह्न भी सरकार की मुश्किल बढ़ाएंगे। राज्यपाल ने इस



दो दिवसीय सत्र को गैरकानूनी ठहराते हुए कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर साफ कर दिया है कि दो दिन का यह सत्र पूरी तरह *शून्य* है। इस दौरान किए जाने वाले कामकाज की कोई वैधानिक मान्यता नहीं होगी। सरकार ने राज्यपाल के दावे को खारिज करते हुए दो दिवसीय सत्र को सही ठहराया है। इन दो प्रमुख मुद्दों के अलावा मुख्यमंत्री द्वारा प्रमुख विपक्षी नेताओं को एक नवंबर को खुली बहस का न्योता देने पर भी सदन में हंगामा होना तय है, क्योंकि विपक्षी दल मुख्यमंत्री के न्योते को अलग-अलग शर्तों के साथ खारिज कर चुके हैं।

## राजस्थान में इस बार दीपावली से पहले गुलाबी सर्दी का आगाज

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में इस बार दीपावली से पहले गुलाबी सर्दी अपने होने का अहसास करवा रही है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हाल ही बिगड़े मौसम के बीच सरहदी जिले में गुरुवार सुबह कोहरा छाया रहा। जयपुर समेत कई जिलों में बुधवार रात तापमान में गिरावट से गुलाबी सर्दी का असर महसूस किया गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि 22 अक्तूबर को राजस्थान में एक कम प्रभाव वाला पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से उत्तर-पश्चिम राजस्थान के जिलों में मौसम बदलेगा। यहां बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। बीती रात सबसे सर्द रात सीकर में रही। जहां का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा। जो नवंबर के शुरुआती सप्ताह में रहता है। सीकर के अलावा फतेहपुर में 15, पिलानी में 16.4 और चूरू में 17.5 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया। शेखावाटी में सर्दी बढ़ने से यहां सुबह-शाम लोग अब गर्म कपड़े पहनने लगे है। यहां सूरज ढलने के साथ ही हल्की सर्द हवाएं चलनी शुरू हो जाती है। सीकर में दिन और रात के तापमान 15 डिग्री सेल्सियस का उतार- चढ़ाव होने लगा है। गया। शेखावाटी अंचल में बीती रात तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बाड़मेर, बीकानेर, जोधपुर में रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। सरहदी जिले जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर में भी रात में ठंड बढ़ गई। इन शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। जैसलमेर में सुबह कई जगह हल्का कोहरा देखने को मिला। यही स्थिति बीकानेर के ग्रामीण इलाके और श्रीगंगानगर में रही। श्रीगंगानगर में न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस मापा गया। राजस्थान में बीती रात न्यूनतम तापमान जैसलमेर को छोड़कर सभी शहरों में 20 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे चला गया। फतेहपुर, करौली, हनुमानगढ़, सीकर और सिरोही में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे मापा गया। जयपुर में भी इस सीजन पहली बार रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ।

# देश-दुनिया में प्रसिद्ध मारवाड़ उत्सव 27 को

**जोधपुर ( हिंस )।** देश-दुनिया में मशहूर दो दिवसीय मारवाड़ उत्सव का आयोजन आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर इस बार एक दिवसीय होगा। मारवाड़ उत्सव का आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग तथा जोधपुर जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) संजय कुमार वासु ने आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक कर सभी कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सरिता फिड़ौदा ने मारवाड़ उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव की शुरुआत 27 अक्तूबर, शुक्रवार को प्रातः आठ बजे श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम से होगी। राजकीय उम्मेद स्टेडियम में प्रातः आठ बजे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा कैमल टेटू शो एवं सैन्य



शस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम में ही पतंग प्रदर्शनी एवं विभिन्न लोकानुरंजन प्रतिस्पर्धाएं होंगी, जिसमें राजस्थानीं लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मूंछ एवं साफा बांध प्रतियोगिता, मिस मारवाड़ (महिलाओं के लिए), मारवाड़ श्री (पुरुषों के लिए), रस्सा-कस्सी, मटका दौड़ आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। मारवाड़ उत्सव के अन्तर्गत सम्राट अशोक उद्यान में 27 अक्तूबर को प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक पतंगबाजी एवं पतंग प्रदर्शनी तथा रात्रि 7 से 9 बजे तक सम्राट अशोक उद्यान के एंफीथिएटर में सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। डॉ. फिदौड़ा ने बताया कि 27 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से साय 4 बजे तक जोधपुर के विभिन्न पर्यटक स्थलों पर राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बैठक में पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सरिता फिड़ौदा ने मारवाड़ उत्सव के अयोजन संबंधी विस्तृत जानकारी देते हुए समारोह के भव्य एव सफलता पूर्वक आयोजन के लिए विभिन्न विभागों से सुझाव आमंत्रित किए।




# बैंक ऑफ बड़ौदा ने मोबाइल एप से जुड़े अधिकारियों को किया निलंबित, कस्टमर के खातों से छेड़छाड़ का आरोप

**नई दिल्ली ।**
बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने मोबाइल एप से नए उपभोक्ताओं को जोड़ने पर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रोक लगाने के बाद अपने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह अधिकारी बैंक के मोबाइल एप बॉब वर्ल्ड से जुड़े हुए थे और आरोप है कि इन्होंने एप पर लोगों का रजिस्ट्रेशन ज्यादा दिखाने के लिए उपभोक्ताओं के खातों से छेड़छाड़ की। निलंबित किए गए अधिकारियों में सहायक महाप्रबंधक स्तर के कुछ अधिकारी शामिल हैं। हालांकि बैंक ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। रिजर्व बैंक ने 10 अक्तूबर को बैंक ऑफ बड़ौदा को निर्देश दिया था कि तत्काल प्रभाव से बॉब वर्ल्ड से नए उपभोक्ताओं को जोड़ना बंद कर दे।

**मौजूदा वित्त वर्ष में पकड़ी गई 1.36 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी** – जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) के अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.36 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता लगाया है। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 में जीएसटी अधिकारियों ने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया था। इस वर्ष के शुरुआती छह महीनों में ही जीएसटी चोरी का आंकड़ा पिछले साल के आंकड़े को पार कर गया है। वर्तमान वित्तवर्ष में करीब 14000 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट के 1040 मामलों का पता चला है। इनमें से अब तक करीब 91 घोटालेबाज पकड़े गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि जो कर चोरी पकड़ी गई है इनमें से 14108 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक भुगतान कर दिया गया है। डीजीजीआई ने यह भी कहा कि उसने करीब 57 हजार करोड़ रुपये की संलिप्तता वाले 6000 से अधिक फर्जी आईटीसी मामले का भी पता लगाया है। इस संदर्भ में उसने अप्रैल 2020 से लेकर सितंबर 2023 तक करीब 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय ने कहा, जीएसटी चोरी की घटनाओं से निपटने के लिए डीजीजीआई ने डाटा विश्लेषण समेत कई आधुनिक तरीकों के जरिये कर चोरी के नए क्षेत्रों में इंटेलीजेंस को मजबूत किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नोकिया में जाएगी 14000 लोगों की नौकरी, बिक्री कम होने बाद लागत घटाने की हो रही तैयारी




**नई दिल्ली ।** फिनलैंड के दूरसंचार उपकरण बनाने वाले समूह नोकिया कथित तौर पर 14 हजार लोगों को नौकरी से निकाल सकता है। समूह ने बताया है कि अमेरिका जैसे बाजारों में 5जी उपकरणों की धीमी बिक्री के कारण तीसरी तिमाही में उसकी कुल बिक्री 20 प्रतिशत तक कम हो गई है। इस गिरावट के बाद कंपनी अपनी लागत में कटौती के लिए 14000 लोगों को नौकरी से निकालने की योजना पर काम कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कर्मचारियों की संख्या में कमी कर नोकिया अपनी लागत में 2026 तक 800 मिलियन यूरो से 1.2 बिलियन यूरो तक की कटौती करना चाहती है। कंपनी 2026 तक अपनी ऑपरेटिंग मार्जिन कम से कम 14 प्रतिशत रखना चाहती है। कंपनी का लक्ष्य अपने कर्मचारियों की संख्या 72,000-77,000 तक करने का है। फिलहाल नोकिया के पास आज 86,000 कर्मचारी हैं। हाल के दिनों में नोकिया ने उम्मीद से कमजोर कमाई दर्ज की है। तीसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 467 मिलियन डॉलर रहा था। प्रति शेयर समायोजित आय 5 सेंट पर पहुंच गई है जो विश्लेषकों की ओर से अनुमानित 7 सेंट से कम है। नोकिया के सीईओ पेक्का लुंडमार्क ने बयान में कहा, सबसे कठिन व्यावसायिक निर्णय वे हैं जो हमारे लोगों को प्रभावित करते हैं। नोकिया में हमारे बेहद प्रतिभाशाली कर्मचारी हैं और हम इस प्रक्रिया से प्रभावित होने वाले सभी लोगों का समर्थन करेंगे। कंपनी ने कहा कि भारत जैसे बाजारों में 5जी तैनाती की गति में मंदी के कारण तीसरी तिमाही में मोबाइल नेटवर्क की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत गिर गई। लुंडमार्क ने कहा, हम अपने बाजारों के मध्य से दीर्घकालिक आकर्षण में विश्वास करना जारी रखते हैं।

### डाबर की सहायक कंपनियों के खिलाफ अमेरिका और कनाडा में केस दर्ज, ये है मामला

**नई दिल्ली ।** डाबर की तीन सहायक कंपनियों के खिलाफ अमेरिका और कनाडा में कई मामले दर्ज किए गए हैं।



उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि कंपनी के हेयर प्रोडक्ट्स से ओवेरियन कैंसर और गर्भाशय का कैंसर होता है। जिन कंपनियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं उनमें नमस्ते लेबोरेटरीज एलएलसी (नमस्ते), डर्मोविवा स्किन एसेंशियल्स इंक (डर्मोविवा), और डाबर इंटरनेशनल लिमिटेड (डीआईएनटीएल) शामिल हैं, ये सभी डाबर इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियां हैं। एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, ये मामले शुरुआती चरणों में हैं। वर्तमान में, एमडीएल में लगभग 5,400 मामले हैं, जिनमें नमस्ते, डर्मोविवा और डीआईएनटीएल और कुछ अन्य कंपनियों को प्रतिवादी बनाकर उनकी शिकायत की गई है। हालांकि, इन सहायक कंपनियों ने आरोपों से इनकार किया है और इन मुकदमों में उनका बचाव करने के लिए वकील नियुक्त किया है। उनका कहना है कि ये आरोप अप्रमाणित और अधूरे अध्ययन पर आधारित हैं। इस बीच, फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने फॉर्मलाडेहाइड युक्त कुछ हेयर स्ट्रेटनिंग उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव दिया है, उसने कहा है कि ये हार्मोन से संबंधित कैंसर से जुड़े हैं और लंबे समय में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालते हैं।

### धन शोधन मामले में तमिलनाडु के मंत्री को झटका, हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**नई दिल्ली ।** मद्रास उच्च न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) मामले में तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी है।



इससे पहले बीते अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने भी तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी को झटका देते हुए बालाजी और उनकी पत्नी की याचिका को खारिज कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को वैध माना था और ईडी को मंत्री से हिरासत में पूछताछ की मंजूरी दे दी थी। बता दें कि सेंथिल बालाजी और उनकी पत्नी ने उस समय मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। मद्रास हाईकोर्ट ने भी अपने फैसले में ईडी द्वारा सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था।

## नए रंग-रूप में नजर आएंगे एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान

# नारंगी-नीले रंगों का इस्तेमाल, टेल पर बांधनी आर्ट ; बदलाव ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम का हिस्सा

**नई दिल्ली ।**
एअर इंडिया के बाद टाटा ग्रुप ने अपनी बजट एयरलाइन एअर इंडिया एक्सप्रेस का नया लुक दिखाया। एयरक्राफ्ट का पिछला हिस्सा यानी टेल का डिजाइन पेरेंट कंपनी एअर इंडिया और बांधनी आर्ट से इंस्पायर है। यह बदलाव कंपनी के ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम का हिस्सा है।

एअर इंडिया एक्सप्रेस के नए विमान की अनवीलिंग मुंबई एयरपोर्ट पर की गई। विमान में एक्सप्रेस ऑरेंज और एक्सप्रेस टरकॉइस रंग का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा सेकेंडरी कलर के तौर पर टेंजेरीन और आइस ब्लू का इस्तेमाल विमान में हुआ है।

एअर इंडिया एक्सप्रेस के पास वर्तमान में एयर एशिया के 28 एयरबस, 26 बोइंग और 737 विमान हैं। मार्च के अंत तक एयरलाइन 23 नए बोइंग 737 मैक्स विमान अपने बेड़े में जोड़ेगी। एयरलाइन ज्यादातर भारत-मध्य पूर्व क्षेत्र में अपनी सर्विस प्रोवाइड करती है।

**ऑरेंज कलर उत्साह और एयरलाइन की ब्रांड वैल्यू का प्रतीक** – एयरलाइन ने कहा कि ऑरेंज कलर उत्साह और एयरलाइन की ब्रांड वैल्यू का प्रतीक है। वहीं एक्सप्रेस टरकॉइस कलर डिजिटल-फर्स्ट एप्रोच और ब्रांड पर्सनैलिटी का प्रतीक है। एयरलाइन के अनुसार, पहले नए बोइंग 737-8 विमान बांधनी टेक्सटाइल डिजाइन से इंस्पायर हैं।

एयरलाइन ने कहा कि बेड़े में शामिल किए जाने वाले अपकमिंग एयरक्राफ्ट में अजरख, पटोला, कांजीवरम, कलमकारी आदि सहित अन्य पारंपरिक पैटर्न से प्रेरित डिजाइन होंगे, जो भारत की कलात्मक विविधता को प्रदर्शित करेंगे।

**15 महीनों में 50 विमानों को बेड़े में शामिल करने की तैयारी** – एयरलाइन के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक सिंह ने कहा कि री-ब्रांडिंग मॉडर्न फ्यूल एफिशिएंट बोइंग बी737-8 विमान को शामिल करने के साथ शुरू होकर इसकी महत्वाकांक्षी विकास और परिवर्तन यात्रा में एक नए चरण का प्रतीक है।

एयरलाइन की अगले 15 महीनों में 50 विमानों को बेड़े में शामिल करने की तैयारी है। इससे उसकी फ्लीट का साइज दोगुना हो जाएगा। वहीं अगले 5 वर्षों के




दौरान, लगभग 170 नैरो-बॉडी विमानों को बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

**एअर इंडिया ने एयर एशिया इंडिया का किया था अधिग्रहण** – एअर इंडिया ने नवंबर 2022 में एयरएशिया इंडिया का अधिग्रहण किया था और इसे अपनी सहायक कंपनी बनाई थी। वहीं, मार्च 2023 से दोनों एअरलाइन सिंगल यूनिफाइड रिजर्वेशन सिस्टम और वेबसाइट पर चले गए हैं। इसके साथ ही दोनों कॉमन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कस्टमर सपोर्ट चैनल को अडॉप्ट कर चुके हैं।

**एअर इंडिया एक्सप्रेस-एयरएशिया का विलय अंतिम चरण में** – एअर इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एअर इंडिया एक्सप्रेस और एयरएशिया इंडिया का विलय अब अंतिम चरण में है, हम एविएशन लैंडस्केप में बदलाव भी देख रहे हैं।

**एअर इंडिया के विमानों पर भी दिखाई देगा नया लोगो** – एअर इंडिया ने 10 अगस्त को नए मेकओवर के साथ अपना विमान दिखाया था। नए लोगो में सुनहरे, लाल और बैंगनी रंगों का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी ने कहा, यह लोगो असीमित संभावनाओं और भविष्य के लिए एअरलाइन का बोल्ड, कॉन्फिडेंट आउटलुक दर्शाता है। लंदन बेस्ड ब्रांड और डिजाइन कंसल्टेंसी फर्म फ्यूचर ब्रांड के साथ पार्टनरशिप में इस लोगो को डिजाइन किया गया है। यह दिसंबर 2023 से एअर इंडिया के विमानों पर दिखाई देगा। एअर इंडिया का पहला एयरबस 350 नए लोगो के साथ बेड़े में एंटर होगा। फ्यूचर ब्रांड ने अमेरिकन एअरलाइंस और ब्रिटिश लक्जरी ऑटोमोबाइल ब्रांड बेंटले के साथ भी ब्रांडिंग पर काम किया है। नए लोगों में एअर इंडिया के गहरे लाल अक्षरों को बरकरार रखा गया है, लेकिन फॉन्ट अलग है। इसमें गोल्ड विंडो फ्रेम को शामिल किया गया है। एअर इंडिया अपने नए मेकओवर के साथ अमीरात और कतर एयरवेज जैसे कैरियर्स को टक्कर देना चाहता है। एअर इंडिया के सीईओ ने बताया कि एयरलाइन ने अब तक विमानों के नवीनीकरण पर 400 मिलियन डॉलर, यानी करीब 3300 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। एयरलाइन के मेगा मेकओवर के बाद भी महाराजा इस ब्रांड का हिस्सा बने रहेंगे। एयरलाइन अपने एयरपोर्ट लाउंज और प्रीमियम क्लास के लिए महाराजा की इमेज का इस्तेमाल करना जारी रख सकती है।

**18,000 करोड़ रुपए में खरीदी थी एअर इंडिया** – जनवरी 2022 में, टाटा ग्रुप ने एयरलाइन का मैनेजमेंट और कंट्रोल अपने हाथ में लिया था। इसे भारत सरकार से 18,000 करोड़ रुपए में खरीदा था। सितंबर 2022 में एयरलाइन ने इंडियन हार्ट केसाथ वर्ल्ड क्लास ग्लोबल एयरलाइन बनने की दिशा में अपने मल्टी स्टेज ट्रांसफॉर्मेशन रोडमैप को अनवील किया था।

# पीएम के प्रधान सचिव ने जी 20 वर्चुअल समिट की तैयारियों की समीक्षा की, इन मुद्दों पर हुई चर्चा




**नई दिल्ली ।**
प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने नई दिल्ली में हुई जी-20 की बैठक के दौरान जारी घोषणापत्र के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष, जी-20 शेरपा, जी-20 के मुख्य समन्वयक और विदेश मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में, संबंधित मंत्रालयों के नेतृत्व में सात वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया है और सभी संबंधित विभागों को इसमें शामिल किया जाएगा। ये वेबिनार मजबूत, सतत, संतुलित और समावेशी विकास, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर प्रगति में तेजी लाना, सतत भविष्य के लिए हरित विकास संधि, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान, (1) तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, और आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करने के विषयों पर प्रस्तावित हैं। पीएम के प्रधान सचिव ने बैठक के दौरान आगामी जी 20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की, जो नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा अपनी टिप्पणी में प्रस्तावित एक पहल है। यह पहली बार है कि कोई देश मुख्य शिखर सम्मेलन के बाद इस तरह के आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, प्रधान सचिव ने सभी सदस्य-राज्यों और अतिथि देशों को सूचना के त्वरित प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान, विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रमुख सचिव को दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, जो नवंबर 2023 में आयोजित होने वाला है। बैठक में जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की ओर से की गई घोषणाओं के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और विकास व कल्याण में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया।

# सोना गिरवी रखकर कर्ज ले रहे लोग, अनियमित मानसून से कुछ हिस्सों में ग्रामीण आय प्रभावित

**नई दिल्ली ।**
त्योहारी सीजन शुरू होते ही नकदी की किल्लत शुरू हो गई है। लोग अब सोना गिरवी रखकर कर्ज ले रहे हैं। खासकर ग्रामीण और अर्ध ग्रामीण इलाकों में इस तरह के रुझान में तेजी देखी जा रही है। छोटे कारोबारी और व्यक्तिगत तौर पर लोग सोने को गिरवी ज्यादा रख रहे हैं।

कारोबारियों के मुताबिक, पश्चिमी एशिया में सोने के दाम अचानक बढ़ने लगे हैं। पिछले हफ्ते इसमें चार फीसदी तेजी आई है। साथ ही, इस त्योहार में कोरोना का डर नहीं है। इसलिए, लोग खरीदारी कर रहे हैं। इस समय 24 कैरेट सोना 59,100 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जो एक साल पूर्व के 50,060 रुपये से 18 फीसदी अधिक है।

**20 प्रतिशत बढ़ सकती है मांग** – सोने के व्यापारियों के मुताबिक, पिछले साल के त्योहारी सीजन की तुलना में गोल्ड लोन की दबी मांग कम-से-कम 20 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। जब भी सोने की कीमत में बढ़ोतरी होती है, तो गोल्ड लोन कारोबार में तेजी आती है।

देश में 27,000 टन सोना है। यह दुनिया के कुल सोने का 14 फीसदी हिस्सा है। इसमें से 5,300 टन सोने को गिरवी रखा गया है। गोल्ड लोन की ब्याज दरें पर्सनल लोन से कम होती हैं। पर्सनल लोन अभी 10 फीसदी से ज्यादा



ब्याज दर पर मिल रहा है।


**एक साल में 23 प्रतिशत बढ़ा सोने के एवज में कर्ज** – भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 28 जुलाई, 2023 तक गोल्ड लोन का आकार 95,476 करोड़ रुपये था। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 23 फीसदी ज्यादा है। आरबीआईने इसी महीने बुलेट भुगतान योजना के तहत शहरी सहकारी बैंक के लिए गोल्ड लोन की सीमा दो लाख से बढ़ाकर चार लाख रुपये कर दी है। इससे ग्रामीण और अर्धशहरी लोगों को आसानी से कर्ज मिल सकेगा।

# सालाना एक डॉलर का भुगतान करना होगा एक्स को, नये यूजरों से शुल्क लेगा एक्स

**नई दिल्ली ।**
बॉट्स से निपटने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के नए यूजरों को पोस्ट करने के लिए प्रति वर्ष एक डॉलर का भुगतान करना होगा, हालांकि वे दूसरों के पोस्ट मुफ्त में पढ़ सकते हैं। यह कहना है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क का।

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर इस बदलाव को लान्च करने से पहले कंपनी इस न्यूजीलैंड और फिलीपींस में इसका परीक्षण कर रही है। दोनों देशों में नए यूजरों को खाते बनाने के लिए एक डॉलर का भुगतान करना होगा। मस्क ने पोस्ट किया, मुफ्त में पढ़ें, लेकिन लिखने के लिए एक डॉलर/वर्ष। यह वास्तविक यूजरों को अवरुद्ध किए बिना बॉट्स से लड़ने का एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा, यह बॉट्स को पूरी तरह से नहीं रोकेगा, लेकिन प्लेटफॉर्म में हेरफेर करना एक हजार गुना कठिन होगा। एक्स के अनुसार, यह बॉट्स से लड़ने के लिए किया गया है।

एक्स ने कहा कि नया कदम, तथाकथित नॉट ए बॉट कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसे स्पैम, हमारे प्लेटफ़ॉर्म में हेरफेर और बॉट गतिविधि को कम करने के हमारे पहले से ही महत्वपूर्ण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह नया प्रोग्राम एक्स के मेन सब्सक्रिप्शन के अतिरिक्त है जिसकी कीमत प्रति माह आठ डॉलर है।एक्स (पूर्व में ट्विटर) भी कथित तौर पर अधिक पैसा कमाने और



2024 तक मुनाफे में आने के लिए अपनी प्रीमियम पेड मेंबरशिप सेवा को तीन सदस्यता स्तरों में विभाजित करने की योजना बना रहा है।

एंट्री-लेवल बेसिक प्लान यूजरों द्वारा प्लेटफ़ॉर्म पर देखे जाने वाले विज्ञापनों की संख्या को कम नहीं करेगा। स्टैंडर्ड टियर आधे विज्ञापन दिखाएगा और शीर्ष प्लस प्रीमियम पेशकश पूरी तरह से विज्ञापन हटा देगी और इसकी लागत प्रति माह आठ डॉलर से अधिक हो सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, एक्स मौजूदा आठ डॉलर प्रीमियम मेंबरशिप को विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर तीन अलग-अलग योजनाओं: बेसिक, स्टैंडर्ड और प्लस में विभाजित करेगा।

# अधिक माइलेज और कम कीमत की गाड़ियों के बजाय 26 लाख की एसयूवी ज्यादा बिकीं

**मुंबई ।**
भारतीय बाजार में अब सस्ती तथा अधिक माइलेज की गाड़ियों को एक तरफ किया जा रहा है, बदले में महंगी और आरामपसंद गाड़ियों के ऑप्शन तेजी से बढ़ रहे हैं। इस वजह से बाजार में अब एक बड़ा बदलाव देखने में आ रहा है। बता दें कि पहले केवल सस्ती हैचबैक कारें ही ज्यादा बिकती थीं, वहीं अब हैचबैक और सेडान कारों के साथ-साथ एसयूवी की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। एसयूवी गाड़ियों ने मार्केट में अपना दबदबा कायम कर लिया है। क्योंकि कार कंपनियों ने अब हैचबैक की कीमत में ही एसयूवी गाड़ियां उतार दी हैं। जानकार बता रहे हैं कि सिर्फ सस्ती एसयूवी ही नहीं बल्कि कुछ महंगी एसयूवी भी सस्ती हैचबैक से ज्यादा बिक रहीं हैं। इसका कारण यह है क्योंकि अब ग्राहकों के पास गाड़ियों के कई ऑप्शन उपलब्ध हो गए हैं और लोग कार खरीदने के लिए अपना बजट कई गुना बढ़ा चुके हैं। यही वजह है कि 26 लाख रुपये की एक्सयूवी-700 4 लाख रुपये की सस्ती ऑल्टो से ज्यादा बिक रही है। यदि सितंबर 2023 की सेल्स लिस्ट को देखें तो ऑल्टो के-10 की कुल 7,791 यूनिट्स बिकी हैं, जबकि उससे पांच गुना महंगी महिंद्रा एक्सयूवी 700 की 8,555 यूनिट्स बिक गई हैं।



इस तरह से ऑल्टो की बिक्री में सालाना आधार पर 69 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मारुति ऑल्टो के-10 भारतीय बाजार में कंपनी की सबसे किफायती कार है। इसे 4 लाख रुपये की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत में खरीद सकते हैं। इसकी बिक्री गिरने की सबसे बड़ी वजह सेगमेंट में अन्य किफायती कारों का उपलब्ध होना है। इसके अलावा अब ग्राहक सेफ्टी फीचर्स और कार की क्वालिटी को लेकर भी अधिक सतर्क हो गए है। इस वजह से लोगों के बीच कम सेफ्टी फीचर्स और सुविधाओं के साथ आने वाली गाड़ियों की की खरीदी कम हो रही है। ऑल्टो के-10 की सबसे बड़ी खासियत इसका फ्यूल एफिसिएंट इंजन है जो पेट्रोल और सीएनजी दोनों में ही बेहतर माइलेज देता है। अगर इसे पेट्रोल में चलाते हैं तो लगभग 24 किलोमीटर प्रति लीटर की माइलेज आसानी से दे देगी। वहीं सीएनजी में ये कार 35 किलोमीटर प्रति सीएनजी की जबर्दस्त माइलेज देती है। यानी ऑल्टो के-10 को चलाने का खर्च एक बाइक जितना है।

### रुपया तीन पैसे तेज होकर 83.25 पर



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख की वजह से गुरुवार के कारोबार दिन रुपए ने सीमित दायरे में कारोबार किया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.25 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोष की निरंतर निकासी और विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है। इसलिए रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.26 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.25 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से तीन पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.60 पर रहा।

# पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक हुआ आउट

## -वधार्राज मन्नार के रूप में आएंगे नजर

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म सालार से एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। साउथ के सुपरस्टार प्रभास की मच अवेटेड इस फिल्म का यह पोस्टर पृथ्वीराज के 41वें बर्थडे के मौके पर रिलीज हुआ है। पोस्टर में पृथ्वीराज का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म में वह वधार्राज मन्नार का किरदार निभा रहे हैं। उनका यह लुक उनके नाम पर फिट बैठ रहा है। उन्होंने माथे पर एक लंबा टीका लगा हुआ है और नाक में एक बड़ी रिंग है। गले में स्कार्फ डाले हुए हैं। उनके पीछे भीड़ दिख रही है। उनके पीछे मंडराते बादल उनके कैरेक्टर और लुक को और भी इम्प्रेसिव बना रहे हैं। सालार के मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। होम्बाले फिल्म्स ने पृथ्वीराज का फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, वर्धराजा मन्नार, राजा पृथ्वीराज को शाही जन्मदिन की शुभकामनाएं। इसके रिप्लाई में



पृथ्वीराज ने आभार जताया और लिखा, धन्यवाद!

इसे दुनिया के देखने का इंतजार नहीं कर सकता। पृथ्वीराज सुकुमार ने खुद भी सालार से अपना फर्स्ट लुक जारी करते हुए लिखा, होम्बाले फिल्म्स, प्रशांत नील, प्रभास, प्रभास और साराल की पूरी टीम! इस एपिक कहानी को दुनिया के देखते हुए इंतजार नहीं कर सकता। सालार को केजीएफ के डायरेक्टर प्रशांत नील डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आदिपुरुष के बाद, प्रभास के फैंस इस एक्शन थ्रिलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले, निमार्ताओं ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होगी। हालांकि इसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि मेकर्स ने फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर काम करने का फैसला किया। प्रशांत नील की सालार दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। पहला पार्ट का नाम सालारः पार्ट 1 सीजफायर है, जिसमें प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन और श्रुति हासन लीड रोल में हैं।

# करण को था कार्डियक अरेस्ट का खतरा

## -रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज से पहले था स्ट्रेस में

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के मशहूर फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के मौके पर खुलासा किया कि वे एंग्जायटी जैसी सीरियस मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम से जूझ रहे हैं। अब करण ने एक और शॉकिंग खुलासा किया है। करण ने कहा कि मेरी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज से पहले मैं बहुत स्ट्रेस में था। मुझे लगा कि मुझे कार्डियक अरेस्ट आने वाला है। उससे पहले का हफ्ता और उसके बाद के दिन। मुझे नहीं लगता कि कोई भी जो भी मुझे करीब से जानता है उसे ये पता होगा। स्ट्रेस से मेरा मतलब है फिजिकली, जैसे मेरा शरीर कांप रहा था और हिल रहा था। मैं ऐसा था कि मुझे लगा कि मैं सच में इस फिल्म के साथ वेलिडेशन चाहता हूं। मेरा मतलब है कि ये 7 साल का गैप और








3 साल का मुश्किल समय था। दर-असल करण की डायरेक्टर के रूप में इससे पिछली फिल्म ए दिल है मु-श्किल साल 2016 में रिलीज हुई थी। 3 साल से उनका मतलब कोरोनाकाल था। करण ने आगे कहा कि आप जानते हैं कि ट्रोलिंग के साथ एंग्जायटी शुरू हो गई थी। बहुत सारी नेगेटिविटी थी जिसने मुझे पर्सनली और इंडस्ट्री को भी घेर लिया था। ये मेरे या मेरी मां के लिए आसान नहीं था। मालूम हो कि करण जौहर कई कारणों से चचाओं में रहते हैं। अब जल्द ही उनका पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण का 8वां सीजन ओटीटी पर शुरू होने वाला है। इस शो में बॉलीवुड के दिग्गज सितारे आते हैं और इस दौरान उनसे जुड़ी दिलचस्प बातों का खुलासा होता है। फिलहाल करण इसके प्रमोशन में बिजी हैं।

# कॉफी विद करण में नजर आएंगे सनी व बॉबी

बहुचर्चित शो कॉफी विद करण में अभिनेता सनी देओल अपने छोटे भाई एक्टर बॉबी देओल के साथ नजर आएंगे। करण ने इस शो के इस एपिसोड की की शूटिंग भी कर ली है। हालांकि अभी तक किसी की भी ओर से इसकी ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार सनी और बॉबी एपिसोड की शूटिंग कर चुके हैं। दोनों भाई आगामी फिल्मों से लेकर निजी जिंदगी तक हर विषय पर चर्चा करेंगे। सनी-बॉबी आखिरी बार साल 2005 में इस शो में नजर आए थे। बता दें कि शो का प्रसारण 26 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया





जाएगा। मालूम हो कि बॉबी की अगली फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें वे नेगेटिव शेड में नजर आएंगे। दोनों भाई बॉलीवुड में काफी लंबी पारी खेल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि सनी की 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म ह्यगदर 2ह्व ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया था। फिल्म ने देश-विदेश में जबरदस्त कमाई की।

# शादी की सालगिरह पर करीना-सैफ ने शेयर की फोटो

एक्ट्रेस करीना कपूर और सैफ अली खान की शादी को 11 साल पूरे हो गए हैं। शादी की सालगिरह पर करीना ने पति सैफ के साथ एक तस्वीर शेयर की। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में दोनों वाइट में नजर आ रहे है। सैफ ने वाइट कुर्ता पायजामा और स्लीवलेस जैकेट पहनी हुई है। वहीं, करीना वाइट शर्ट और ब्लू फुल स्लीव्स जैकेट में नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने बालों का जूड़ा बनाया हुआ है और पिज्जा स्लाइस का मजा ले रही हैं सैफ कैमरे के सामने मुस्कुरा रहे हैं और उन्होंने अपना एक हाथ करीना के कंधे पर रखा हुआ है। करीना ने तस्वीर को शेयर करते हुए




कैप्शन में लिखा, ये हम हैं, तुम, मैं और पिज्जा, फॉरएवर काइंड ऑफ लव, हैप्पी एनिवर्सरी हस्बैंड। करीना की कजिन रिद्धिमा कपूर साहनी ने कमेंट सेक्शन में लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया। बेबो की खास फ्रेंड मलाइका अरोड़ा ने लिखा, हैप्पी एनिवर्सरी संजय कपूर और महीप कपूर ने कहाः हैप्पी एनिवर्सरीसैफ की पहली शादी एक्ट्रेस अमृता सिंह से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं- बेटी सारा अली खान और बेटा इब्राहिम।

# फिल्म टाइगर 3 का ट्रेलर रिलीज

## -इमरान हाशमी ने किया है विलेन का रोल

**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में फिल्म ह्यटाइगर 3ह्व का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। बालीवुड की फिल्म टाइगर 3 में एक्टर इमरान हाशमी विलेन की भूमिका में नजर आ चुके हैं। ट्रेलर में सलमान खान के इंटेंस लुक ने फैंस के होश उड़ा दिए हैं। वहीं ट्रेलर के अंत में फिल्म के विलेन इमरान हाशमी की दमदार एंट्री ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। हालांकि, 2 मिनट 51 सेकंड के इस ट्रेलर में इमरान की बेहद छोटी सी झलक देखने को मिलती है। वहीं अब इमरान हाशमी ने ट्रेलर और टीजर में कम स्क्रिन टाइम मिलने के बारे में बात की है। दरअसल आदित्य चोपड़ा ने टाइगर 3 में इमरान हाशमी के किरदार को एक बड़े रहस्य के रूप में रखा गया है। फिल्म के ब्लॉकबस्टर ट्रेलर को देखने के बाद, हम निश्चित रूप से जानते हैं कि क्यों! इमरान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की नवीनतम पेशकश टाइगर 3 का सबसे बड़ा राज है, जो सुपर एजेंट टाइगर उर्फ अविनाश सिंह राठौड़ का कट्टर दुश्मन है। इमरान हाशमी ने टाइगर 3 में अपने किरदार के नाम का भी खुलासा किया है। एक्टर ने बताया कि आतिश को बनाने में मुझे बहुत समय लगा। आतिश एक ऐसा आदमी है जो गुस्से से भरा हुआ है और टाइगर को खत्म करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। मैं एक बहुत ही अलग खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं,





जो हिंदी सिनेमा में दुर्लभ है। वह दिमागी है, उसका दिमाग उसका सबसे बड़ा हथियार है और वह अपनी योजनाओं के पूरा करने के लिए देशों के अधिकारियों पर जबरदस्त पॉवर भी रखता है। इमरान हाशमी ने आगे कहा कि ह्नआदित्य चोपड़ा चाहते थे कि मेरा किरदार भी लोगों को आश्चर्यचकित कर दे। इसलिए, मुझे छुपाकर रखने के लिए एक रखने की एक योजना बनाई गई थी। मैं टाइगर 3 के बारे में लोगों को बताने के लिए मर रहा था, लेकिन नहीं बता सका, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि जब मेरा किरदार लोगों के सामने आएगा तो लोग मुझे बहुत पसंद करेंगे। एंटी-हीरोज का किरदार निभाना हमेशा मजेदार होता है क्योंकि आपको ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाने का मौका मिलता है जो नियमों की जरा भी परवाह नहीं करता है। इसलिए मैंने इस मौके का फायदा उठाया क्योंकि मुझे पता था कि मुझे एक ऐसा खलनायक बनाने की आजादी होगी जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।ह्व इमरान ने कहा कि टाइगर 3 के ट्रेलर के साथ एंटी-हीरो को सुर्खियों में लाने के बारे में पहले से प्लान था। मुझे खुशी है कि लोग मेरे खतरनाक किरदार को पसंद कर रहे हैं।

# पाक अभिनेत्री बोली, बांग्लादेश भारत को हरा दे तो डिनर डेट पर जाएंगी




**लाहौर (ईएमएस)।** भारत से मिली करारी हार के बाद से ही पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसक बौखलाये हुए हैं। ये प्रशंसक अब चाहते हैं कि बांग्लादेश की टीम विश्वकप मुकाबले में भारतीय टीम को हरा दे। इसी को देखते हुए अब एक पाकिस्तानी अभिनेत्री सहर शिनवारी ने कहा है कि अगर बांग्लादेशी टीम विश्वकप लीग मुकाबले में भारत को हरा दे तो वह ढाका जाकर बंगाली लड़के के साथ फिश डिनर डेट करेंगी। शिनवारी को ये विशेष प्रस्ताव चर्चा का विषय बन गया है। शिनवारी ने सोशल मीडिया पर वादा किया था कि अगर बांग्लादेशी टीम विश्व कप मैच में भारत को हरा देती है तो वह एक बंगाली लड़के के साथ डेट पर जाएंगी। भारतीय टीम के फार्म को देखते हुए शिनवारी की ये उम्मीद पूरी होते नहीं दिखती। बता दें कि क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत और बांग्लादेश 4 बार आमने सामने हुए हैं। इनमें भारत ने तीन तो बांग्लादेश ने एक मुकाबला जीता है। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल-हसन ने पहले ही कहा दिया है कि उनके लिए विराट कोहली पर अंकुश लगाना आसान नहीं रहेगा। शाकिब ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली को पांच बार आउट किया है और वह फिर से ऐसा करना चाहते हैं। शाकिब ने कहा कि वह एक खास बल्लेबाज हैं, शायद आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज। मुझे लगता है कि मैं भाग्यशाली हूं कि उन्हें 5 बार आउट किया। उनका विकेट लेने से मुझे बहुत खुशी होगी।

# टाइगर की फिल्म गणपत का काउंटडाउन शुरू

## - फैन्स में जबरदस्त एक्साइमेंट आया नजर

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म गणपतः ए हीरो इज बॉर्न की रिलीज का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। यह फिल्म देशभर के सिनेमाघरों में एक साथ दस्तक देगी। हाल ही में गणपथ के पीछे की गतिशील टीम ने मुंबई के आइकोनिक गेयटी गैलेक्सी सिनेमा में एक ग्रैंड इवेंट का आयोजन किया, जिसे भारत के एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी मौजूदगी से और रोशन कर दिया इस इवेंट की शुरूआत टाइगर श्रॉफ की ग्रैंड एंट्री के साथ हुई जिन्होंने पारंपरिक ढोल की धुन पर स्टेज पर एक शानदार डांस परफॉर्मेंस के साथ धूम मचाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। वहीं, क्राउड की जबरदस्त चियरिंग के बीच, मार्शल आर्ट के शौकीन बच्चों के सपने भी सच हो गए क्योंकि टाइगर ने उन्हें स्पेशल गणपत मर्चेंडाइज देखर उन्हें सरप्राइज किया, जिससे उनका दिन यादगार बन गया। टाइगर श्रॉफ यहीं नहीं रुके, इस दौरान वह अपने फैन्स के बीच शामिल हो गए जो अपने फेवरेट सुपरस्टार की एक झलक पाने के लिए वहां आए थे। ऐसे में यह फैन्स के लिए टाइगर से मिलने, बातचीत करने, एक्साइटमेंट शेयर करने और यादगार पल बनाने का एक गोल्डन चांस था।



वहीं एक स्पेशल ट्रीट के रूप में, टाइगर ने भी फिल्म के जल्द ही रिलीज होने वाले गाने सारा जमाना की झलक दे फैन्स और दर्शकों को सरप्राइज कर दिया। इसके बाद तो मानों पूरा थिएटर ही सीटियों और तालियों से गूंज उठा क्योंकि फैन्स के लिए अपना एक्साइटमेंट कंट्रोल कर पाना मुश्किल हो गया। ये मौका किसी शानदार तमाशे से कम नहीं था, जहां हर क्षेत्र के फैंस एक साथ आए, जल्द रिलीज होने वाले गणपत के रिलीज का जश्न मनाने के लिए। इस इवेंट का सबसे बड़ा अट्रैक्शन बेशक फिल्म का सबसे बड़ा कटऑउट था जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा, जो चीज इस सिनेमेटिक फिल्म के इर्द गिर्द के बड़े इंतजार का सबसे बड़ा सबूत है। गणपत की दीवानगी देश में सभी के सिर चढ़कर बोल रही है, पूजा एंटरटेनमेंट गुड कंपनी के सहयोग से गणपतः ए हीरो इज बॉर्न प्रस्तुत करता है, जिसका निर्देशन विकास बहल ने किया है। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने किया हैं। यह फिल्म 20 अक्टूबर, 2023 को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दुनिया भर में रिलीज के लिए तैयार है। फैंस फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, यानी की 20 अक्टूबर, 2023। एक्शन से भरपूर यह फिल्म सिनेमेटिक एक्सपीरियंस है, जो फैंस के उम्मीदों से कहीं ज्यादा है, यह कहा जा सकता है इंडियन सिनेमा में फिल्म एक नया दौर ला सकती है।

# वीडियो देख लगा रहे कैटरीना के प्रेग्नेंट होने के कयास

## -पैरेंट्स के रूप में देखना चाहते हैं उनके कपल के फैंस

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्टर विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की शादी को 2 साल बीत चुके हैं। ऐसे में उनके चाहने वाले उन्हें अब पैरेंट्स के रूप में देखना चाहते हैं। इसी बीच कैट की एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो को लेकर ये कयास लगाए जा रहे हैं कि वह प्रेग्नेंट हैं। बता दें कि विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने दिसंबर 2021 में शादी रचाई थी। कपल की शादी के बाद कई बार इनके पैरेंट्स बनने की अटकलें लगाई गई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यहां तक दावा किया गया कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। हालांकि वे सभी दावे बेकार साबित हुए। हालांकि इन्हीं सब के बीच कैट एक बार अपनी प्रेग्नेंसी अटकलों को लेकर खबरों में हैं। वहीं कैट काफी दिनों से लाइमलाइट से दूर हैं। हालांकि वह सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जरूर रूबरू हो होती रहती हैं इसी बीच वह काफी दिनों बाद अपने घर से निकल कर एक ब्रांड प्रमोशन के लिए हैदराबाद पहुंचीं। जहां उनके लुक को देख कर उनके वाले बेहद खुश हुए। पिंक सलवार सूट में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही थीं। हालांकि कुछ सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि वह प्रेग्नेंट हैं और इसलिए वह अपने पेट को दुपट्टे से ढकने की कोशिश कर रही थीं। नेटिजन्स का मानना है कि कैटरीना अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाह





के कारण सुर्खियों से बच रही हैं। रे-डिट पर साझा किए गए एक वीडियो में, कैटरीना कार्यक्रम में पहुंचते ही अपने फैंस को हेल्लो कहते हुए आगे बढ़ती हैं और एक पॉइंट पर आकर वह अपने दुपट्टे को सामने से ठीक करती हुई दिखाई देती है। ऐसे में नेटिजंस ये कयास लगाने लगे हैं कि वह बेबी बंप छिपा रही है। पिछले महीने मुंबई में जब अंबानी परिवार की गणेश चतुर्थी पार्टी रखी गई तो कैट वहां नहीं दिखीं। पार्टी में उनके शामिल नहीं की वजह ने भी उनकी प्रेग्नेंसी की अटकलों और भी तेज करने का काम किया। अब काम की बात करें तो, कैट बेहद जल्द सलमान खान संग टाइगर 3 में दिखने वाली हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया था और कैटरीना कैफ को पंच पैक करते देखा गया था। बता दें कि बालीवुड एक्टर विक्की कौशल और कैटरीना कैफ अपनी अपकमकिंग फिल्मों के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खबरों में रहते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6588

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6587 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्दजाल - 7335

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रिं | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | ब | री | ग | वी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | क्रां | कौ | या | हा |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | ड़ | सा | रु | बा | घ | ब | हा | दु | र | क |

*शब्द जाल में नेशनल अवार्ड विजेता 10 हिंदी फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीच एवं तिरछे भी हैं.*

मिर्जा गालिब, दो आंखें बारह हाथ, अनुराधा, शहर और सपना, तीसरी कसम, मृगया, शोध, दामुल, बाघ बहादुर, समर.

### शब्दजाल - 7334 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | स | म | न | च | ली | क | म | ल | म |
| म | वा | ब | लि | दा | न | म | मौ | स | ल | न |
| र्या | ह | म | र | ते | द | म | त | क | य | की |
| दा | ब | बं | र | दे | म | ब | द | ल | श | आं |
| म | इ | म | म | सं | व | क | श | र | मं | खें |
| हा | म | म | ई | म | र | क | स | ना | जि | ज |
| रा | बं | द | श | र्द | क | मं | र | द | ल | ब |
| म | र | ब | र | व | ज | सी | ग | न | प | न |
| क | म | ल | ज | इं | बा | री | ऐ | ल | प | र |
| क | शा | ल | म | बू | डि | स | म | ब | पां | जा |
| का | ल | बं | ध | न | क | या | म | ग | प | डे |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6288

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 7 | | | 5 | 1 |
| 4 | 31 | | 31 | 2 | 31 | |
| | 5 | | 3 | 1 | 7 | |
| 6 | 31 | 3 | 29 | | 38 | 6 |
| | 3 | | | 6 | | |
| 7 | 31 | 5 | 36 | | 35 | 5 |
| | | 4 | | 7 | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6287 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 4 | 23 | 2 | 31 | 2 | 39 | 7 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 33 | 5 | 29 | 3 | 36 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 37 | 3 | 36 | 5 | 29 | 5 |
| 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने रोकी चैंपियन एथलीट की शादी, खिलाड़ी बोली– एक दिन यह हकीकत होगी

**नई दिल्ली ।**
भारत की सबसे तेज महिला दुती चंद ने आशा व्यक्त की है कि समलैंगिक विवाह एक दिन वास्तविकता बन जाएगा। चंद ने समलैंगिक विवाह की वैधता पर शीर्ष अदालत के फैसले पर अपने विचार व्यक्त करते हुए यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया, और फैसला सुनाया कि ऐसे मिलन को मान्य करने के लिए कानून में बदलाव करना संसद के दायरे में है।

उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने समान–लिंग वाले व्यक्तियों को एक साथ रहने से नहीं रोका है। चूंकि देश में समान–लिंग वाले व्यक्तियों के बीच विवाह के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसमें हस्तक्षेप नहीं किया। चंद ने कहा, हम आशावादी हैं कि केंद्र सरकार और संसद निश्चित रूप से मामले पर विचार करेगी और भविष्य में समलैंगिक व्यक्तियों के बीच विवाह के लिए उचित कानून बनाएगी। दुती, जिन्हें यह बताने में कोई झिझक नहीं थी कि वह अपने साथी के साथ पांच साल से रिश्ते में थीं। उन्होंने कहा कि वे एक–दूसरे से प्यार करते हैं और उन्होंने साथ रहने और शादी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि समान लिंग के बीच विवाह को शहरी–ग्रामीण, उच्च–निम्न, जाति, पंथ या धर्म के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। यह मानवता की समस्या है और सभी को जीवन में उचित अधिकार मिलना चाहिए। समलैंगिक विवाह को कानूनी दर्जा मिलने की आशा पर दुती ने कहा, क्या भारत में विधवा विवाह का ऐसा कोई प्रावधान था एक दिन देश में समलैंगिक विवाह की अनुमति दी जाएगी। सत्तारूढ़ बीजद से जुड़ी एक ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता मीरा परिदा ने कहा, समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सकारात्मक रूप से देखा जाना चाहिए। अदालत को ट्रांसजेंडरों के एक साथ रहने पर कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि विवाह एक मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन इसके अनुसार मैं उससे कुछ अधिक हूं। एलजीबीटीक्यू को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शादी करने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि सालों तक साथ रहने के बाद भी बीमा और पेंशन का लाभ नहीं मिल पाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### फिलिप्स-लैथम की पार्टनरशिप से हारे अफगानी: 5 कैच भी टपकाए, टॉप ऑर्डर बिखरा




**चेन्नई ।** न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। टीम ने बुधवार को चेन्नई के मैदान पर अफगानिस्तान को 149 रन के अंतर से हराया। कीवियों की इस जीत में कप्तान टॉम लैथम और ग्लेन फिलिप्स की साझेदारी ने अहम भूमिका निभाई। अहम मौकों पर कैच छोड़ना भी अफगानी टीम की हार का कारण बना। 289 रन का टारगेट चेज करते हुए अफगानिस्तान का बैटिंग ऑर्डर बिखर गया। पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने अच्छी शुरुआत के बाद 109–110 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, तब टीम का स्कोर 110/4 हो गया था। यहां से कप्तान टॉम लैथम ने ग्लेन फिलिप्स के साथ 153 बॉल पर 144 रन की पार्टनरशिप कर टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। बाद में मार्कचाप मैन ने मिचेल सैंटनर के साथ 7वें विकेट के लिए नाबाद 33 रनों की साझेदारी की। अफगानी पारी के 26वें ओवर की चौथी बॉल पर ट्रेंट बोल्ट ने अजमतुल्लाह ओमरजई (27 रन) को टॉम लैथम के हाथों कैच कराया। उन्होंने रहमत शाह और अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच की अर्धशतकीय साझेदारी तोड़ी। ये दोनों अफगानिस्तान को शुरुआती झटकों से उबारने में कामयाब हो गए थे। ओमरजई के आउट होने के बाद रहमत भी रचिन रवींद्र की बॉल पर उन्हीं को कैच थमा बैठे। न्यूजीलैंड के टॉप ऑर्डर अच्छी शुरुआत दिलाई न्यूजीलैंड टॉप ऑर्डर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। टीम ने एक समय एक विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे। टीम के ओपनर डेवोन कॉन्वे ने 20, विल यंग ने 54 और रचिन रवींद्र ने 32 रनों की पारियां खेलीं। अफगानिस्तान ने 9 गेंद में 3 विकेट लेकर दबाव बनाया अच्छी शुरुआत के बाद अफगानी गेंदबाजों ने 9 गेंद पर 3 विकेट लेकर न्यूजीलैंड पर दबाव बनाया।

### मुंबई इंडियंस से अलग हुए बांड

**मुंबई ।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार तेज गेंदबाज शेन बांड मुंबई इंडियंस से अलग हो गये हैं। बांड अब इस टीम के गेंदबाजी कोच नहीं रहेंगे। बांड का अलग होना मुम्बई के लिए करारा झटका होगा क्योंकि वह 2015 में मुंबई टीम से जुड़े थे और उनके गेंदबाजी कोच रहते टीम ने चार आईपीएल खिताब जीते हैं। बांड ने ही टीम के युवा गेंदबाजों को तैयार किया था। बांड ने इसके अलावा मुंबई इंडियंस अमीरात के मुख्य कोच को भी छोड़ दिया है। उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा, 'मैं पिछले नौ सत्र में मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बनाये रखने के लिए टीम मालिकों को धन्यवाद देता हूं। मेरा टीम के साथ अनुभव अच्छा रहा है। मैदान के अंदर तथा बाहर की यादे काफी अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'इतने महान लोगों, खिलाड़ियों और स्टाफ के साथ काम करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात रही। मुझे उन सभी की कमी महसूस होगी। आने वाले समय के लिए इन्हें शुभकामनाएं। गौरतब है कि बांड 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीतने के समय मुंबई इंडियंस के साथ थे।



### सुजी बेट्स टी20 में सबसे अधिक रन बनाने वाली क्रिकेटर बनीं, विराट से आगे निकलीं

**क्राइस्टचर्च ।** महिला क्रिकेटर सुजी बेट्स अब टी20 प्रारुप में सबसे अधिक रन बनाने वाली क्रिकेटर बन गयी हैं। सुजी ने दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के खिलाफ 38 गेंदों में 45 रन बनाकर विराट के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया।सुजी ने 149 टी20 मुकाबलों में 29.78 की औसत से 4021 रन बनाये हैं जिसमें 26 अर्धशतक और एक शतक शामिल हैं। इसी के साथ उन्होंने इस प्रारुप में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय पुरुष क्रिकेटर विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने 115 मैचों में 52.73 की औसत से 4008 रन बनाए हैं, जिसमें 37 अर्धशतक और एक शतक शामिल है। महिला क्रिकेट में अब तक ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग के नाम 132 टी20 मुकाबलों में 36.61 की औसत से 3405 रन हैं और वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं, जिसमें 15 अर्द्धशतक और दो शतक शामिल हैं। इसी प्रकार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 155 मैचों में 28.16 की औसत से एक शतक और 11 अर्द्धशतक के साथ ही 3154 रन बनाए हैं।



# सरकार के हर विभाग में खिलाड़ियों को नौकरी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किया बड़ा एलान

**बेंगलुरू ।**
**कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पुलिस और वन विभाग के अलावा अन्य सरकारी विभागों में खिलाड़ियों को दो फीसदी आरक्षण के लिए सकारात्मक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पुलिस और वन विभाग में खिलाड़ियों को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, और अन्य सरकारी विभागों में रोजगार के लिए दो प्रतिशत कोटा देने की सकारात्मक समीक्षा की जाएगी। हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कर्नाटक के एथलीटों और कोचों को सम्मानित करने और उन्हें नकद पुरस्कार देने के लिए एक कार्यक्रम रखा गया था। इसके बाद सीएम ने यह एलान किया। सिद्धारमैया ने कहा कि खिलाड़ियों ने देश और राज्य का नाम रोशन किया है, यह सभी कन्नड़ लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस बार चीन में एशियाई खेलों में भारतीय एथलीटों ने सबसे अधिक पदक जीते हैं, पिछली बार 70 पदक जीते थे और इस बार यह 107 है। उन्होंने आगे कहा, जनसंख्या के मामले में भारत पूरे विश्व में पहले स्थान पर है और एशियाई खेलों में भी हमें पहला या दूसरा स्थान मिलेगा तो देश का सम्मान बढ़ेगा।**



यह देखते हुए कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, सिद्धारमैया ने कहा, जब वह अपने पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री थे, तो एशियाई खेलों और ओलंपिक के विजेताओं को पुरस्कार राशि की घोषणा की गई थी। उन्होंने बताया कि कर्नाटक उच्चतम पुरस्कार राशि की घोषणा करने वाला पहला राज्य है। सीएम ने सरकार और सात करोड़ कन्नड़वासियों की ओर से खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, इस बार राज्य के आठ लोगों ने पदक जीते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके लिए बहुत प्रयास की आवश्यकता होती है। आपने अद्भुत काम किया है। साथ ही उन्होंने उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं भी दीं। सिद्धारमैया ने राज्य के पदक विजेताओं को सम्मानित किया और ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं दीं। इन खिलाड़ियों का हुआ सम्मान राजेश्वरी गायकवाड़ (क्रिकेट– स्वर्ण), रोहन बोपन्ना (टेनिस– मिश्रित युगल– स्वर्ण), मिजो चाको कुरियन, निहाल जोएल (एथलेटिक्स पुरुष 4 * 400 मीटर रिले – आरक्षित एथलीट – स्वर्ण) को नकद पुरस्कार प्रदान किए। ), मिथुन मंजूनाथ (पुरुष बैडमिंटन – रजत), साई प्रतीक (पुरुष बैडमिंटन रजत), दिव्या (शूटिंग – दो रजत पदक), और कोच – वी तेजस्विनी बाई (कबड्डी – स्वर्ण), अंकिता बी एस (हॉकी – कांस्य), सी ए कुट्टप्पा (मुख्य मुक्केबाजी कोच– 1 रजत और 4 कांस्य)। सूत्रों के अनुसार, स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 15 लाख रुपये और कोचों को 5–5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

## घुटने की चोट के बाद रोते हुए मैदान से बाहर गए नेमार, उरूग्वे से हारा ब्राजील

**मोंटेवीडियो ।** उरूग्वे के खिलाफ विश्वकप क्वालिफाइंग मैच में 2–0 से मिली हार के दौरान पहले हाफ में घुटने में चोट लगने के कारण ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार रोते हुए मैदान से बाहर गए। 31 वर्ष के नेमार 44वें मिनट में दौड़ते हुए गिर गए। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उन्हें घेर लिया जब वह घुटना पकड़कर बैठे थे। उन्हें जब स्ट्रेचर पर ले जाया गया तो उन्होंने अपने हाथों से चेहरा ढक लिया था। उनकी जगह रिचार्लिसन ने मैच खेला। वह बैसाखियों के सहारे स्टेडियम से बाहर गए। ब्राजील के डॉक्टर रौद्रिगो लसमार ने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है कि उनकी चोट किस स्तर की है। उन्होंने कहा , 'हमने टेस्ट किए हैं और कल फिर करेंगे। इन 24 घंटों में पता चलेगा कि चोट कैसी है।' उन्होंने यह भी कहा कि यहां बॉल ट्रैकिंग फैसलों में आस्ट्रेलिया की तुलना में अधिक समय लग रहा है।



# विराट से प्रभावित हैं अभिमन्यु



**मुम्बई ।**
**क्रिकेटर अभिमन्यु ईश्वरन ने कहा है कि वह टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली से प्रेरित हैं। अभिमन्यु के अनुसार विराट को देखकर ही उन्हें भी अपनी फिटनेस बेहतर बनाने का विचार आया। किया है। बंगाल टीम के कप्तान अभिनन्यु के अनुसार विराट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने में उनकी फिटनेस की भी अहम भूमिका रही है।**

ईश्वरन ने कहा, अच्छी फिटनेस का विराट सबसे बड़ा उदाहरण हैं क्योंकि हमने उनका सफर देखा है जब वह भारतीय टीम में आए थे।

उन्होंने अपनी फिटनेस में किस प्रकार बदलाव करते हुए अपने खेल में बेहतर बनाया ये हमने देखा है। मुझे लगता है कि जब वह भारतीय टीम में आए थे तो वह वास्तव में एक अच्छे बल्लेबाज थे पर पिछले कुछ साल में, अपनी फिटनेस के साथ वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन गए हैं।

इस युवा बल्लेबाज ने आगे कहा कि अगर फिटनेस ने विराट के खेल में अहम प्रभाव डाला है, तो यह निस्संदेह किसी भी क्रिकेटर के खेल में अंतर आयेगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस खेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने फिट रहने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, तो मुझे लगता है कि यह बहुत प्रेरणादायक है। मैंने उन्हें कड़ी मेहनत करते देखा है। मैदान पर दौड़ने के अभ्यास से मुझे वास्तव में प्रेरणा मिली। क्योंकि अगर इससे उनके खेल में बड़ा बदलाव आया है, तो यह निश्चित रूप से हर क्रिकेटर के खेल में बड़ा अंतर लाएगा।

# मुगुरुजा अभी संन्यास नहीं लेंगी

**मैड्रिड ।**
**वेनेजुएल में जन्मी और स्पेन से खेलने वाली महिला टेनिस स्टार गार्बिन मुगुरुजा अभी खेल को अलविदा नहीं कहेंगी। मुगुरुजा पिछले नौ माह से खेल से दूर हैं पर इसके बाद भी वह अभी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहीं। साल 2016 फ्रेंच ओपन और 2017 विंबलडन विजेता मुगुरुजा ने इस साल की शुरुआत में एक टूर्नामेंट खेला था जिसमें वह हार गयीं थीं। इसके बाद से ही उसने कोई मैच नहीं खेला है और इसके बाद जुलाई में कहा था कि वह इस साल अब और नहीं खेलेंगी।**

वहीं जब एक समारोह में उनसे उनके भविष्य के बारे में पूछा गया तो मुगुरुजा ने कहा कि वह संन्यास लेने के बारे में अभी नहीं सोच रही है। उन्होंने कहा कि आपको यह स्वयं महसूस करना होगा कि आप कब रिटायर होना चाहते हैं और इसके बारे में बहुत स्पष्ट विचार भी होना चाहिए हालांकि फिलहाल, मैं इस पर विचार भी नहीं कर रही हूं।




मुगुरुजा ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था, फिलहाल, मेरा टेनिस में लौटने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा था कि आजकल मैं खेल या प्रशिक्षण नहीं कर रही हूं, मैं अपना आम जीवन जी रही हूं। जब मुझे प्रतिस्पर्धा की जरुरत होगी तो में वापसी करुंगी। उन्होंने कहा कि आजकल मेरा वजन बढ़ गया है पर वापसी से पहले मैं फिटनेस हासिल कर लूंगी।

# कार्तिकेयन मुरली ने रचा इतिहास, क्लासिकल चेस में मैग्नस कार्लसन को हराने वाले तीसरे भारतीय बने

**नई दिल्ली ।**
भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर कार्तिकेयन मुरली ने खास उपलब्धि हासिल की है। 24 वर्षीय मुरली ने दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल चेस में हराया है। वह ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय हैं। उनसे पहले सिर्फ पेंटाला हरिकृष्णा और विश्वनाथन आनंद ही ऐसा कर पाए थे। कार्तिकेयन ने टूर्नामेंट के सातवें दौर में जीत हासिल की, जहां उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ वह टूर्नामेंट में एसएल नारायण, जावोखिर सिंदारोव, डेविड परव्यान, अर्जुन एरिगैसी और नोदिरबेक याकुबोएव जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए, जिनमें से सभी ने 7 में से 5.5 का उल्लेखनीय स्कोर हासिल किया।

तमिलनाडु के तंजावुर के रहने वाले मुरली दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं। उन्होंने कार्लसन के खिलाफ कोई गलती नहीं की। टूर्नामेंट के छठे दौर में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ ड्रॉ के बाद उन्होंने शानदार जीत हासिल की।

चेसबेस के अनुसार, कार्तिकेयन मुरली क्लासिकल गेम में मैग्नस कार्लसन को हराने वाले तीसरे भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले भारत के पेंटाला हरिकृष्णा ने 2005 में कार्लसन को हराया था, तब कार्लसन 14 साल के थे, और विश्वनाथन आनंद कार्लसन को हराने वाले एकमात्र अन्य भारतीय खिलाड़ी थे।

प्रगनाननंदा ने भी चेस में कार्लसन को बेहद परेशान किया है।



यह भारतीय युवा खिलाड़ी कई मौकों पर कार्लसन को हरा चुका है। प्रगनाननंदा ने बेहद कम उम्र में यह कारनामा किया था। मौजूदा समय में भारतीय खिलाड़ियों ने शतरंज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और फाइड की रैंकिंग में भी यह नजर आता है।

भारत के अर्जुन और गुजराती भी लगातार अच्छा खेल दिखा रहे हैं। प्रगनाननंदा ने शतरंज विश्व कप में भी बेहतरीन खेल दिखाया था और फाइनल में पहुंचे थे। खिताबी मुकाबले में कार्लसन के खिलाफ उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया था और अंत तक दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर थी। टाई ब्रेक में भारतीय खिलाड़ी को हार झेलनी पड़ी।

# फुटबाल विश्वकप क्वालिफायर के मुकाबले में अर्जेंटीना ने पेरु को हराया, मेसी ने दागे दो गोल

**मोंटेवीडियो ।**
विश्वकप विजेता कप्तान लियोनल मेसी के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने फुटबाल विश्वकप क्वालिफायर के मुकाबले में पेरू को 2–0 से हराया। मेसी टीम के लिए यह पूरा मुकाबला खेले। 36 साल के मेसी मांसपेशियों में दर्द के कारण अपने क्लब इंटर मियामी के साथ कई मैचों से बाहर रहने के बाद फिट होकर लौटे हैं। मौजूदा विजेता टीम अर्जेंटीना को मैच को जीतने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। मेसी ने 32वें मिनट में बॉक्स के अंदर से गोल करके अर्जेंटीना का मैच में खाता खोला।

एंजो फर्नांडीज ने निको गोंजालेज को गेंद पास की और उन्होंने गेंद मेसी की तरफ आगे बढ़ा दी। फिर मेसी ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाने में कोई गलती नहीं की। फिर इसके 10 मिनट बाद ही मेसी ने एक और गोल करके टीम की बढ़त को 2–0 कर दिया। एंजो के पास पर मेसी यह गोल करने में सफल रहे। पहले हाफ में अर्जेंटीना 2–0 से आगे रहा। दूसरे हाफ के 57वें मिनट में मेसी के गोल को वीडियो रिव्यू के माध्यम से ऑफ साइड करार देकर अमान्य घोषित कर दिया गया। पेरू और



अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने मैच के बाद मेसी से मिलने के लिए मैदान में जाने की कोशिश की। विश्वकप जीतने के बाद से अर्जेंटीना की यह लगातार आठवीं जीत है। पिछले गुरुवार को मेसी पराग्वे के खिलाफ 1–0 की जीत में लगभग आधा मैच ही खेले थे। हमारा अच्छा ग्रुप है और ड्रेसिंग रूम में माहौल शानदार है। हमें एक साथ खेलने में अच्छा लग रहा है। विश्वकप जीतने के बाद हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है। टीम एकजुट है। मुझे उम्मीद है कि हम इस लय को आगे भी जारी रखेंगे। – लियोनल मेसी, कप्तान, अर्जेंटीना

### वेनेजुएला ने चिली को हराया

वेनेजुएला ने चिली को 3–0 से हराया। वेनेजुएला के लिए येफसर्न सोतेलडो (45+1वें मिनट), जोंस सॉलोमन रोंडोन (72वें मिनट), डार्विन (79वें मिनट) ने गोल दागे। चिली के मार्सेनीलो को 59वें मिनट में लाल कार्ड दिखाया गया। इससे पहले वेनेजुएला ने ब्राजील के खिलाफ 1–1 से ड्रॉ खेला। वहीं, पराग्वे ने बोलिविया को 1–0 से हरा दिया।

## पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले को लेकर तैयार हैं ज़म्पा

**बेंगलुरू ।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम ज़म्पा पाकिस्तान के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मुकाबले के लिए तैयार हैं। ज़म्पा को उम्मीद है कि वह इस मैच में अपनी स्पिन से पाक बल्लेबाजों पर अंकुख लगाने में सफल होंगे। जम्पा का अब तक का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट ऑस्ट्रेलिया को पहली जीत दिलायी थी। इस जीत के साथ ही लगातार हार से उबरते हुए अंक तालिका में सबसे नीचे से आठवें स्थान पर पहुंच गया। जम्पा ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी योजनाओं को भी बताया है। ज़म्पा ने कहा, मुझे बस अपना विकेट लेने का यही रवैया बरकरार रखना है क्योंकि यही मेरे लिए काम करता है, चाहे मैं रन बनाऊं या नहीं। उन्होंने कहा, हमें पाक के खिलाफ अगला कठिन मुकाबला खेलना है पर मैं अपने लिए चीजें समान रखने की कोशिश करूंगा। इस विश्व कप में जम्पा का गेंद के साथ अब तक का सफर अच्छा नहीं रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल एक विकेट लिया और भारत के खिलाफ उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। श्रीलंका के खिलाफ गेंद के साथ उनके प्रदर्शन में कुछ सुधार हुआ और ऑस्ट्रेलिया का अभियान पटरी पर आ गया। 31 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा, मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। मुझे पिछले कुछ दिनों से पीठ की जकड़न से परेशानी हो रही थी, इसलिए यह बस उससे उबरने की कोशिश करने के बारे में था। मेरे पास ऐसे दिन हैं जब मैंने बेहतर महसूस किया और बेहतर गेंदबाजी की। व्यक्तिगत रूप से, मैं जानता हूं कि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं हूं पर श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले से मेरा प्रदर्शन बेहतर है।



# यूं शुरू हुई विश्व प्रसिद्ध दुर्गा पूजा



दुर्गा पूजा आज विश्व प्रसिद्ध है, यह तो सभी जानते हैं, लेकिन इस उत्सव की शुरुआत कब हुई, इस बारे में बहुत कम लोगों को ही ज्ञात है। अविभाजित बंगाल में दुर्गा पूजा की शुरुआत 16वीं शताब्दी के अंत में वर्ष 1576 में हुई थी। जहां पूजा हुई वह वर्तमान में बांग्लादेश है। बांग्लादेश के ताहिरपुर में एक राजा कंस नारायण हुआ करते थे। कहा जाता है कि उन्होंने ही सर्वप्रथम अपने गांव में देवी दुर्गा की पूजा की शुरुआत की थी। इसके बाद कोलकाता में दुर्गा पूजा पहली बार 1610 में बड़िशा (बेहला साखेर का बाजार क्षेत्र) के राय चौधरी परिवार ने आयोजित की थी। तब कोलकाता शहर नहीं एक गांव था, जिसका नाम था कोलिकाता। इसके कुछ वर्ष बाद कोलकाता के उस इलाके में देवी दुर्गा की आराधना व पूजा की गई, जिसे आज शोभा बाजार के नाम से जाना जाता है। इतिहासविदों का मत है कि कोलकाता के शोभा बाजार राजबाड़ी में सबसे पहले आश्विन शुक्ल पक्ष को नवरात्रि पर दुर्गा पूजा आयोजित की गई। इसके बाद बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर के प्रसिद्ध राज परिवार की दुर्गा पूजा की शुरुआत हुई। तब से साल-दर-साल दुर्गा पूजा आयोजकों की संख्या में वृद्धि होती गई। कालक्रम में दुर्गा पूजा की भव्यता बढ़ती गई, जिसका परिणाम है कि बीते वर्ष यूनेस्को द्वारा बंगाल की दुर्गा पूजा को विश्व विरासत का दर्जा दिया गया। इतिहासविदों के अनुसार राजा कंस नारायण ने अपनी प्रजा की समृद्धि और अपने राज्य विस्तार के लिए अश्वमेध यज्ञ के बारे में सोचा और इस बात की चर्चा अपने कुल पुरोहितों से की। कहा जाता है कि अश्वमेध यज्ञ की बात सुनकर राजा कंस नारायण के पुरोहितों ने कहा कि अश्वमेध यज्ञ कलियुग में नहीं किया जा सकता। इसे भगवान राम ने सतयुग में किया था। कलियुग में अश्वमेध यज्ञ की जगह दुर्गा पूजा की जा सकती है। तब पुरोहितों ने उन्हें दुर्गा पूजा की महिमा के बारे में बताया। पुरोहितों ने बताया कि कलियुग में शक्ति की देवी महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा की पूजा करें। जो सभी को सुख-समृद्धि, ज्ञान और शक्ति प्रदान करती हैं। इसके बाद राजा ने धूमधाम से मां दुर्गा की पूजा की। तब से आज तक बंगाल में दुर्गा पूजा का सिलसिला चल पड़ा। नवरात्रि महा षष्ठी के दिन मां दुर्गा का बोध होता है। इसमें मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है। महासप्तमी के दिन नवपत्रिका पूजा होती है। इस नवपत्रिका पूजा में धान, हल्दी का पेड़, जयंती, अशोक, अनार की डाली, बेल की डाली आदि को केले के पेड़ के साथ बांधकर पूजा की जा जाती है। उसके बाद गंगा में स्नान करवाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि नवपत्रिका पूजा मां दुर्गा के 9 रूपों की प्रकृति की शक्ति स्वरूपा पूजा है। उसके बाद महाअष्टमी व महानवमी की पूजा होती है। दशमी के दिन पारम्परिक रूप में माता दुर्गा का विसर्जन होता है।

## नवरात्रि पर देवी दुर्गा को प्रसन्न करने की कुछ महत्वपूर्ण बातें

नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की उपासना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष माना गया है। आश्विन प्रतिपदा तिथि से नवमी तिथि तक देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि में लोग लगातार नौ दिनों तक उपवास रखते हैं और साधना करते हैं। नवरात्रि पर सभी मंदिरों में मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार करते हुए उनकी पूजा होती है। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की आराधना करते हुए कलश स्थापना की जाती है। नवरात्रि से पहले घर की साफ-सफाई और सजावट की जाती है। शास्त्रों में नवरात्रि पर्व के दौरान देवी दुर्गा की पूजा-आराधना और साधना के लिए कुछ नियम बताए गए हैं जिनका पालन करते हुए ही मां शक्ति की पूजा करनी चाहिए। आइए जानते हैं नवरात्रि पर क्या करना चाहिए और क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

नवरात्रि पर क्या करें : नवरात्रि पर्व पर मन को शांत और एकाग्र करने के लिए नौ दिनों तक व्रत रखते हुए देवी की साधना करनी चाहिए। व्रत रखने से मन की शुद्धि के साथ तन की साफ-सफाई भी हो जाती है। व्रत रखने से मन में हमेशा अच्छे विचार आते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के त्योहार पर मां दुर्गा स्वर्गलोक से उतरकर 9 दिनों तक पृथ्वी पर आती हैं। इस कारण से नवरात्रि के नौ दिन तक देवी के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने का विधान होता है। नवरात्रि पर व्यक्ति को नौ दिनों तक मां का विशेष श्रृंगार, भोग और पूजा सामग्री अर्पित करना चाहिए। मान्यता है कि नवरात्रि के दिनों में देवी दुर्गा जल्द प्रसन्न होती है। ऐसे में देवी कृपा प्राप्त करने के लिए नवरात्रि के हर दिन मंदिर जाकर देवी की उपासना और दर्शन करना चाहिए। नवरात्रि पर हर दिन मां दुर्गा की पूजा उपासना करते हुए उन्हें जल जरूर अर्पित करें। नवरात्रि पर कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाला नवरात्रि पर्व आरंभ हो जाता है। नवरात्रि पर नौ दिनों तक अखंड ज्योति जलाने का विशेष महत्व होता है। शुद्ध गाय के घी से जहां पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हुई हो वहां पर अखंड ज्योति जलाते हुए पूजा करनी चाहिए। नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी पूजा करने का विशेष महत्व होता है। क्योंकि अष्टमी तिथि मां दुर्गा को समर्पित होती है। इसी के साथ नवमी तिथि पर भी विशेष पूजा आराधना करना चाहिए। अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन और उन्हें भोजन करवाने का विशेष महत्व होता है।

## नवरात्रि से जुड़ी ये खास बातें

हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। नवरात्रि की शुरुआत आश्विन मास की शुक्ल प्रतिपदा तिथि से होती है। इस साल शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 15 अक्तूबर, 2023 से हो रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा ने महिषासुर नामक का वध किया जाता और उसी का जश्न मनाने के लिए नवरात्र मनाए जाते हैं। नवरात्र शब्द नव और अहोरात्र से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है कि इन रात्रियों में प्रकृति के बहुत सारे अवरोध समाप्त हो जाते हैं। इसलिए इन रात्रियों को बहुत ही पवित्र माना गया है। यह माना जाता है कि इन रात्रियों में किए गए शुभ संकल्प पूरे होते हैं। साल में 4 नवरात्रि आती है, जिसमें चैत्र, आषाढ़, आश्विन, पौष और चैत्र नवरात्रि शामिल है।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**